# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बृहस्पतिवार, 9 जुलाई, 2026 | वर्ष -01 | अंक-143 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


# ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप के लिए जमीन खरीदेगी सरकार

## सम्राट कैबिनेट में 22 एजेंडों पर लगी मुहर




**पटना (एनएसबी)।** सीएम सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 22 एजेंडों पर मुहर लगी है। पटना, सोनपुर, गया और मुजफ्फरपुर में बनने वाली ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप के लिए सरकार जमीन खरीदेगी, ताकि सड़क, पानी, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जा सके। पटना एम्स का भी विस्तार किया जाएगा। इसके लेकर राज्य सरकार जमीन अधीग्रहण करेगी।

**सरकारी भवनों पर रूफटॉप सोलर प्लांट लगेंगे :** बैठक में किसानों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने और फसलों का डिजिटल सर्वे कराने के लिए डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत 154 करोड़ रुपए की योजना को मंजूरी दी गई है। राज्य सरकार अगले 5 साल यानी साल 2030 तक सभी सरकारी भवनों की छतों पर 500 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने की मंजूरी दी है। इसके अलावा भागलपुर के विक्रमशिला सेतु पर बेली ब्रिज, नया सस्पेंडेड स्लैब और पूरे पुल की मरम्मत के लिए 126.25 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई।

### पटना एम्स के विस्तार के लिए जमीन लेगी सरकार

पटना एम्स के विस्तार के लिए दानापुर के भुसौला में 26.76 एकड़ जमीन अधिग्रहित की जाएगी। इस पर 348.90 करोड़ रुपए खर्च करने की मंजूरी दी गई। मनरेगा के तरह विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) योजना का निष्पक्ष और पारदर्शी सामाजिक अंकेक्षण (सोशल ऑडिट) कराने के लिए सामाजिक अंकेक्षण सोसाइटी को अधिकृत किया गया। इससे योजनाओं की निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी।

**निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को मिलेगा मानदेय :** राज्य के 1,351 सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को वोटर लिस्ट पुनरीक्षण और तैयारी के काम के लिए हर साल 25 हजार रुपए मानदेय दिया जाएगा। इसको लेकर सरकार ने 3.37 करोड़ रुपए खर्च करने की मंजूरी दी है। राज्य के 243 निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को अब हर साल 30 हजार रुपए मानदेय मिलेगा। इसके लिए सरकार ने 72.90 लाख रुपए खर्च करने की मंजूरी दी है। वहीं राज्य के 10 सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में एमटेक की पढ़ाई के लिए 76 नए शिक्षकों के पद (प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर) सृजित करने की मंजूरी दी गई।

**बंद पड़ी मोतीपुर चीनी मिल की जमीन लेगी सरकार :** मुजफ्फरपुर के मोतिपुर में बंद पड़ी चीनी मिल की 266 एकड़ जमीन वापस लेने के लिए सरकार इंडियन पोटाश लिमिटेड को 63.39 करोड़ रुपए का भुगतान करेगी। राज्य में मछली पालन और जलीय कृषि को बढ़ावा देने के लिए बिहार एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड नाम से नई सरकारी कंपनी बनाने की मंजूरी दी गई है।

## बांकीपुर उपचुनाव : भाजपा प्रत्याशी अभिषेक बंटी आज करेंगे नामांकन

### आज पटना पहुंचेंगे नितिन नवीन, नॉमिनेशन में होंगे शामिल



**पटना (एनएसबी)।** राजधानी के हॉट सीट बांकीपुर विधानसभा का उपचुनाव में दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल रहा है। भाजपा ने युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार बंटी को अपना उम्मीदवार बनाया है। अभिषेक कायस्थ जाति से आते हैं और नितिन नवीन के करीबी माने जाते हैं। अभिषेक गुरुवार को नामांकन करेंगे। नॉमिनेशन में बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन भी शामिल होंगे। वे 2 दिवसीय दौरे पर पटना पहुंच रहे हैं।

**पीके ने झोंकी ताकत, लगा झटका :** वहीं जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर पहले ही चुनावी मैदान में उतर चुके हैं। पीके ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। वो रोजाना 7 घंटे जनसंपर्क कर रहे हैं। बुधवार को भी पीके ने बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 35 एवं 29 में पदयात्रा कर लोगों से जनसंपर्क किया। पदयात्रा की शुरूआत उन्होंने चिरैयाटांड़ दुर्गा मंदिर से की। वहीं जन सुराज को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के नेता बिट्टू सिंह ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने बीजेपी को समर्थन देने की घोषणा की है। इधर, राजद ने रेखा कुमारी गुप्ता को उम्मीदवार बनाया है। हालांकि, रेखा गुप्ता की उम्मीदवार को लेकर पार्टी के अंदर ही खींचतान शुरू हो गई है। वहीं राजद के इस फैसले से कांग्रेस भी नाराज बताई जा रही है। बता दें बांकीपुर सीट बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के राज्यसभा सांसद बनने के बाद खाली हुई है। इस सीट पर उपचुनाव के लिए 13 जुलाई तक नॉमिनेशन होगा। जबकि 30 जुलाई को वोटिंग होगी। नतीजे 3 अगस्त को आएंगे।

## भाजपा प्रत्याशी अभिषेक सिन्हा ने नीतीश से की शिष्टाचार मुलाकात



**पटना (एनएसबी)।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी अभिषेक कुमार सिन्हा ने आज पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, जदयू कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा भी उपस्थित रहे। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अभिषेक सिन्हा को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए आगामी उपचुनाव में प्रचंड विजय के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अग्रिम जीत की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की भी कामना की।

## देश के सभी हवाई अड्डों पर लगेगी ATRS : शाह

### 2027 तक सभी राज्यों में एफआरआरओ कार्यालय



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने बुधवार को देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और आव्रजन प्रणाली की समीक्षा की। बैठक में यात्रियों की आवाजाही को अधिक सुगम, सुरक्षित और आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो (आईबी) के निदेशक, नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के महानिदेशक, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के अध्यक्ष तथा गृह एवं नागरिक उड्डयन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अमित शाह ने निर्देश दिया कि देश के सभी हवाई अड्डों पर स्वचालित एक्स-रे ट्रे रिटर्न प्रणाली (एटीआरएस) को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाए, जिससे मानव संसाधन की आवश्यकता कम होगी और सुरक्षा जांच की प्रक्रिया अधिक तेज एवं प्रभावी बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि नए हवाई अड्डों में इस प्रणाली की स्थापना के लिए उपयुक्त मानक निर्धारित किए जाएं। गृह मंत्री ने कहा कि हवाई अड्डों पर प्रवेश द्वार, चेक-इन काउंटर, सुरक्षा जांच लेन और आप्रवासन काउंटर जैसी सभी प्रक्रियाओं को एकीकृत करते हुए व्यापक ढांचा तैयार किया जाए, ताकि किसी भी स्तर पर यात्रियों की आवाजाही बाधित न हो। उन्होंने बताया कि प्रत्येक टच-पॉइंट के लिए समन्वित योजना तैयार की गई है, जिससे यात्रियों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी। शाह ने निमार्णाधीन 21 हवाई अड्डों तथा विकास के लिए चिन्हित 41 अन्य हवाई अड्डों को यात्री यातायात के आधार पर प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी 62 हवाई अड्डों पर विकास कार्य अगले दो वर्षों में पूरा किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सुरक्षा मानकों से कोई समझौता न हो तथा व्यावसायिक क्षेत्र निर्धारित मानकों के भीतर रहें।

## पीएमसीएच में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल खत्म

**पटना (एनएसबी)।** पीएमसीएच में बुधवार दोपहर पीएमसीएच जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने हड़ताल तत्काल प्रभाव से वापस ले लिया है। स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टरों की प्रमुख मांगों पर कार्रवाई का भरोसा दिया। स्वास्थ्य विभाग से सकारात्मक वार्ता हुई है। पीजी रेजिडेंट डॉक्टरों के स्टाइपेंड और सीनियर रेजिडेंट के वेतन संशोधन का प्रस्ताव इसी सप्ताह वित्त विभाग को भेजा जाएगा। अन्य मांगों के समाधान अगले एक महीने में करने का आश्वासन दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने भी कहा कि उनकी मांगों पर हम काम करेंगे और जल्द बैठक कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस आश्वासन के बाद जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने मरीजों के हित और जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हड़ताल समाप्त करने का फैसला लिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने बुधवार सुबह पीएमसीएच अधीक्षक को विभाग बुलाकर पूरे मामले की जानकारी ली। इस बैठक के बाद निशांत कुमार ने कहा कि अभी मैंने जानकारी ली है। जूनियर डॉक्टरों की मांगों को लेकर बात हुई है। उनकी कुछ मांग है। पीजी स्टूडेंट्स और सीनियर रेजिडेंट का स्टाइपेंड बढ़ाने की बात है। हमने कहा है कि हम उस पर काम करेंगे। उन्होंने बोला है कि दोनों पक्ष मान गए हैं।

## 2027 में नीट परीक्षा 6 दिन चलेगी, कम्प्यूटर बेस्ड होगी



**1000 से ज्यादा परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे, पेपर लीक विवाद के बाद बदलाव की तैयारी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2027 में कम से कम छह दिन चलेगी। यह पूरी तरह कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट मोड में कराई जाएगी। परीक्षा के लिए देश भर में 1 हजार से ज्यादा परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। नीट पेपर लीक विवाद के बाद यह बदलाव किए जा रहे हैं।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी हर साल मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए नीट आयोजित करता है। अभी तक यह परीक्षा पेन-पेपर मोड में होती रही है। नीट-यूजी में हर साल करीब 25 लाख कैंडिडेट्स हिस्सा लेते हैं। मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा की नई योजना अभी तैयार की जा रही है। इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई की तरह नीट भी अलग-अलग दिनों में आयोजित होगी। नीट में यह बदलाव 2024 में पेपर लीक और अन्य गड़बड़ियों के विवाद के बाद सामने आया है। इसके बाद केंद्र सरकार ने घोषणा की थी कि नीट-यूजी अब पेन-पेपर की बजाय सीबीटी मोड में कराई जाएगी। शिक्षा और स्वास्थ्य मंत्रालय के बीच कई वर्षों से इस बदलाव पर चर्चा चल रही थी, लेकिन परीक्षा सुधारों की प्रक्रिया पेपर लीक विवाद के बाद तेज हुई।

### सूबे में पिछड़ा-अति पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए नई योजनाओं की घोषणा

## TRI-4 से 478 शिक्षकों की होगी नियुक्ति



**पटना (एनएसबी)।** बिहार सरकार के पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की मंत्री रमा निषाद ने बुधवार को विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, शिक्षक नियुक्ति, छात्रवृत्ति और छात्र कल्याण से जुड़ी नई पहलों की जानकारी दी। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए कई नई योजनाएं शुरू करने जा रही है। मंत्री ने बताया कि टीआरई-4 के तहत विभाग द्वारा संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस-टू उच्च विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुल 478 रिक्त पदों पर नियुक्ति की अधियाचना भेजी गई है। इनमें उच्च माध्यमिक शिक्षक (पीजीटी) के 230, माध्यमिक शिक्षक (टीजीटी) के 129, प्रारंभिक शिक्षक (कक्षा छठी से आठवीं) के 103 तथा प्रधानाध्यापक के 16 पद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विभाग जल्द ही 'मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग अभ्युदय योजना' शुरू करेगा। इस योजना के तहत मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतिष्ठित संस्थानों के माध्यम से जेईई, नीट, क्लैट, निफ्ट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा विदेशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों को भी वित्तीय अनुदान देने का प्रावधान किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### तमिलनाडु के सीएम थलपति विजय आएंगे पटना



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना की बांकीपुर सीट पर होने वाले आगामी उपचुनाव को लेकर सियासी पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। जन सुराज के सूत्रधार और मशहूर चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने आखिरकार खुद चुनावी मैदान में उतरकर बांकीपुर से ताल ठोक दी। इस चुनावी रण को जीतने के लिए पीके ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।अब सियासी गलियारों से एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। खबर है कि प्रशांत किशोर के चुनावी अभियान को धार देने के लिए दक्षिण भारतीय सिनेमा के दिग्गज सुपरस्टार और तमिलनाडु के मौजूदा मुख्यमंत्री विजय थलपति खुद पटना आ सकते हैं।

### अभिनेता राजेश शर्मा अस्पताल में भर्ती



**मुंबई।** फिल्म 'तनु वेड्स मनु' और वेब सीरीज पाताल लोक में नजर आ चुके अभिनेता राजेश शर्मा की तबीयत अचानक खराब होने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, रामोजी फिल्म सिटी में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान किसी कीड़े के काटने से उन्हें गंभीर संक्रमण हो गया। अभिनेत्री सुदीपा चटर्जी ने बताया कि अभिनेता तेज बुखार, संक्रमण और सांस लेने में तकलीफ से जूझ रहे हैं।

### शोपियां मुठभेड़ में लश्कर कमांडर जाकिर गनी मारा गया

**शोपियां।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को बताया कि दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के चनापोरा इलाके में चल रहे आतंकवाद-विरोधी ऑपरेशन में लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर जाकिर गनी मारा गया है जबकि एक और आतंकवादी के छुपे होने की आशंका है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जाकिर पिछले पांच दिनों से अपने साथी के साथ मुठभेड़ में फंसा हुआ था।

### राहुल गांधी का पटना दौरा फिलहाल रद्द



**पटना।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का प्रस्तावित पटना दौरा फिलहाल रद्द कर दिया गया है। 15 जुलाई को आयोजित होने वाला छात्र सम्मेलन अब नहीं होगा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने इसके पीछे बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के चलते लागू आचार संहिता को आधिकारिक वजह बताया है। हालांकि पार्टी के अंदर कार्यक्रम रद्द होने के अन्य कारणों को लेकर भी चर्चाएं चल रही हैं। जानकारी के अनुसार, छात्र सम्मेलन पहले 11 जुलाई को प्रस्तावित था।

### खान सर की अग्रिम जमानत पर फैसला कल



**पटना।** पटना सिविल कोर्ट ने चर्चित कोचिंग विवाद से जुड़ी गोलीबारी के मामले में आरोपित शिक्षक फैसल खान उर्फ खान सर और उनके दोनों बॉडीगार्ड्स की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी करने के बाद बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अदालत इस मामले में 10 जुलाई को अपना आदेश सुनाएगी। जिला जज की अदालत में दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद सुनवाई समाप्त हुई। अदालत ने अभियोजन और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखने का आदेश दिया।

## ईरान-अमेरिका सीजफायर खत्म ट्रम्प बोले-बड़ा हमला करेंगे

**वाशिंगटन/तेहरान (एजेंसी)।** अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर खत्म हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को नाटो समिट के दौरान कहा कि अमेरिका आज रात ईरान पर फिर से बड़े हमले कर सकता है। उन्होंने इससे पहले कहा था कि अब वह ईरान से कोई डील नहीं करना चाहते। हमने कल रात उन पर बहुत जोरदार हमला किया था और संभव है कि आज रात फिर से हमला करें। ईरान मिडिल ईस्ट में दबाव बनाता रहा है, लेकिन अब ऐसा नहीं रहेगा।

अमेरिका ने मंगलवार देर रात ईरान के 80 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक यह कार्रवाई होर्मुज में जहाजों पर हुए हमलों के जवाब में की गई।दरअसल, ईरान ने मंगलवार को होर्मुज में तीन जहाजों को निशाना बनाया था। ईरान ने बताया कि यह हमले इसलिए किए गए क्योंकि होर्मुज से कमर्शियल जहाज उनके बताए रास्तों से नहीं गुजर रहे थे।

## इंडोनेशिया यात्रा से रक्षा, डिजिटल नवाचार व एआई सहित कई क्षेत्रों में सहयोग के नए द्वार खुले : मोदी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि उनकी यात्रा ने भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा एवं सुरक्षा, समुद्री सहयोग, उभरती प्रौद्योगिकियों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डिजिटल नवाचार और क्षमता निर्माण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर खोले हैं।

उन्होंने कहा कि यह यात्रा दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली साबित हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने इंडोनेशिया की अपनी राजकीय यात्रा समाप्त होने पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि वह भारत-इंडोनेशिया साझेदारी के भविष्य को लेकर प्राप्त उपलब्धियों से अत्यंत संतुष्ट हैं। उन्होंने इंडोनेशिया की जनता और राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों देशों के संबंधों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रपति सुबियांतो ने विशेष आत्मीयता और व्यक्तिगत प्रतिबद्धता दिखाई। मोदी ने कहा कि इस यात्रा के दौरान रक्षा एवं सुरक्षा, समुद्री सहयोग, महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल नवाचार तथा क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए द्वार खुले हैं, जिससे दोनों देशों के संबंध और अधिक व्यापक तथा भविष्य उन्मुख बनेंगे। इस बीच, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भी प्रधानमंत्री की यात्रा को अत्यंत सफल बताया। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इंडोनेशिया की राजकीय यात्रा संपन्न कर अपनी तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण के लिए मेलबर्न रवाना हो गए हैं। उन्होंने बताया कि विशेष मित्रता के संकेत के रूप में राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो स्वयं हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री को विदा करने पहुंचे। जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की इंडोनेशिया यात्रा से दोनों देशों के बीच सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में महत्वपूर्ण परिणाम हासिल हुए हैं।

### ऑस्ट्रेलिया में सीईओ फोरम में हिस्सा लेंगे पीएम

पीएम मोदी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वहां के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात करेंगे। दोनों के बीच द्विपक्षीय वार्ता होगी। मोदी की यह यात्रा पीएम अल्बनीज के निमंत्रण पर हो रही है। उनका यह तीसरा ऑस्ट्रेलिया दौरा है। पीएम मोदी ऑस्ट्रेलिया की गवर्नर-जनरल सैम मोस्टिन से भी मुलाकात करेंगे। इसके बाद भारत-ऑस्ट्रेलिया सीईओ फोरम में हिस्सा लेंगे और दोनों देशों के प्रमुख कारोबारियों को संबोधित करेंगे। साथ ही, भारतीय समुदाय के एक बड़े कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

## पुणे-दिल्ली में इमारत ढहीं कई लोग दबे, रेस्क्यू जारी



**पुणे (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के पुणे में बुधवार को भारी बारिश के कारण कचरे का पहाड़ 3 मंजिला इमारत पर गिर गया, जिससे कचरा प्रबंधन की बिल्डिंग ढह गई। हादसे में 16 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। दिल्ली के रोहिणी में भी एक निमार्णाधीन बिल्डिंग गिर गई। पुणे के खंडाला में भारी बारिश के बीच लैंडस्लाइड से एक सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई, जबकि उसका साथी अब भी लापता है। उधर, गुजरात के सूरत में 36 घंटे में 19 इंच तक बारिश हुई, जिससे 85 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। जुलाई 1941 में 18 इंच बारिश हुई थी सूरत में हुई रिकॉर्ड 19 इंच बारिश से तीन दिनों में अलग-अलग हादसों में 19 लोगों की मौत हो चुकी है। करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है।

## खबरें : एक नजर में

### प्रशांत किशोर ने पदयात्रा कर लोगों से जनसंपर्क किया



जनसंपर्क करते प्रशांत किशोर।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जन सुराज के सूत्रधार एवं बांकीपुर उपचुनाव के प्रत्याशी प्रशांत किशोर ने बुधवार को बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 35 एवं 29 में पदयात्रा कर लोगों से जनसंपर्क किया। पदयात्रा की शुरुआत सुबह चिरैयाटांड़ दुर्गा मंदिर से हुई और यह जेजे मार्केट, लाल मार्केट, प्रिंस मार्केट, आनंद पब्लिक स्कूल, मारुति नगर, खास महल मोड़, राम नगर, पोस्टल पार्क चौराहा, चांदमारी रोड, तारकेश्वर पथ होते हुए एडीएफसी बैंक के समीप समाप्त हुई।

### 22 जुलाई को लंदन से उठेगा सैमसंग के नए गैलेक्सी डिवाइस से पर्दा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** सैमसंग इलेक्ट्रनिक्स 22 जुलाई को ब्रिटेन की राजधानी लंदन, जो कि दुनिया के प्रमुख ट्रेंडसेटर शहरों में शामिल है, में अपने बहुप्रतीक्षित गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट का आयोजन करेगा। इस दौरान कंपनी अपनी गैलेक्सी सीरीज के नए डिवाइस पेश करेगी, जिन्होंने फोल्डेबल स्मार्टफोन श्रेणी को नई पहचान दी है। कंपनी के अनुसार, नई पीढ़ी के गैलेक्सी डिवाइस उन्नत एआई क्षमताओं और नए डिजाइन के साथ आएंगे, जो उपयोगकर्ताओं को पहले से अधिक व्यक्तिगत, स्मार्ट और सहज अनुभव देंगे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण 22 जुलाई को शाम 6 : 30 बजे (भारतीय समयानुसार) सैमसंग न्यूजरूम इंडिया और सैमसंग के यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा। इच्छुक ग्राहक रजिस्ट्रेशन कर गैलेक्सी अनपैक्ड जुलाई 2026 से पहले मिलने वाले विशेष ऑफर, टीजर, ट्रेलर और अन्य अपडेट प्राप्त कर सकते हैं।

### अभियोजन पदाधिकारी पीटी परीक्षा के लिए बृहस्पतिवार से ई एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं अभ्यर्थी

**पटना/ एनएसबी।** बीपीएससी के परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक विज्ञापन संख्या-13/2026, अभियोजन पदाधिकारी प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा-15 जुलाई को पटना, भोजपुर, मुजफ्फरपुर, भागलपुर एवं नालंदा जिला स्थित 81 (इक्यासी) परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगीः- उक्त परीक्षा के लिए 9 जुलाई से प्रवेश पत्र (ई एडमिट कार्ड) डाउनलोड करने की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। अभ्यर्थी आयोग के वेबसाईट पर जाकर अपने अकाउंट में यूजर नेम एवं पासवर्ड के द्वारा लगिन करें। फिर माय एकाउंट जाकर संबंधित विज्ञापन के व्यू बटन पर क्लिक करके एडमिट कार्ड के सामने व्यू डाउनलोड विकल्प पर क्लिक करते हुए अपना ई एडमिट कार्ड डाउनलोड करेंगे।

# गंगा बाबू सौम्यता और सरलता की प्रतिमूर्ति हैं : सम्राट चौधरी

**बोले- बिहार भाजपा के विस्तार में उनका योगदान अतुलनीय**

**89वें जन्मोत्सव पर विशेष अभिनंदन समारोह में जुटे एनडीए के नेता, शतायु होने की दीं शुभकामनाएं**

दैनिक नवसंदेश



मेघालय और सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद के 89वें जन्मोत्सव पर अभिनंदन करते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी।

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि जनसंघ व भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक गंगा बाबू का पूरा जीवन सौम्यता और सरलता का प्रतीक है। बिहार भाजपा के विस्तार में उनके अतुलनीय योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

मुख्यमंत्री बुधवार को मेघालय और सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद के 89वें जन्मोत्सव पर विधानसभा के विस्तारित भवन के सभागार में आयोजित विशेष अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने गंगा बाबू को शॉल और स्मृति चिन्ह से सम्मानित कर उनकी लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान पूर्व राज्यपाल थोड़े भावुक दिखे। समारोह में भाजपा के अलावा एनडीए के घटक दलों के प्रमुख नेता भी मौजूद रहे।

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि गंगा बाबू का सामाजिक व राजनैतिक जीवन संघर्षमय रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने कहा कि आपातकाल के दौरान सभी चुनौतियों का उन्होंने निर्भीकता से सामना किया।

समारोह को विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल, श्रेयसी सिंह, सुनील कुमार, संजय टाइगर, लेसी सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार, अरुण शंकर प्रसाद, केदार प्रसाद गुप्ता, पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी ने भी अपने संबोधन में गंगा बाबू के शतायु होने की कामना की।

मौके पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, पूर्व विधान पार्षद प्रो. किरण घई, पटना नगर निगम की उप महापौर रेशमी चन्द्रवंशी के साथ-साथ कई नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और सैकड़ों प्रबुद्धजन भी शामिल हुए।

वक्ताओं ने आर्य समाज के प्रति गंगा बाबू के समर्पित भाव की चर्चा करते हुए कहा कि चार पीढ़ियों से यह परिवार आर्य समाज के सिद्धांत को लेकर अडिग रहा है।

समारोह में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने शामिल होकर उनके मंगलमय जीवन की कामना की।

धन्यवाद ज्ञापन गंगा बाबू के बड़े पुत्र अरुण कुमार ने किया। आगत अतिथियों का स्वागत विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक सह दीघा के विधायक डा. संजीव चौरसिया ने किया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और समापन राष्ट्रगीत वंदे मातरम् से हुई। समारोह का आयोजन मुन्दर साह फाउंडेशन के तत्वावधान में किया गया।

### पटना नगर निगम के सभी वार्डों में प्रतिदिन दो पालियों में फॉगिंग एवं एंटी-लार्वा का डोर-टू-डोर छिड़काव अभियान जारी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** वर्षा के दौरान डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया सहित अन्य मच्छरजनित एवं जलजनित बीमारियों के संभावित प्रसार को रोकने के उद्देश्य से पटना नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में प्रतिदिन दो पालियों में व्यापक स्तर पर फॉगिंग एवं एंटी-लार्वा का डोर-टू-डोर छिड़काव अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान पूरे नगर निगम क्षेत्र में निर्धारित माइक्रो प्लान एवं रोस्टर के अनुसार नियमित रूप से चलाया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा केवल आवासीय के साथ साथ सार्वजनिक स्थलों, व्यावसायिक परिसरों तथा संभावित मच्छर प्रजनन स्थलों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अभियान के तहत मल, बाजार, कार्यालय परिसर, अपार्टमेंट, खुले प्लाट, निर्माणाधीन स्थल, खुले एवं बंद नाले, जलजमाव वाले क्षेत्र तथा अन्य संवेदनशील स्थानों पर प्राथमिकता के आधार पर फगिंग एवं एंटी-लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त नगर निगम द्वारा ठोस अपशिष्ट (जीवीपी) हटाने के उपरांत संबंधित स्थलों पर संक्रमण की रोकथाम एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चूना-ब्लीचिंग सहित अन्य कीटाणुनाशक रसायनों का भी नियमित छिड़काव कराया जा रहा है।

पटना नगर निगम क्षेत्र के सभी अंचलों में फगिंग अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए कुल 58 वाहन-माउंटेड फॉगिंग मशीनें उपलब्ध हैं।

### पटना हाई कोर्ट के अधिवक्ता एवं भाकपा के वरिष्ठ नेता रहे का. देवेंद्र प्रसाद का हुआ निधन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता व पटना हाई कोर्ट के वरीये अधिवक्ता का. देवेंद्र प्रसाद का निधन हो गया। वो इधर कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। देवेंद्र प्रसाद के निधन की खबर सून पार्टी कार्यकर्ताओं एवं अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ पड़ी। पार्टी जिला कार्यालय काजीपुर का झंडा झुका दिया गया। देवेंद्र प्रसाद 1965 के छात्र में आंदोलन से प्रभावित हो एआईएसएफ के माध्यम से 1972 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े थे। उसके बाद गरीबों व मजदूर वर्ग के हित के लिए आजीवन पार्टी की सदस्यता को कायम रखा और पार्टी के लिए सक्रिय रहे। वे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के अधिवक्ता बांच के सचिव एवं जिला परिषद के सदस्य रहे थे। उन्होंने गरीबों को न्याय के लिए वकालत का पेशा चुना और भूमिहीनों के पक्ष के लिए कोर्ट से कई फैसले करवाये थे। उनके निधन की खबर सून पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य का़ रामलला सिंह, जिला सचिव विश्वजीत कुमार, पूर्व पार्षद मोहन प्रसाद, हाई कोर्ट लायर्स एसोशिएशन के अध्यक्ष उमाशंकर, हाई कोर्ट के वरीये अधिवक्ता लक्ष्मीकांत तिवारी, अधिवक्ता ब्रांच के सचिव का़ रामजीवन सिंह, पूर्व सचिव उदय प्रताप सिंह, सह सचिव अशोक कुमार, शगुफ्ता रशीद,, एटक पटना जिला महासचिव कौशलेंद्र कुमार वर्मा, जिला सचिवमंडल सदस्य का़ देवरत्न प्रसाद, नगर निगम कर्मचारियों के नेता जितेंद्र कुमार, राजकुमार मेहता आदि उनके घर पर जा लाल झंडा दे, कामरेड देवेंद्र प्रसाद को लाल सलाम, का़ देवेंद्र प्रसाद अमर रहेंगे एवं जब तक सूरज चांद रहेगा का़ देवेंद्र प्रसाद का नाम रहेगा आदि नारों के साथ अंतिम बिदाई दी गई।

### जन आरोग्य समिति का गठन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** नन्द नगर में जन आरोग्य समिति का गठन सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। इस अवसर पर नव-मनोनीत सदस्यों की उपस्थिति में समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई, जिसमें जन आरोग्य समिति के उद्देश्य, दायित्व, कार्यप्रणाली एवं स्वास्थ्य संस्थान में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक के दौरान जन आरोग्य समिति को सामुदायिक सहभागिता का एक सशक्त मंच बताते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, स्वास्थ्य संस्थान की आवश्यकताओं की पहचान, स्थानीय समस्याओं के समयबद्ध समाधान, जन-जागरूकता गतिविधियों के संचालन तथा विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में समिति की सक्रिय भूमिका पर विशेष बल दिया गया।

# पटना पुलिस की गश्ती व्यवस्था पर सवालिया निशान

**पटना जंक्शन से युवक को अगवा कर के गए आठ बदमाश**

**सीसीटीवी में युवक को घसीटकर ले जाते दिखे बदमाश**

**बरामदगी की मांग को लेकर परिजनों ने किया उग्र प्रदर्शन**

**पटना / एनएसबी।** राजधानी में अपराधियों के बढ़ते दुस्साहस ने एक बार फिर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। युवक की अपहरण की घटना ने पटना पुलिस की गश्ती और प्रभावी बंदोबस्त को सवालों के घेरे में ला खड़ा कर दिया है। भीड़भाड़ वाले स्थान से युवक को अगवा कर लिया और पटना की तेज तर्रार पुलिस को भनक तक नहीं लग सकी।

पटना जंक्शन के न्यू करबिगहिया इलाके से 33 वर्षीय बंटी के अपहरण ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। इलाके में तनाव फैल गया। घटना से नाराज परिजनों और स्थानीय लोगों ने युवक की जल्द बरामी की मांग को लेकर करबिगहिया जंक्शन के पास सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर आरोप लगाया कि घटना के बाद भी अब तक युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका है। सड़क जाम के कारण यातायात प्रभावित है। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया और आश्वासन दिया कि मामले की गंभीरता से जांच कर युवक की जल्द बरामदगी के लिए कार्रवाई की जा रही है।

वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें 7 से 8 लोग युवक के साथ मारपीट करते हुए उसे जबरन उठाकर ले जाते दिखाई दे रहे हैं। फुटेज सामने आने के बाद अपहरण की आशंका और गहरा गई है, जबकि कई घंटे बीत जाने के बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं मिलने से परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा।

लापता बंटी न्यू करबिगहिया कब्रिस्तान गली का रहने वाला है। परिजनों के मुताबिक सोमवार रात करीब 11: 30 बजे वह अपने परिवार के कुछ सदस्यों को पटना जंक्शन छोड़ने गया था। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने फोन किया तो उसने ट्रेन लेट होने की बात कहकर कॉल काट दिया। इसके बाद तड़के दोबारा कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उसका मोबाइल बंद मिला। परिवार ने पहले अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर मंगलवार शाम कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई।

इसी बीच पटना जंक्शन के दूध मार्केट के पास एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज सामने आई। फुटेज में देर रात करीब एक बजे कुछ लोग बंटी के साथ धक्का-मुक्की, मारपीट और जबरन उसे अपने साथ ले जाते दिखाई दे रहे हैं। इस वीडियो ने पूरे मामले को रहस्यमय बना दिया है और पुलिस अब इसे अपहरण के एंगल से भी खंगाल रही है। बंटी की बरामदगी नहीं होने से नाराज परिजनों और ग्रामीणों का सब्र टूट गया। उन्होंने करबिगहिया जंक्शन के पास सड़क जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया और बाद में कोतवाली थाने पहुंचकर जमकर हंगामा किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि घटना के 17 घंटे बाद भी पुलिस खाली हाथ है। उनका कहना था कि अगर शुरुआती दौर में फौरन कार्रवाई होती तो शायद बंटी का सुराग मिल जाता।परिजनों ने यह भी दावा किया है कि सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे लोगों में एक शख्स की पहचान रोहित के रूप में हुई है। इसी आधार पर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और उसके संपर्कों की भी तफ्तीश की जा रही है।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम गठित की गई है। सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि युवक को जल्द सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

# पढ़ेंगी बेटियां, बढ़ेंगी बेटियां, अब न डरेंगी बेटियां : शिक्षा मंत्री

**बोले-बेटियां होंगी सशक्त, आत्मरक्षा का मिलेगा प्रशिक्षण**

**भोजपुरी अभिनेत्री पाखी हेगड़े ने शिक्षा मंत्री से की मुलाकात**

**बिहार की बेटियों को विंग चुन मार्शल आर्ट सिखाने की जताई इच्छा**



भोजपुरी अभिनेत्री पाखी हेगड़े ने शिक्षा मंत्री से की मुलाकात।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार की बेटियों को आत्मरक्षा के क्षेत्र में सशक्त बनाने की दिशा में नई पहल की संभावना बनी है। भोजपुरी और मराठी फिल्मों की अभिनेत्री पाखी हेगड़े ने बुधवार को शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी से मुलाकात कर छात्राओं को विंग चुन मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग देने की इच्छा जताई।

कर्नाटक की मूल निवासी और पूर्व शिक्षिका रही पाखी ने कहा कि आत्मरक्षा का प्रशिक्षण बेटियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाएगा। उन्होंने बिहार की छात्राओं के लिए इस संबंध में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने का प्रस्ताव रखा।

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने इस पहल का स्वागत करते हुए उनसे विस्तृत कार्ययोजना और प्रस्ताव उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार बेटियों की शिक्षा के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता पर भी विशेष ध्यान दे रही है।

श्री तिवारी ने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। शिक्षा, खेल, विज्ञान, प्रशासन और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई है। आत्मरक्षा का प्रशिक्षण उन्हें और अधिक आत्मविश्वासी तथा सशक्त बनाएगा। मुलाकात के दौरान बालिका शिक्षा, महिला सशक्तीकरण तथा छात्राओं के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई।

# वर्ष 2002 से लगातार अनुपस्थित खिजरसराय के चिकित्सा अधिकारी सेवा से हुए बर्खास्त

**समीक्षा में दिये गए निर्देशों का पालन नहीं , कई डॉक्टर पर हो सकती है कार्रवाई**

**पटना / एनएसबी।** डा राम रंजन शर्मा, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, खिजरसराय, गया को -30/08/2002 से लगातार अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के आरोप में विभाग द्वारा सरकारी सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है।

स्वास्थ्य विभाग ने 6 जुलाई को पत्र द्वारा सभी सिविल सर्जन को स्वास्थ्य संस्थानों में रेफरल व्यवस्था को सुदृढ़ीकरण, आईसीयू की क्रियाशीलता एवं 24 गुना 7 आकस्मिक सेवाओं के संचालन पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक में उपस्थित होने का निदेश दिया गया।

विभागीय सचिव ने 7 जुलाई को औरंगाबाद, बेगूसराय एवं मधुबनी तथा 8 जुलाई को गया, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चम्पारण एवं वैशाली का वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित जिले के सिविल सर्जन, सभी विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ स्वास्थ्य संस्थानों में आमजनों को उपलब्ध करायी जा रही चिकित्सीय सुविधा का जायजा लिया गया।

स्वास्थ्य संस्थानों मेंआईसीयू की व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है और नए आईसीयू बनाये गए हैं। भव्या पोर्टल पर रेफरल मरीजों का सूचना प्रविष्टि करने की व्यवस्था कर दी गयी है। साथ ही आकस्मिक सेवाओं को सुदृढ़ करने के साथ ही जिला अस्पतालों में ओटी की संख्या को बढ़ाया गया है। हाल के दिनों में चिकित्सीय व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु जिले में विशेषज्ञ सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी को पदस्थापित प्रतिनियुक्त किया गया है।

**सिविल सर्जन को रात्रिकालीन आपातकालीन सेवाएँ संचालित करने तथा अनावश्यक रूप से मरीजों को रेफर नहीं करने तथा रोस्टर ड्यूटी के अनुसार चिकित्सकों से कार्य लेने का निर्देश दिया गया है।**

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि सभी कार्यरत विशेषज्ञ सामान्य चिकित्सकों को भव्या पोर्टल पर निबंधित नहीं किया गया। कुछेक विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी (सर्जन) द्वारा आईपीडी, एक्सीडेंट एवं इमरजेंसी के दौरान किए गए शल्य क्रिया का भव्या पोर्टल पर प्रविष्टि भी नहीं किया जा रहा है।

वीडियो कन्फ्रेंसिंग के दौरान 7 जुलाई को सिविल सर्जन, औरंगाबाद बेगूसराय मधुबनी द्वारा क्रमशः 20, 03 एवं 33 चिकित्सकों के कर्तव्य पर अनुपस्थित रहने की सूचना दी गयी। 8 जुलाई को सिविल सर्जन, वैशालीध्पूर्वी चम्पारण मुजफ्फरपुर एवं गया द्वारा क्रमशः 19, 19, 17, एवं 09 चिकित्सकों के कर्तव्य पर अनुपस्थित रहने की सूचना दी गयी।

औरंगाबाद बेगूसराय मधुबनी वैशाली पूर्वी चम्पारण मुजफ्फरपुर गया में कर्तव्य पर अनधिकृत रूप से क्रमश : 5, 02, 07, 03, 05, 10 एवं 4 चिकित्सकों के कर्तव्य पर अनुपस्थित रहने के आरोप में अनुशासनिक कार्यवाही संचालित है।

अनुपस्थित चिकित्सकों को प्रमाणित आरोप पर प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से लिखित अभ्यावेदन समर्पित करने का अंतिम अवसर दिया गया है। शेष कर्तव्य पर अनुपस्थित चिकित्सक के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाई आरंभ की जायेगी।

सिविल सर्जन को रात्रिकालीन आपातकालीन सेवाएँ संचालित करने तथा अनावश्यक रूप से मरीजों को रेफर नहीं करने तथा रोस्टर ड्यूटी के अनुसार चिकित्सकों से कार्य लेने का निदेश दिया गया है।

## खबरें खास-खास

### निर्माण कार्य को लेकर 15 दिनों तक चितकोहरा पुल पर भारी वाहन के परिचालन पर प्रतिबंध

**पटना / एनएसबी।** ट्रैफिक एसपी सागर कुमार के मुताबिक पटना के चितकोहरा आऱ ओ़बी़ पर आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु आगामी 15 दिनों के लिए भारी वाहनों के परिचालन में बदलाव करते हुए यातायात डायवर्जन लागू किया गया है। सुगम यातायात संचालन के लिए मार्ग में बदलाव किया गया है। ट्रैफिक एसपी के मुताबिक चितकोहरा आऱओ़बी़ पर मरम्मत कार्य के दौरान भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वहां हाइट बैरियर गेट लगाए जाएंगे।. पटेल गोलम्बर से डायवर्जनः यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पटेल गोलम्बर से भारी वाहनों को हार्डिंग रोड की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। अनिसाबाद से आने वाले वाहनों का मार्गः अनिसाबाद की तरफ से आने वाले वाहन चितकोहरा गोलम्बर से मीठापुर एवं गर्दनीबाग 15 नंबर पुल वाले मार्ग का प्रयोग कर सकेंगे।

### राजद कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की पुण्यतिथि मनाई गई

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री एवं युवा तुर्क चन्द्रशेखर की पुण्यतिथि राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर नेताओं ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंगनी लाल मंडल ने कहा कि चन्द्रशेखर 'युवा तुर्क' नेता के रूप में सामने आये जिसने ढ़ता, साहस एवं ईमानदारी के साथ निहित स्वार्थ के खिलाफ लड़ाई लड़ी। वैचारिक और सामाजिक परिवर्तन की राजनीति का समर्थन किया। इस अवसर पर माल्यार्पण करने वालों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय महा सचिव भोला यादव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डा. सुनील कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, प्रदेष मुख्य प्रवक्ता सह पूर्व विधायक शक्ति सिंह यादव, डा अनवर आलम, दीनानाथ सिंह यादव, एज्या यादव, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी मुकुंद सिंह, निर्भय अम्बेदकर, मो. फैयाज आलम कमाल, मदन शर्मा, संजय यादव, डा कुमार राहुल सिंह, हरेन्द्र कुमार कुशवाहा, नंदू यादव, डा मुनीलाल गुप्ता, डा प्रेम कुमार गुप्ता, प्रमोद कुमार राम, प्रदीप मेहता, महताब आलम, कुमर राय, महेन्द्र प्रसाद विद्यार्थी, राजेश यादव, अनीता भारती, राजेश यादव, सरदार रंजीत सिंह, उपेंद्र चंद्रवंशी,मनोज यादव, अफरोज आलम, शिवेन्द्र कुमार तांती, गणेश कुमार यादव, गुड्डू यादव सहित अन्य गणमान्य नेताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



पूर्व प्रधानमंत्री एवं युवा तुर्क चन्द्रशेखर की पुण्यतिथि राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल की अध्यक्षता में मनाई गई।

### रामकृष्णा नगर के आभूषण दुकान डाका कांड का फरार बदमाश गिरफ्तार

**पटना / एनएसबी।** रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र स्थित आभूषण दुकान में हुई डकैती की घटना का फरार बदमाश दबोच लिया गया। मामले की जानकारी सिटी एसपी पूर्वी शैलजा ने पत्रकारों को दी। पुलिस के मुताबिक 19 अप्रैल को रामष्णानगर थाना अन्तर्गत घाना कलनी स्थित अलंकार ज्वेलर्स से दो मोटरसाईकिल पर सवार पांच अपराधकर्मियों के द्वारा पिस्टल का भय दिखाकर सोना एवं चांदी का आभूषण डकैती कर लिए जाने के आरोप में रामष्णानगर थाना काण्ड दर्ज किया गया था। उक्त काण्ड के उदभेदन हेतु एक टीम का गठन किया गया जिसमें त्वरीत कारवाई करते हुए तकनिकी एवं मानवीय साक्ष्य के आधार काण्ड में लूटे गये चांदी का कुल आभूषण 1737 ग्राम एवं घटना में प्रयुक्त ब्लू रंग का अपाची मोटरसाईकिल, राईडर मोटरसाईकिल पल्सर मोटरसाईकिल, देशी कप्ट्टा व देशी पिस्टल बरामद करते हुए अबतक कुल सात आरोपितों को गिरफ्तार किया गया था तथा एक बदमाश पुलिस दविश के कारण माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण कर गये थे तथा एक मात्र आरोपित धीरज कुमार फरार था। इस काण्ड के फरार चल रहे शेष एक मात्र कुख्यात अआरोपित धीरज कुमार उम्र करीब 32 वर्ष पिता-शंभु प्रसाद सा-मंगलागौरी, थाना-विष्णुपद जिला गया जो पच्चीस हजार का ईनामी है तथा इनके विरुद्ध विभिन्न थानों के काण्डों में बांछित थे जिसे 7 जुलाई को गिरफ्तार किया गया है। अग्रतर कारवाई की जा रही है।

### बाँकीपुर विधानसभा के लिए ईवीएम का प्रथम रैण्डेमाईजेशन सम्पन्न

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** 182-बाँकीपुर विधानसभा उप निर्वाचन की तैयारियों के क्रम में ईवी़एम. का प्रथम रैण्डेमाईजेशन जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय, पटना स्थित एऩआईसी़ सभागार में हुआ। विधान सभा अंतर्गत कुल 422 मतदान केन्द्र हैं। प्रथम रैण्डेमाईजेशन में विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवी़एम़ अलट किया गया है। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, बाँकीपुर विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी समेत सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

#### उप चुनाव में आदर्श आचार संहिता का हो सख्ती से पालनः डीएम

बाँकीपुर विधानसभा उप चुनाव में आदर्श आचार संहिता का पालन पूरी सख्ती से हो। जिलास्तरीय स्टैंडिंग कमिटि की बैठक में उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुन्दन कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि विधिवत अनुमति प्राप्त कर ही आम सभा रैली जुलूस का आयोजन किया जाए। पैम्फ्लेट मुद्रण, लाउडस्पीकर, वाहन आदि के उपयोग के लिए भी अनुमति अवश्य प्राप्त कर ली जाए। इस तरह की अनुमति के लिए जिला एवं अनुमंडल स्तर पर सिंगल विंडो सिस्टम कार्यरत है। मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधा आदि के बिन्दु पर भी बैठक में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाची पदाधिकारी बाँकीपुर विधान सभा समेत मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### निजी प्लटों की सफाई के लिए पटना नगर निगम का विशेष अभियान, विभिन्न अंचलों से 100 टन से अधिक कचरे का उठाव

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना नगर निगम द्वारा बुधवार को सभी अंचलों में गार्बेज वलरेबल प्वाइंट्स (जीवीपी) के रूप में विकसित हुए निजी प्लट्स की साफ-सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत उन निजी एवं खुले प्लटों को प्राथमिकता दी गई, जहां लंबे समय से कचरे का जमाव होने के कारण गी फैल रही थी और बीमारियों के साथ-साथ आवागमन में भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अभियान के अंतर्गत पाटलिपुत्र, नूतन राजधानी, बांकीपुर एवं कंकड़बाग अंचल में निजी प्लटों की विशेष साफ-सफाई की गई। वहीं अजीमाबाद एवं पटना सिटी अंचल में किसी भी निजी प्लट पर कचरा नहीं पाया गया। इन दोनों अंचलों में नगर निगम की टीम ने गली-मोहल्लों की गहन सफाई (डीप क्लीनिंग) की गई।

पाटलिपुत्र अंचल के वार्ड संख्या-27 स्थित चीना कोठी एवं खास महल की जमीन पर बने खटाल को हटाकर बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 65 टन कचरे का उठाव किया गया। इस कार्य में चार जेसीबी, चार हाइवा तथा 30 मजदूरों को लगाया गया।

नूतन राजधानी अंचल के वार्ड संख्या-17 स्थित पश्चिमी जयप्रकाश नगर तथा वार्ड संख्या-18 के चित्रगुप्त मार्ग स्थित निजी प्लटों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस कार्य में दो टिपर, दो बबकैट मशीन तथा तीन सफाई कर्मियों की तैनाती की गई। अभियान के दौरान करीब चार टन कचरा हटाया गया, जिससे आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया।


बांकीपुर अंचल के वार्ड संख्या-36 अंतर्गत लोहानीपुर में लालजी टोला, गोरैया स्थान एवं पृथ्वीराज चौराहा स्थित निजी प्लटों की व्यापक सफाई कराई गई। अभियान में 10 मजदूर, एक जेसीबी, एक मिनी हाइवा, दो ई-कार्ट एवं दो हाथ ठेला लगाए गए। नगर निगम की टीम ने यहां से करीब 12 टन कचरे का उठाव किया।

कंकड़बाग अंचल के वार्ड संख्या-30 एवं 31 के बंगाली टोला क्षेत्र में निजी प्लटों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। यहां दो जेसीबी, दो टिपर तथा सात मजदूरों की मदद से करीब 20 टन कचरा हटाया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### ललिता झा बनीं जद यू. की प्रदेश महासचिव, कार्यकताओं में खुशी की लहर

**जदयू के संगठन को मजबूत करने में ललिता और टिंकू झा की भूमिका रही है अहम**



**दरभंगा (एनएसबी)।** जनता दल (यूनाइटेड) ने वरिष्ठ नेत्री एवं जिला परिषद सदस्य ललिता झा को पार्टी का बिहार प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है। वही शिवनंदन सिंह को प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। इस मनोनयन के बाद जद(यू.) कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है और उन्हें लगातार बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ दी जा रही हैं। जद(यू.) नेता कमलेश मंडल ने कहा कि ललिता झा का मनोनयन संगठन के प्रति उनकी वर्षों की निष्ठा, समर्पण और कर्मठता का सम्मान है। ललिता झा को बधाई देने वालों में गोविंद मंडल, संतोष सिंह, घनश्याम राय, मोनू चौधरी, मुकेश सिंह, इंद्र मोहन साफी, विपुल राय, रोहित चौधरी, राजा अंसारी और कामरान खान सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हैं। गौरतलब है कि ललिता झा का राजनीतिक और सामाजिक जीवन काफी लंबा रहा है। वह पिछले 10 वर्षों से जिला परिषद सदस्य हैं तथा 7 वर्षों तक दरभंगा जिला परिषद की उपाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएँ दे चुकी हैं।वहीं उनके पति एवं जद(यू.) नेता आलोक कुमार झा 'टिंकू' भी लंबे समय से सक्रिय राजनीति में हैं। दरभंगा सहित मिथिलांचल के कई जिलों में उनकी मजबूत राजनीतिक पकड़ मानी जाती है। दोनों पति-पत्नी वर्षों से जनसेवा और सामाजिक कार्यों के माध्यम से लोगों के बीच सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### सीएमआर की शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

**10 जुलाई तक लंबित सीएमआर आपूर्ति पूर्ण करने का निर्देश**

इजिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में (सीएमआर) की शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न प्रखंडों एवं राइस मिलों द्वारा सीएमआर आपूर्ति की वर्तमान स्थिति,लंबित मामलों तथा प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी राइस मिलरों एवं प्रखंड सहकारिता पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि 10 जुलाई 2026 तक लंबित निर्गत स्वीकृति आदेशों के विरुद्ध शत-प्रतिशत सीएमआर की आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित की जाए।

### पेयजल आपूर्ति एवं शिकायतों के त्वरित निष्पादन को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिले में पेयजल आपूर्ति की स्थिति एवं पेयजल संबंधी शिकायतों के समयबद्ध निष्पादन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) के सभी सहायक अभियंताओं एवं कनीय अभियंताओं को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में नियमित रूप से सक्रिय रहकर पेयजल व्यवस्था की सतत निगरानी करें तथा जहां कहीं भी पेयजल की समस्या उत्पन्न हो, उसका तत्काल संज्ञान लेकर निर्धारित समय-सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करें। सभी अभियंता अपने क्षेत्र का नियमित भ्रमण करें तथा खराब पड़े चापाकलों, नल-जल योजनाओं एवं अन्य पेयजल स्रोतों की स्थिति पर लगातार नजर रखें,ताकि जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पेयजल आपूर्ति से संबंधित प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लिया जाए तथा उसका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। सभी अभियंता शिकायत प्राप्त होने के उपरांत तत्काल स्थल निरीक्षण करें,आवश्यक मरम्मत कार्य कराएं तथा शिकायत के समाधान की सूचना संबंधित पदाधिकारियों को उपलब्ध कराएं। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि पेयजल योजनाओं का संचालन निर्बाध रूप से होता रहे ।

### डीएमसीएच में व्याप्त कुव्यवस्था के खिलाफ कर्मचारियों का आंदोलन शुरू

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल लहेरियासराय में फैली कुव्यवस्था, अराजकता, अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर जगदीश चंद्र को हटाने तथा महिला कर्मी के साथ कथित दुर्व्यवहार करने वाले प्रभारी उपाधीक्षक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार पर कार्रवाई करने एवं उपाधीक्षक के प्रभार से हटाने तथा बी०एस०सी० नर्सिंग कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य भवानी भारती को बर्खास्त करने सहित 20सूत्री मांगों को लेकर दरभंगा मेडिकल कॉलेज कर्मचारी संघ के द्वारा अनिश्चितकालीन सामूहिक जत्थेवार धरना सत्याग्रह कार्यक्रम शुरू किया गया। धरना स्थल पर लक्ष्मण झा की अध्यक्षता में हुई सभा में उपस्थित कर्मियों ने एक स्वर से मांग पूर्ति होने तक चरणबद्ध आंदोलन चलाने का संकल्प लिया। धरना कार्यक्रम में संघ के मंत्री अजय कुमार साह ,अनिल कुमार सिन्हा, प्रकाश कुमार सहनी, मधु महतो, मोहम्मद जमील,बैजनाथ ठाकुर, गजेंद्र यादव, संतोष कुमार, राजीव राम, रोहित कुमार, अली अहमद, राजन मसीह, लालन शर्मा, मदन राम, अब्दुल कलाम, प्रमोद कुमार चौधरी, जमुना कुमारी, अमरेंद्र कुमार सिंह, संजय कुमार, चंद्र नारायण, बैद्यनाथ लाल देव, सुरेश कुमार साह, उमेश सहनी, नकुल कुमार राम, दिलीप पासवान, कंचन कुमारी, संगीता कुमारी -2, श्री कुमारी, जयंती कुमारी,संजू कुमारी, जानकी कुमारी सहित दर्जनों कर्मियों ने धरना सत्याग्रह कार्यक्रम में भाग लिया।



### दो शिफ्ट में चल रहे विद्यालयों का अधिकतर समय बीत रहा प्रार्थना सभा एवं एमडीएम में

**दरभंगा (एनएसबी)।** डबल शिफ्ट के नाम पर कई विद्यालय अपना शिक्षा देने का कॉलम पूरा कर रहे हैं। बीते वर्ष जहां दरभंगा जिले में 113 विद्यालय डबल शिफ्ट में चल रहा था वहीं अब तक 47 विद्यालय इस वर्ष डबल शिफ्ट में चल रहा है। दर्जनों आवेदन डबल शिफ्ट में विद्यालय चलाने के लिए शिक्षा विभाग में पड़े हुए हैं ।शिक्षा विभाग द्वारा बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की कोशिश की बात कही गई है। बताते चलें कि शिक्षा विभाग द्वारा आठ कमरों से कम वाले विद्यालयों को दो शिफ्ट में चलाने का आदेश दिया गया है। विद्यालयों में प्राइमरी से लेकर उच्च माध्यमिक तक आरटीई के तहत न्यूनतम शिक्षन घंटे साप्ताहिक 45 घंटे छात्रों को देनी है। जबकि डबल शिफ्ट के विद्यालयों में प्राइमरी से लेकर मिडिल तक सुबह 7 से 12 बजे एवं माध्यमिक और उच्च माध्यमिक 12 बजे से 5 बजे तक विद्यालय चलाया जा रहा है जो की साप्ताहिक घंटे 30 घंटे ही होते हैं। यह कहीं ना कहीं आरटीई नियमों का उल्लंघन है। दो शिफ्ट में चल रहे विद्यालयों का अधिकतर समय प्रार्थना सभा एमडीएम में ही चला जाता है। इतने कम समय में पढ़ाई के नाम पर खानापूर्ति ही की जाती है।

### बरदान हास्पीटल में अवैध रूप से चल रहे एनआइसीयू एवं पैथोलॉजी सील

**कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत बेरि चौक पर स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर अवैध रूप से चल रहे गोरखधंधे के खिलाफ मंगलवार को बरदान हास्पीटल के संरक्षण में संचालित एनआईसीयू एवं पैथोलॉजी क्लिनिक अवैध रूप से संचालित पाए जाने पर एसडीओ शंशाक राज के निर्देश पर दोनों संस्थाओं को मौके पर ही सील कर दिया गया। वही भर्ती मरीजों को एक सप्ताह के भीतर डिस्चार्ज कर बरदान हास्पीटल को बंद करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान एसडीओ शशांक राज ने बताया कि अस्पताल परिसर में संचालित एनआईसीयू एवं पैथोलॉजी क्लिनिक के पास संचालन करने के लिए कोई वैध अनुज्ञप्ति नही था। वही निरीक्षण के दौरान दोनों संस्थानों में कोई योग्य चिकित्सक मौजूद नही मिला।इसे गंभीर अनियमितता को देखते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आरव आनंद को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसडीओ के निर्देश पर आरव आनंद ने अवैध रूप से संचालित एनआईसीयू एवं पैथोलॉजी क्लिनिक को सील कर दिया। वही हास्पीटल में भर्ती मरीजों को एक सप्ताह में अन्यत्र हस्तांतरित कर अस्पताल को सील करने की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया।

# चीनी मिलों के लिए लगभग 30 हजार एकड़ में गन्ना की खेती करना सुनिश्चित करें : डीएम

**दरभंगा में गन्ना क्षेत्र विस्तार विशेष अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन**

**डीएम ने 30 हजार एकड़ में गन्ना विस्तार का लक्ष्य समयबद्ध रूप से पूरा करने का दिया निर्देश**

**रैयाम चीनी मिल के लिए छह प्रखंड तथा सकरी चीनी मिल के लिए बारह प्रखंडों को शामिल किया गया**




बैठक में जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं अन्य।

**दरभंगा (एनएसबी)।** प्रेक्षागृह,दरभंगा में जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में रैयाम एवं सकरी चीनी मिल के लिए गन्ना क्षेत्र विस्तार विशेष अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, तकनीकी प्रबंधक, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि रैयाम एवं सकरी चीनी मिलों के सफल संचालन के लिए लगभग 30 हजार एकड़ क्षेत्र में गन्ना की खेती सुनिश्चित करना आवश्यक है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्य करते हुए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने तथा किसानों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी। गन्ना क्षेत्र विस्तार के लिए संभावित गांवों का शीघ्र चिन्हीकरण किया जाए तथा प्रत्येक गांव एवं पंचायत स्तर पर किसानों के साथ नियमित बैठक आयोजित कर उन्हें गन्ना खेती के आर्थिक लाभ,उपलब्ध सरकारी योजनाओं, तकनीकी सहायता तथा प्रोत्साहन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाए।

बैठक में बताया गया कि रैयाम चीनी मिल के लिए छह प्रखंड तथा सकरी चीनी मिल के लिए बारह प्रखंडों को शामिल किया गया है। इन क्षेत्रों में गन्ना उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा तथा किसानों के बीच लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने प्रखंड सहकारिता पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे किसानों को गन्ना किसान पंजीकरण एवं सहकारी समिति की सदस्यता के लिए प्रेरित करें। किसान पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है, इस लिए सभी किसानों का समयबद्ध पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। प्रखंड एवं जिला स्तर पर पोर्टल के माध्यम से किसानों के आवेदन एवं पंजीकरण की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं सुगम बनाएं। कार्यशाला में सहायक निदेशक ईख विकास विकास पदाधिकारी अजीत कुमार प्रसाद, जिला कृषि पदाधिकारी डॉ. सिद्धार्थ, जिला ईख पदाधिकारी पुष्कर राज, ईख प्रसार पदाधिकारी राहुल देव, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सहित कृषि एवं सहकारिता विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# दरभंगा जिले के पीएमश्री विद्यालयों के लिए केंद्र सरकार से 18 करोड़ राशि को मिली स्वीकृति : डा गोपाल जी ठाकुर

**सांसद की पहल ने दिखाया रंग जिले के पीएमश्री विद्यालयों के बहुरेंगे दिन, विकास के लिए राशि को मिली मंजूरी**



मंत्री के साथ सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर।

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा को ज्ञान परंपरा तथा नवाचार का केंद्रबिंदु बनाने के लिए केंद्र की मोदी सरकार प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दरभंगा स्थित ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय को प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत पीएम उषा योजना से केंद्रीय शोध विश्वविद्यालय का दर्जा तथा इसके लिए सौ करोड़ रुपए की राशि का आवंटन दिया जाना, प्रधानमंत्री सेतु योजना से दरभंगा रामनगर आईटीआई को देश के एक हजार आईटीआई प्रशिक्षण संस्थाओं में शामिल करना तथा अब जिले के पीएमश्री विद्यालयों के विकास, आधारभूत संरचना निर्माण तथा डिजिटलीकरन की व्यवस्था के पर्याप्त राशि की स्वीकृति दिया जाना इस बात के ज्वलंत प्रमाण है कि दरभंगा को शैक्षणिक हब बनाने की पहल की जा रही है। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने केंद्रीय शिक्षा राजयमंत्री जयंत चौधरी के द्वारा भेजे गए पत्र के आलोक में इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया है कि उन्होंने दरभंगा जिले में चयनित पीएमश्री विद्यालयों के विकास, सहित अन्य विषयों के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान तथा शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी से दिल्ली में भेंट कर इस संबंध में पत्र सौंपकर आग्रह किया था जिसका सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर साकार हो रहा है। सांसद डा ठाकुर ने बताया कि शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने उन्हें पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि उनकी मांगों तथा आग्रह के आलोक में दरभंगा जिले के पीएम श्री विद्यालयों के अवसंरचनात्मक विकास, शिक्षक प्रशिक्षण एवं डिजिटल अधिगम सुविधाओं के विस्तार हेतु उठाए गए विषय पर केंद्र सरकार ने गंभीरता से पहल करते हुए वित्तीय वर्ष 2026झ27 में दरभंगा जिले के पीएम श्री विद्यालयों के लिए 1265.77 लाख रुपए अवसंरचना विकास के लिए 99.05 लाख रूपए शिक्षक प्रशिक्षण प्रशिक्षण के लिए एवं 433.50 लाख रुपए डिजिटल अधिगम सुविधाओ के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा सहित मिथिला के छात्र छात्राओं को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की इस ऐतिहासिक पहल के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा है कि आने वाले समय में दरभंगा की प्राचीन शैक्षणिक गरिमा को फिर से देश के मानचित्र पर स्थापित करने के लिए पहल और प्रयास किए जा रहे हैं।

**स्पा सेंटर की आर मे चल रहा था देह व्यापार का धंधा**

# आपत्तिजनक स्थिति में दो युवक सहित चार महिला गिरफ्तार

**पकड़े गए लड़की गुजरात, दिल्ली सहित अन्य शहर की रहने वाली**

**दरभंगा (एनएसबी)।** शहर में स्पा सेंटर की आर में देह व्यापार का धंधा चलने का पुलिस ने पदार्फाश किया है। छापामारी के दौरान आपत्तिजनक स्थिति में दो युवक सहित चार महिला को गिरफ्तार किया गया है। जिसे पुलिस की निगरानी में वन स्टॉप सेंटर में रखा गया है। पकड़े गए लड़की जो गुजरात दिल्ली सहित अन्य शहर की रहने वाली है। चार लड़की एवं दो लड़का को पकड़ा गया है जो दरभंगा शहर का हीं रहने वाला है। उसमें एक मैनेजर और दूसरा ग्राहक बताया जा रहा है। स्पा सेंटर का प्रबंधक को भी गिरफ्तार किया गया है। प्रबंधक लड़की को पकड़े गए युवा के दवा दुकान का कारोबार करते हैं। स्पा सेंटर 3 महीने पहले खुला था। क्राइम ब्रांच के डीएसपी उदय शंकर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि लहेरियासराय थाना क्षेत्र के जीएन गंज स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने स्पा सेंटर मे देह व्यापार का धंधा चल रहा था। छापामारी के दौरान आपत्तिजनक स्थिति में एक युवक और एक युवती को पकड़ा गया। स्पा सेंटर से कई तरह के आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया है। एक युवक दवा दुकान चलाता है वह स्पा सेंटर में मालिश कराने आया था जिसे आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया। स्पा सेंटर का संचालक फरार हो गया है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। बताया जाता है कि प्रबंधक सहित एक युवती के मोबाइल में कई लड़कियों का फोटो है। ग्राहक के आने के बाद फोटो दिखाकर लड़की को स्पा सेंटर में बुलाया जाता था। पकड़ी गई लड़की दिल्ली गुजरात सहित अन्य राज्यों की है जिसे शहर के होटल में ठहराया जाता है। ग्राहक के आने के बाद उसे स्पा सेंटर में बुलाया जाता था। शहर में कई स्पा सेंटर चल रहे हैं। लहेरियासराय थाना क्षेत्र में पहली बार किसी स्पा सेंटर में छापामारी कर लड़का लड़की को बरामद किया गया है। डीएसपी ने एफएसएल की टीम को बुलवाकर सैंपल इकट्ठा करवाया हैं। एफ एस एल की जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई करने की बात कही जा रही है। छापामारी दल में डीएसपी के अलावा लहेरियासराय थानाध्यक्ष अमित कुमार, महिला थानाध्यक्ष पुष्पलता कुमारी, दरोगा अर्चना सिंह, पीयूष कुमार, संजीव कुमार रजक, कांति कुमारी सहित कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

# डिग्री कॉलेजों में पठन-पाठन संचालन एवं मूलभूत सुविधाओं को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित होने वाले डिग्री कॉलेजों में पठन-पाठन प्रारंभ करने तथा आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में कुशेश्वरस्थान, कुशेश्वरस्थान पूर्वी, किरतपुर, तारडीह, हनुमाननगर, सिंहवाड़ा, गौड़ाबौराम एवं अलीनगर प्रखंडों में संचालित डिग्री कॉलेजों के प्राचार्यों ने भाग लिया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित डिग्री कॉलेजों में गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन का संचालन शीघ्र प्रारंभ किया जाना है। इसके लिए सभी आवश्यक शैक्षणिक एवं आधारभूत तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर हर हाल में पूर्ण की जाएं। जिलाधिकारी ने सभी महाविद्यालयों में उपलब्ध शैक्षणिक सामग्री,फर्नीचर सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की तथा जहां भी कमी है,उसे प्राथमिकता के आधार पर ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन (एल.ए.ई.ओ.) के अभियंताओं से विभिन्न अवसंरचना विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि महाविद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन बिना किसी बाधा के प्रारंभ किया जा सके। बैठक में सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पवन कुमार यादव, जिला शिक्षा पदाधिकारी विद्यानंद ठाकुर, संबंधित डिग्री कॉलेजों के प्राचार्य तथा स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन (एल.ए.ई.ओ.) के अभियंता उपस्थित थे।



बैठक में भाग लेते विभिन्न कालेज के प्राचार्य एवं अन्य

# पटना रहें या दिल्ली जाले के विकास के लिए प्रयासरत रहते हैं : जीवेश कुमार

**शंकरपुर पंचायत के पिपरा मे पंचायत सरकार भवन का किया उद्घाटन**

**सिंहवाड़ा/एनएसबी।** स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री जीवेश कुमार ने बुधवार को शंकरपुर पंचायत के पिपरा में योजना एवं विकास विभाग स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन के द्वारा नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अखिलेश सिंह की अध्यक्षता एवं मंडल महामंत्री राजेश साह के संचालन में हुए समारोह में अतिथियों को पाग चादर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि जिले में 52 पंचायत सरकार भवनों की स्वीकृति मिली थी, जिनमें से 25 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण जाले विधानसभा क्षेत्र में कराया जा रहा है। पंचायत स्तर के विभिन्न विभागों से जुड़े कार्य एक ही छत के नीचे संपादित होंगे, जिससे लोगों को बार-बार अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र का समग्र विकास करना है। विधायक ने बताया कि विशनपुरझबिठौलीझघोघराहा सड़क के निर्माण के लिए राशि की स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान उनके प्रयास से विभाग ने एक ही दिन में शोभन-मकिया सड़क का डीपीआर तैयार कर प्रस्तुत किया, जिसे मुख्यमंत्री ने तत्काल मंजूरी दी। आज उस सड़क का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। विधायक ने कहा कि वे चाहे पटना में रहें या दिल्ली में, जाले विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली प्रवास के दौरान उनके प्रयास से अनाज भंडारण के लिए आधुनिक साइलो की स्वीकृति मिली। इसके अलावा सिंहवाड़ा प्रखंड कार्यालय के नए भवन का निर्माण लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से कराया जाएगा। कार्यक्रम के अंत मे धन्यवाद ज्ञापन मुखिया प्रतिनिधि अहमद अली तमन्ने ने किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष रमेश कुसवाहा,भोला राय, मिथिलेश यादव, अमोल यादव, राधेश्याम साह, देवन सहनी, अमोल यादव, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार, वंशु चौपाल सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण मौजूद मौजूद थे।



उद्घाटन करते विधायक एवं अन्य ।

# मध्य विद्यालय माधोपुर में मध्यान्ह भोजन में छिपकली मिलने से छात्रों में दहशत

**पेट में दर्द और चक्कर की शिकायत करने वाले एक दर्जन से अधिक बच्चे अस्पताल में भर्ती**



प्रेस वार्ता करते एसपी साक्षी कुमारी एवं डीएसपी बासुकीनाथ झा।

**बेनीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय माधोपुर में बुधवार को दोपहर मध्यान्ह भोजन में छिपकली मिलने की घटना से विद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। एकता फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराया गया पका-पकाया भोजन रसोईया के द्वारा परोसा जा रहा था, तब एक छात्र की नजर प्लेट में रखी छीपकीली पर परी और उसने तालमेल से शोर मचाया। शोर सुनते ही अन्य बच्चे भी भोजन करना बंद कर दिए और अफरा-तफरी पैदा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार प्रभाकर तथा विश्रामस्थ शिक्षकों ने तुरंत भोजन वितरण रोककर बच्चों को सुरक्षित स्थान पर बैठाया। सूचना पाकर कई अभिभावक विद्यालय पर पहुंचे और भोजन की गुणवत्ता तथा सफाई व्यवस्था पर कड़ी आपत्ति जताई। विरोध के दौरान पेट में दर्द और चक्कर की शिकायत करने वाले एक दर्जन से अधिक बच्चों को अभिभावकों ने अनुमंडलीय अस्पताल बेनीपुर में भर्ती कराया, जहाँ चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच कर दवा दी और स्थिति को नियंत्रण में बताते हुए खतरे से बाहर बताया।अस्पताल में भर्ती बच्चों की सूची में मेघा कुमारी, अंजली कुमारी, मनीषा कुमारी, गुरूदेव यादव, अमित कुमार, सत्यम कुमार, गोविंद कुमार, सोनू कुमार, मानस कुमार, मोनू कुमार, मो0 चांद अली, असगर अली, नेयाज, रिभा कुमारी व असरत शामिल हैं। प्रधानाध्यापक प्रभाकर ने कहा कि घटना की सूचना एकता फाउंडेशन के अधिकारियों को दे दी गई है।

अधिकारियों के मुताबिक, अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार झा ने मामले की संज्ञान लेते हुए प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रूपेश कुमार राय को अविलंब जांच कराने का निर्देश दिया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने भी अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर बच्चों का हाल जाना और विद्यालय व रसोई की जांच के आदेश दिए गए हैं।स्थानीय लोग मध्यान्ह भोजन योजना की नियमित जांच, खाना तैयार करने की प्रक्रिया की सख्त निगरानी और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं। प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रूपेश कुमार राय ने कहा कि सभी बच्चे ठीक हैं और मामले की गहनता से जांच की जा रही है; जहां भी त्रुटि पाई जाएगी, दोषियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक की चाकू मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**ताजपुर (एनएसबी)।** जिले के बंगरा थाना क्षेत्र स्थित गद्दोपुर में सोमवार देर रात दो पट्टीदारों के बीच हुए आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इसी क्रम में पट्टीदारों में से किसी ने एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल सद्दाम को आननफानन में परिजन इलाज के लिए सदर अस्पताल, समस्तीपुर ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान गद्दोपुर, निवासी मो. गफ्फार के पुत्र मो. सद्दाम के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गयी है। इस सम्बन्ध में पुलिस ने बताया कि, मामले की जांच के लिए एफएसएल एवं डीआईयू की टीम को भी लगाया गया है, जो घटनास्थल से साक्ष्य जुटा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, घटना को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक सह सदर-1 अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम मामले की जांच कर रही है।

### भूमि विवादों के त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी की पहल जारी

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार के नेतृत्व में अनुमंडल कार्यालय परिसर में भूमि विवाद से संबंधित मामलों की समीक्षा एवं सुनवाई की गई। इस दौरान अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों से कुल 14 आवेदक अपने मामलों के साथ उपस्थित हुए। अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रत्येक मामले की क्रमवार एवं गंभीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित पक्षों एवं पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस क्रम में 03 मामलों का तत्काल निष्पादन कर दिया गया। शेष मामलों में आवश्यक अभिलेखों एवं तथ्यों की विस्तृत जांच की आवश्यकता को देखते हुए उन्हें अगली निर्धारित तिथि पर सुनवाई हेतु रखा गया है। अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि भूमि विवादों के निष्पादन में पारदर्शिता, निष्पक्षता तथा समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों को शीघ्र न्याय मिल सके।

### निजी विद्यालय के संचालकों के साथ यातायात व्यवस्था को लेकर एसडीओ ने की बैठक

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार के नेतृत्व में बुधवार को अनुमंडल कार्यालय सभाकक्ष में ओवरब्रिज मरम्मत कार्य के मद्देनजर तात्कालिक शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य ओवरब्रिज पर चल रहे कार्य के दौरान उत्पन्न होने वाली अस्थायी यातायात समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा से बचाना तथा विद्यालय आने-जाने वाले बच्चों के लिए सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करना था। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी विद्यालयों से अपील करते हुए कहा कि, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को वैकल्पिक मार्गों, विद्यालय के समय तथा यातायात संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन का सर्वोच्च प्रयास है कि ओवरब्रिज मरम्मत कार्य के दौरान भी शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और विद्यार्थियों की पढ़ाई किसी भी प्रकार से प्रभावित न हो। बैठक में यातायात प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने, विद्यालय वाहनों के संचालन, विद्यार्थियों की सुरक्षा तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में समन्वय स्थापित करने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी प्रधानाध्यापकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जनसहयोग एवं प्रशासनिक समन्वय से इस अस्थायी चुनौती का सफलतापूर्वक समाधान किया जाएगा तथा आम नागरिकों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।



### नहीं रहे मूर्द्धन्य साहित्यकार डॉ रामपुनीत ठाकुर 'तरुण'

समस्तीपुर के साहित्यिक समाज के लिए अपूरणीय क्षति

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** हिन्दी और मैथिली के मूर्द्धन्य साहित्यकार और हिन्दी साहित्य सम्मेलन की समस्तीपुर जिला इकाई के अध्यक्ष रामपुनीत ठाकुर 'तरुण ' नहीं रहे। सोमवार की देर रात उनका निधन समस्तीपुर स्थित उनके निजी आवास पर हो गया। वे 76 वर्ष के थे तथा विगत कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। मंगलवार को उनका दाह संस्कार समस्तीपुर की बूढ़ी गंडक नदी के किनारे कर दिया गया। वे अपने पीछे अपने दो पुत्रों- प्रणव व छोटू तथा दो पुत्रियों- अनामिका और मधुलिका का भरपूर परिवार छोड़ गये हैं। तरुण जी हिन्दी और मैथिली साहित्य के शीर्षस्थ साहित्यकार थे। हिंदी में- सुनो शिखर पुरुषो, आग अंबर में लगेगी, वेदना का उपहार, श्री दुर्गा चरित और मैथिली में गीत पचीसी समेत एक दर्जन से अधिक उनकी काव्य-पुस्तकें प्रकाशित हैं। उनके निधन से समस्तीपुर के साहित्यिक समाज की अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन की खबर सुनकर वरिष्ठ साहित्यकार हरिनारायण सिंह हरि, परमानंद प्रभाकर, डॉ अशोक कुमार सिन्हा, नरेन्द्र कुमार सिंह, पंकजदेव आदि उनके निवास स्थान पर पहुँच कर उनके शव पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शोक प्रकट किया। शिवेंद्र पाण्डेय, नरेश विकल, प्रवीण कुमार चुन्नू , विष्णु कुमार केडिया, मुकेश केशरी, मो जावेद, डा रामसूरत दास, प्रो जितेंद्र कुमार सिंह, धनेश्वर शर्मा, सत्येंद्र ठाकुर आदि साहित्यकारों ने भी उनके निधन को साहित्य जगत के लिए अपूर्णीय क्षति बताते हुए उनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि निवेदित की है।



### आगामी 26 जुलाई को श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अभिनंदन समारोह की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय में पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने की बैठक, पहुँचने पर हुआ भव्य स्वागत*

**समस्तीपुर/एनएसबी।** आगामी 26 जुलाई को आयोजित श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अभिनंदन समारोह की तैयारियों को लेकर समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय में बैठक हुई। समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय स्थित संत कबीर बाबा हॉस्पिटल में डॉ. राजू कुमार साह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने सम्मिलित होकर उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता के बैठक में पहुंचने पर स्थानीय लोगों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा एवं तैयारियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने उपस्थित सभी कार्यकताओं एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक, भव्य एवं सफल बनाने की अपील की एवं सभी को सादर आमंत्रित किया। मंत्री श्री गुप्ता ने कहा कि हम सभी मिलकर इस आहूत की गई अभिनंदन समारोह को अभूतपूर्व सफलता प्रदान करेंगे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित नागरिकों, कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों का आत्मीय स्नेह, सहयोग एवं उत्साह के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

### 12 जुलाई को होगी अवर निरीक्षक (मद्य निषेध) प्रारंभिक परीक्षा, तैयारी पूरी

डीएम-एसपी ने की संयुक्त समीक्षा बैठक, 17 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा आयोजित अवर निरीक्षक (मद्य निषेध) प्रारंभिक लिखित परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा की प्रशासनिक तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था तथा विधि-व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, पटना द्वारा विज्ञापन संख्या 03/2026 के अंतर्गत मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में अवर निरीक्षक (मद्य निषेध) के पदों पर नियुक्ति के लिए प्रारंभिक लिखित परीक्षा आगामी 12 जुलाई (रविवार) को एक पाली में आयोजित होगी। समस्तीपुर जिला मुख्यालय में इसके लिए 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां हजारों अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

# घर-घर होगा कचरे का पृथक्करण, चार रंग के कूड़ेदान से बदलेगी गांवों की तस्वीर

**ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 लागू ● रोसड़ा के भिरहा पश्चिमी पंचायत से अभियान की शुरूआत ● डीडीसी ने किया शुभारंभ, कहा– जनसहभागिता से ही सफल होगा स्वच्छता अभियान**

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अब कचरा प्रबंधन की व्यवस्था पूरी तरह बदलने जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 लागू कर दी गई है। नई व्यवस्था के तहत अब प्रत्येक घर में निकलने वाले कचरे का स्रोत पर ही पृथक्करण अनिवार्य होगा। इसके लिए हर परिवार को चार अलग-अलग रंग के कूड़ेदानों का उपयोग करना होगा। इससे कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण, पुनर्चक्रण तथा जैविक अपशिष्ट से खाद और बायोगैस का उत्पादन संभव हो सकेगा।

इस अभियान की जिले में औपचारिक शुरूआत बुधवार को रोसड़ा प्रखंड की भिरहा पश्चिमी पंचायत से हुई। उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि स्वच्छ गांव और स्वस्थ समाज का सपना तभी साकार होगा, जब हर नागरिक स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी समझे। उन्होंने कहा कि घर से ही कचरे को अलग-अलग रखने की आदत विकसित होने से गांवों में गंदगी कम होगी, प्रदूषण पर नियंत्रण मिलेगा और प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव हो सकेगा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को चार रंग के कूड़ेदानों की उपयोगिता और कचरे के पृथक्करण की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों में निकलने वाले कचरे को निर्धारित श्रेणियों के अनुसार अलग-अलग कूड़ेदानों में रखें, ताकि अपशिष्ट का वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण किया जा सके।

जिला समन्वयक हसनैन अनवर ने बताया कि नई नियमावली का मुख्य उद्देश्य गांवों में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा पुनर्चक्रण की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना है। उन्होंने कहा कि अब घरों से निकलने वाले गीले, सूखे, सैनिटरी और खतरनाक कचरे को अलग-अलग संग्रहित किया जाएगा। इससे गीले कचरे से जैविक खाद एवं बायोगैस तैयार की जा सकेगी, जबकि प्लास्टिक, कागज, कांच और धातु जैसे सूखे कचरे को रीसाइक्लिंग के लिए भेजा जाएगा। वहीं सैनिटरी एवं खतरनाक कचरे का सुरक्षित निस्तारण किया जाएगा, जिससे पर्यावरण और जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

नई व्यवस्था के तहत हरे रंग के कूड़ेदान में सब्जियों एवं फलों के छिलके, बचा हुआ भोजन, फूल-पत्तियां तथा अन्य जैविक कचरा रखा जाएगा। नीले रंग के कूड़ेदान में प्लास्टिक, कागज, कांच, धातु, रबर एवं अन्य पुनर्चक्रण योग्य सामग्री डाली जाएगी। लाल रंग का कूड़ेदान सैनिटरी कचरे के लिए निर्धारित किया गया है, जिसमें सैनिटरी पैड, डायपर, टैम्पोन तथा अन्य स्वच्छता संबंधी अपशिष्ट बंद पैकेट में रखे जाएंगे। वहीं काले रंग के कूड़ेदान में इलेक्ट्रॉनिक कचरा, एक्सपायर दवाइयां, बैटरी, टूटे बल्ब, पेंट के डिब्बे तथा अन्य खतरनाक अपशिष्ट एकत्र किए जाएंगे, जिन्हें बाद में अधिकृत निस्तारण केंद्रों तक भेजा जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि कचरे का स्रोत पर ही पृथक्करण होने से डंपिंग की समस्या में कमी आएगी, जैविक खाद का उत्पादन बढ़ेगा, पुनर्चक्रण को बढ़ावा मिलेगा तथा गांवों में स्वच्छता व्यवस्था अधिक प्रभावी होगी। इसके साथ ही जल, वायु एवं भूमि प्रदूषण को नियंत्रित करने में भी सहायता मिलेगी और संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा कम होगा। जिला प्रशासन ने पंचायत प्रतिनिधियों, स्वच्छता कर्मियों, जीविका समूहों तथा आम ग्रामीणों से इस अभियान को जन आंदोलन बनाने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि लोगों की सक्रिय भागीदारी से ही स्वच्छ गांव, समृद्ध गांव और स्वच्छ पर्यावरण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकेगा।

## बेखौफ अपराधियों का तांडव जारी, ट्रिपल मर्डर से सहमा समस्तीपुर

**वर्चस्व की लड़ाई में दो की गोली मारकर हत्या**

**घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस के वरीय अधिकारी, एफएसएल और डीआईयू टीम जांच में जुटी**

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले में पुलिस के सतर्कता और चौकसी के तमाम दावों पर अपराधियों का हौसला भारी है। क्योंकि, अपराधियों का तांडव थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। आए दिन हत्या सहित अन्य घटनाओं के सिलसिले ने पुलिस कप्तान सहित तमाम पुलिस अधिकारियों के रातों की नींद और दिन का चैन उड़ा रखा है। इसी कड़ी में ताजा मामला जिले के चकमेहसी थाना क्षेत्र के नामापुर का है जहां मंगलवार देर रात हुए दोहरे हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई। अज्ञात बदमाशों ने दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही चकमेहसी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने प्रथम दृष्टया घटना के पीछे आपसी वर्चस्व की लड़ाई की आशंका जताई है। पुलिस के अनुसार, 7/8 जुलाई की रात नामापुर में दो लोगों को गोली मारने की सूचना मिली। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए चकमेहसी थाना की पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। वहां पहुंचने पर सूचना सत्य पाया गया। मृतकों की पहचान प्रभात चौधरी, पिता संजय चौधरी, निवासी निमाचक, तथा सन्नी कुमार, पिता मुकेश साह, निवासी बेलसंडी, दोनों थाना चकमेहसी, जिला समस्तीपुर के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार मृतक प्रभात की पूर्व से आपराधिक पृष्ठभूमि भी सामने आई है। शराब कारोबार सहित कई मामले उसपर दर्ज हैं। इस हत्या को पुलिस पिछले दिनों पेशी के दौरान समस्तीपुर कोर्ट परिसर में प्रभात पर हुए हमले से जोड़ कर देख रही है। जिसकी अलग से जांच की जा रही है। उधर, घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक (मिथिला क्षेत्र) दरभंगा, पुलिस अधीक्षक समस्तीपुर तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-2) कल्याणपुर ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल एवं डीआईयू की टीम को भी लगाया गया है। इस बाबत मिली जानकारी के मुताबिक घटना के उद्भेदन व अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर एएसपी सदर 2 के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। यह टीम घटना से जुड़े बिंदुओं पर जांच करते हुए अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले के हर पहलू की सूक्ष्म जांच की जा रही है तथा अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दोहरे हत्याकांड के बाद नामापुर सहित आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस ने क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है।

## निर्वाचन संबंधी गतिविधियों की डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की समीक्षा

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** आगामी निर्वाचन की तैयारियों को लेकर बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची के सतत अद्यतीकरण, निर्वाचन संबंधी विभिन्न प्रक्रियाओं तथा मतदाता सूची में सुधार से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

**मतदाता सूची के सतत अद्यतीकरण पर दिया जोर, उत्कृष्ट निर्वाचन प्रबंधन के लिए डीएम हुए सम्मानित**



बैठक में मौजूद डीएम व अन्य।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि निर्वाचक सूची के सतत अद्यतीकरण (डीएसई) के तहत नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने, त्रुटियों का संशोधन, स्थानांतरण तथा निर्वाचन विभाग, पटना द्वारा उपलब्ध कराए गए डाटाबेस के आधार पर दोहरी प्रविष्टियों (डुप्लिकेट) की पहचान कर नियमानुसार निष्पादन की प्रक्रिया लगातार जारी है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से इस कार्य में सक्रिय सहयोग देने की अपील की। बैठक के दौरान बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के सफल एवं कुशल प्रबंधन के लिए समस्तीपुर जिला प्रशासन को भारत निर्वाचन आयोग एवं महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किए जाने पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा को पाग, चादर एवं गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने में जिला प्रशासन की भूमिका की सराहना की। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने 05 दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से छूट जाने का मुद्दा भी उठाया तथा शीघ्र नाम जोड़ने का अनुरोध किया। इस पर जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि निर्वाचन विभाग से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और पात्र मतदाताओं का नाम नियमानुसार जोड़ा जाएगा। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी बिनोद कुमार सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनमें भाजपा के सुनील कुमार मंडल, राष्ट्रीय जनता दल के सत्यविंद पासवान, कांग्रेस के उपेन्द्र नाथ चौधरी, लोजपा (रामविलास) के अनुपम कुमार सिंह, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के विनय कुमार चौधरी, जनता दल (यू) के सुबोध कुमार सिंह, भाकपा (माले) लिबरेशन की प्रीति कुमारी, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के अनंत कुशवाहा, बहुजन समाज पार्टी के विजय कुमार यादव सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक में सभी राजनीतिक दलों से निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने में जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई।

## सिंडिकेट के हवाले से व्यवसायी से रंगदारी मामले में बेगूसराय से 3 गिरफ्तार, शेष की तलाश जारी

**48 घंटे में रंगदारी नहीं देने पर दी थी अंजाम भुगतने की धमकी,**

**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के गोला रोड स्थित एक व्यवसायी से 'माफिया सिंडिकेट' के नाम पर रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है । जिसमेंउन्होंने बेगूसराय जिले से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में तीनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। इस मामले में बुधवार को संवाददाताओं से बात करते हुए एएसपी विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि, शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। डीएसपी ने बताया की गोला रोड वार्ड संख्या-12 निवासी धर्मेन्द्र कुमार साह (44), पिता स्व. सुरेन्द्र प्रसाद साह ने 4 जुलाई को दलसिंहसराय थाना में लिखित आवेदन देकर बताया था कि 3 जुलाई की शाम करीब 6:45 बजे उनके मोबाइल पर एक कॉल आया। जिसमें कॉल करने वाले ने स्वयं को समस्तीपुर, पटना और बेगूसराय में सक्रिय 'माफिया सिंडिकेट' का सदस्य बताते हुए 48 घंटे के भीतर रंगदारी की रकम की व्यवस्था करने की धमकी दी। रुपये नहीं देने या पुलिस को सूचना देने पर गंभीर अंजाम भुगतने की चेतावनी भी दी गई। शिकायत के आधार पर दलसिंहसराय थाना में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर 7 जुलाई को डीएसपी के नेतृत्व में बेगूसराय जिले के सिंघौल थाना क्षेत्र के नागदाह गांव में छापेमारी कर तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान तीनों ने रंगदारी मांगने की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली, जिसके बाद उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान चन्द्रकांत (22), पिता- योगेंद्र पासवान, ग्राम- नागदाह, थाना- सिंघौल, विकास कुमार (23), पिता- लक्ष्मण राउत बेगूसराय एवं मो. महताब (33), पिता- मो. हसीबुल हसन, ग्राम- नागदाह, थाना- सिंघौल, के रूप में हुई।

## 21वीं अनुसंधान परिषद की तीन दिवसीय बैठक संपन्न

**पूसा (एनएसबी)।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा में चल रही 21वीं अनुसंधान परिषद की तीन दिवसीय बैठक का बुधवार को समापन हो गया। समापन सत्र की अध्यक्षता कुलपति डॉ. पी. एस. पांडेय ने की जबकि विशेषज्ञ के रूप में नवसारी एवं जूनागढ़ कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ ए के पाठक , भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम के पूर्व निदेशक डॉ बी गंगवार एवं बिहार सरकार के अतिरिक्त कृषि निदेशक डॉ प्रमोद कुमार शामिल हुए। बैठक में अगले वर्ष के लिए शोध परियोजनाओं एवं जलवायु-स्मार्ट और तकनीक-आधारित शोध का रोडमैप तय किया गया।



बैठक में मौजूद कुलपति व अन्य।

अनुसंधान परिषद के समापन समारोह में अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ. पी. एस. पांडेय ने वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे वैज्ञानिक प्रयास सीधे तौर पर बिहार और भारत के किसानों के प्रति जवाबदेह होने चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में बाह्य संपोषित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं के अतिरिक्त लगभग दो सौ अनुसंधान परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। इन सभी परियोजनाओं के परिणाम आने वाले समय में बिहार और देश के कृषि को नई दिशा देंगे। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक कृषि को विविधता देने और जलवायु के दबाव से निपटने को तैयार प्रतिबद्ध हैं। डॉ. पांडेय ने कहा कि अब हमें प्रयोगशाला में नवाचार से आगे बढ़कर वास्तविक प्रभाव पर ध्यान देना होगा। सटीक खेती, डिजिटल कृषि और मूल्य संवर्धन के माध्यम से ही हम किसानों की आय बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय आईओटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी नई तकनीकों पर अनुसंधान में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और उन्हें उम्मीद है कि अगले वर्ष केवीके और एफपीओ के माध्यम से विश्वविद्यालय इन तकनीकों को गांव-गांव तक पहुंचाने का प्रयास करेगा। अनुसंधान परिषद की बैठक में प्रभेद एवं तकनीक रिलीज समिति में उच्च उपज वाली मक्का की दो संकर किस्मों ह्वराजेंद्र हाइब्रिड मक्का-5ह्ल और ह्वराजेंद्र हाइब्रिड मक्का-6ह्ल को रिलीज के लिए प्रस्तुत किया गया। इनका उपयोग उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ इथेनॉल उत्पादन में भी किया जा सकेगा। अनुसंधान परिषद की बैठक में डॉ. विशाल कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रसंस्करण एवं खाद्य अभियंत्रण ने गेहूं के लिए आईओटी आधारित रियल टाइम भंडारण निगरानी प्रणाली प्रस्तुत की। इस प्रणाली में सेंसर के माध्यम से तापमान, नमी और अनाज की गुणवत्ता की लगातार निगरानी होगी, जिससे भंडारण में होने वाली हानि को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। यह सेंसर बेस्ड आइओटी तकनीक आने वाले समय में भंडारण के दौरान होने वाले अन्न के नुकसान को कम करने में सहायक होगा। अनुसंधान परिषद के सदस्यों ने इस तकनीक को काफी सराहा। इसके अलावा डॉ. एस. पी. लाल द्वारा विकसित स्केल कैलकुलेटरः थर्स्टन साइकोमेट्रिक विश्लेषण के लिए कम्प्यूटेशनल टूल को भी सामाजिक-आर्थिक शोध की सराहना की गई। बैठक में विश्वविद्यालय द्वारा वित्तपोषित लगभग दो सौ अन्य शोध प्रस्तावों की समीक्षा की गई और उन्हें तेजी से पूर्ण करने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। इनमें आर्टिफिशियल आधारित फसल उपज और मूल्य पूवार्नुमान, रिमोट सेंसिंग से मृदा एवं सूखा निगरानी, प्राकृतिक खेती प्रोटोकॉल, आर्सेनिक का जैव उपचार और सतत मत्स्य पालन मॉडल से संबंधित अनुसंधान भी शामिल हैं। परिषद ने विश्वविद्यालय में चल रही 15 अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजनाओं की भी समीक्षा की। ये परियोजनाएं धान, मक्का, मोटे अनाज, दलहन, कृषि वानिकी, मशरूम, मसाले और कृषि में महिला सशक्तीकरण जैसे विषयों पर काम कर रही हैं। समापन सत्र में बोलते हुए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद मोदीपुरम के पूर्व निदेशक डॉ बी गंगवार ने कहा कि विश्वविद्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आइओटी तकनीक पर चल रहे अनुसंधान की प्रगति को देखकर वे पूरे विश्वास से कह सकते हैं कि अगले तीन से चार वर्षों में विश्वविद्यालय के तकनीक न सिर्फ देश में बल्कि पूरे विश्व में कृषि से संबंधित क्षेत्रों को बदलकर रख देंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को अपने अनुसंधान के डाटा तब तक नहीं जारी करने चाहिए जबतक कि उसका कापीराइट न ले लें क्योंकि उनके महत्व को देखते हुए उनके कापी किये जाने की संभावना है।

जूनागढ़ एवं नवसारी कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. ए. आर. पाठक ने कहा डॉ पांडेय के नेतृत्व में पूसा विश्वविद्यालय ने डिजिटल कृषि और आईओटी को जिस तरह से मुख्यधारा में लाया है वह अन्य विश्वविद्यालयों के लिए उदाहरण है। अब जरूरत है इन तकनीकों को एफपीओ और केवीके के जरिए बड़े पैमाने पर किसानों तक पहुंचाया जाये। उन्होंने विश्वविद्यालय में अनुसंधान के बहु-विषयक दृष्टिकोण की भी सराहना की। और कहा कि पोस्ट हार्वेस्ट तकनीक, संसाधन संरक्षण और फसल सुरक्षा में आर्टिफिशियल और आइओटी का समावेश कृषि को भविष्य के लिए तैयार करेगा।कार्यक्रम का समापन डॉ. एस. के. ठाकुर, कृषि अनुसंधान निदेशालयके धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान निदेशक अनुसंधान डॉ ए के सिंह, कुलसचिव डॉ पी के प्रणव,डीन फिशरीज डॉ पी पी श्रीवास्तव, डीन पीजीसीए डॉ मयंक राय, डीन बेसिक साइंस डॉ अमरेश चंद्रा, विश्वविद्यालय पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ राकेश मणि शर्मा, सूचना पदाधिकारी डॉ कुमार राज्यवर्धन समेत विभिन्न शिक्षक वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।समाचार लिखे जाने तक अनुसंधान परिषद की कार्यवाही चल रही थी। अनुसंधान परियोजनाओं की संख्या को देखते हुए बैठक देर रात दस बजे तक चलने की संभावना है।

## संक्षिप्त खबरें

### 24 लीटर नेपाली शराब और किंग फिसर वियर के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

**जयनगर (एनएसबी)।** भारत- नेपाल की सीमा पर तैनात एस एस बी 48वीं बटालियन की मुख्यालय जयनगर के कमांडेंट राजेन्द्र कुमार के निदेर्शानुसार वाही सीमा चौंकी कमला के कम्पनी कमांडर साहायक कमांडेंट हिमांशु भूषण मोहंती के



नेतृत्व में कमला के जवानों ने भारत सीमा पिलर संख्या 271/04 के रास्ते चोरी-छिपी नेपाल से भारत की ओर आ रहे नेपाली शराब का भारी मात्रा में जब्त किया। पुलिस ने आग की कार्रवाई शुरू कर दी है। नेपाल से बिहार में तस्करी राज्य सरकार के लिए चुनौती बनती जा रही है। जानकारी देते हुए कमला कंपनी के कमांडर सहायक कमांडेन्ट हिमांशु भूषण मोहंती ने बताया कि नाका पार्टी का नेतृत्व कर रहे सहायक उप निरीक्षक ने अपने जवानों के साथ सीमा की ओर नो मैं लैंड पर गश्ती कर रहे थे। उसी दौरान नेपाल के रास्ते तस्कर भारी मात्रा में सर पर शराब की बोतल लेकर भारतीय क्षेत्र में आ रहा था। धंधेबाज को एस एस बी की भनक लगते ही सिर पर लदे शराब को फेंककर नेपाल की ओर भागने लगा। तभी ड्यूटी पर तैनात एसएसबी जवान ने खदेड़ कर दो धंधेबाज को धर दबोचा। गिरफ्तार धंधेबाज कि पहचान देवधा थाना क्षेत्र के उसराही निवासी विजय सहनी के 25 वर्षीय पुत्र राम केवल सहनी एवं शिवा सहनी के 48 वर्षीय पुत्र अशोक सहनी के रूप में हुई है। गिरफ्तार धंधेबाज और जब्त किए गए सामानों को जांच की गई तो उसमें नेपाली सौफी शराब की बोतल 300 एमएल 9 लीटर, ब्लैक ओके देशी शराब 375 एमएल 3.75 लीटर, किंग फिसर बीयर 500 एमएल 12 लीटर पाई गई। जिसे कागजी प्रकिया करते हुए आग्रीम कार्रवाई हेतू जयनगर थाना के हवाले कर दिया गया। जयनगर थानाध्यक्ष रमण कुमार ने बताया कि एसएसबी द्वारा सौंपे गए शराब और दोनों धंधेबाज के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में मधुबनी भेज दिया है।

### मधुबनी नगर निगम के तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कर गाद निकालने की प्रक्रिया अंतिम चरण में

**मधुबनी (एनएसबी)।** बिहार विधान परिषद में सदस्य घनश्याम ठाकुर द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न के जवाब में नगर विकास एवं आवास विभाग ने मधुबनी नगर निगम क्षेत्र के तालाबों की स्थिति स्पष्ट की है। सरकार की ओर से दिए गए जवाब में बताया गया है कि नगर निगम, मधुबनी के अधीन केवल एक तालाब नगर निगम परिसर में स्थित है। इस तालाब से गाद निकालने की कार्रवाई अंतिम चरण में है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि नगर निगम क्षेत्र के अन्य अधिकांश तालाब विभिन्न विभागों अथवा निजी स्वामित्व के अंतर्गत आते हैं। ऐसे सरकारी तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए नगर आयुक्त, मधुबनी ने 25 फरवरी 2025 को अंचलाधिकारी तथा सदर अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र भेजकर अतिक्रमित सरकारी तालाबों की सूची उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। यह जानकारी बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा विधान परिषद में पूछे गए ऑनलाइन प्रश्न संख्या 1/209/389 के लिखित उत्तर में दी गई है। सरकार ने संकेत दिया है कि तालाबों के संरक्षण, गाद निकासी और अतिक्रमण हटाने की दिशा में आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया जारी है।

### सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो मामले में पुलिस का स्पष्टीकरण, भूमि विवाद से जुड़ा निकला मामला

**मधुबनी (एनएसबी)।** सोशल मीडिया पर नगर थाना पुलिस द्वारा एक महिला के साथ मारपीट किए जाने का वायरल वीडियो सामने आने के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-01) से जांच कराई। जांच में सामने आया कि मामला भूमि विवाद से संबंधित है। पुलिस टीम विवादित जमीन पर चल रहे निर्माण कार्य को रुकवाने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर पहुंची थी। कार्रवाई के दौरान सत्तो महतो को थाना लाया गया, जबकि उनकी पुत्री पूजा कुमारी स्वयं पुलिस वाहन में बैठकर थाना पहुंचीं। वहीं, घटनास्थल पर एक व्यक्ति शराब के नशे में पाया गया, जिसे हिरासत में लेकर नगर थाना में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस के अनुसार, आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सत्तो महतो एवं उनकी पुत्री पूजा कुमारी को पी.आर. बॉन्ड पर उनके परिजनों के साथ सुरक्षित भेज दिया गया। वर्तमान में सत्तो महतो एवं पूजा कुमारी सदर अस्पताल, मधुबनी में इलाजरत हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) ने अस्पताल पहुंचकर दोनों का बयान दर्ज किया। वहीं, सदर अस्पताल के चिकित्सक ने प्रथम दृष्ट्या पूजा कुमारी के शरीर पर किसी भी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं पाए जाने की पुष्टि की है। मधुबनी पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित अपुष्ट एवं भ्रामक सूचनाओं पर विश्वास न करें तथा किसी भी जानकारी को सत्यापित करने के बाद ही साझा करें!

### पति-पत्नी के विवाद में बीच-बचाव करने पहुंचे साले पर हमला, दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज; जीजा गिरफ्तार

**जयनगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के डोड़वार पंचायत के वार्ड संख्या-12 स्थित गोबराही गांव निवासी विरेंद्र कुमार ने अपने जीजा अरेर थाना क्षेत्र के भदौरी गांव निवासी रंजीत कुमार यादव के विरुद्ध मारपीट एवं दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मधुबनी भेज दिया। थानाध्यक्ष रमण कुमार ने बताया कि इस संबंध में जयनगर थाना कांड संख्या 321/26 दर्ज किया गया है। प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने आरोपी रंजीत कुमार यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, बुधवार की रात रंजीत कुमार यादव अपनी पत्नी खुशबू कुमारी के साथ किसी बात को लेकर विवाद कर रहा था। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपी ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता ने इसकी जानकारी अपने भाई विरेंद्र कुमार को दी और मदद की गुहार लगाई। सूचना मिलने पर विरेंद्र कुमार अपनी बहन के घर पहुंचे और पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद को शांत कराने का प्रयास किया। आरोप है कि इस दौरान रंजीत कुमार यादव ने अपने साले पर हमला कर दिया और उसके साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद घायल विरेंद्र कुमार ने जयनगर थाना पहुंचकर अपने जीजा के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। प्राथमिकी में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी रंजीत कुमार यादव अपनी पत्नी खुशबू कुमारी के साथ लंबे समय से दहेज को लेकर प्रताड़ना करता था। आए दिन उसके साथ मारपीट और विवाद होता था, जिसकी जानकारी वह अपने मायके पक्ष को देती रहती थी। इस बार भी दहेज की मांग को लेकर विवाद बढ़ा और मारपीट की घटना हुई। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं दहेज प्रतिषेध कानून की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में मधुबनी भेज दिया गया। थानाध्यक्ष रमण कुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है तथा आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। यदि जांच में अन्य तथ्य सामने आते हैं तो उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

### राष्ट्रीय टीम के द्वारा मध्य विद्यालय परसौनी का किया गया निरीक्षण

**बिस्फी (एनएसबी)।** राष्ट्रीय स्तर पर चयनित प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय परसौनी सह उच्च माध्यमिक विद्यालय परसौनी उत्तरी का बुधवार को राष्ट्रीय स्तर के दिल्ली से आए हुए विशेष टीम के द्वारा निरीक्षण किया गया. एसएचभीआर के बिहार, झारखंड एवं उड़ीसा के प्रधान अखिलेश कुमार के नेतृत्व में दिल्ली कि एक विशेष टीम के द्वारा विद्यालय के विभिन्न बिंदुओं पर जांच की गई. जानकारी हो कि प्रधानाध्यापक राजेश कुमार झा अपने अथक प्रयासों के फलस्वरूप अपने विद्यालय को देश स्तर मे राष्ट्रीय स्वच्छता एवं हरित अभियान के तहत राष्ट्रीय स्तर पर 46 वें स्थान जबकि राज्य में छठा एवं जिले में पहला स्थान चयनित करवाकर विद्यालय के प्रतिष्ठा राष्ट्रीय स्तर पर बनाई व पहचान दिलाई है. इस टीम के लीडर अखिलेश कुमार ने बच्चों से स्कूल में संचालित बाल संसद, किशोरी मंच, मीना मंच, सोप बैंक, मास्क बैंक और पैड बैंक तथा स्वच्छता के बारे में व्यापक पूछताछ और जानकारी ली. टीम ने बच्चों के द्वारा दिए गए जवाब से काफी संतुष्ट दिखे. दिल्ली की टीम ने प्रधानाध्यापक राजेश झा के नेतृत्व में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद जो उपलब्धियां हासिल की है वह काबिले तारीफ है.

# सोमवारी श्रावणी मेले को लेकर विधि व्यवस्था पर बैठक

**मंदिर परिसर में नही लगेगा किसी प्रकार का बाजार : जिलाधिकारी ● श्रसोमवारी श्रावणी मेले के दौरान विधि व्यवस्था संधारण एवं इस अवसर पर सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मेला आयोजन को लेकर टीसीपी भवन बिस्फी में शांति समिति की आयोजित हुई ● मेला क्षेत्र के सभी महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में जिले के तेज-तर्रार**



स्थल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी



बैठक करते जिलाधिकारी

**मधुबनी (एनएसबी)।** सोमवारी श्रावणी मेले के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण एवं इस अवसर पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मेला आयोजन को लेकर टीसीपी भवन बिस्फी में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम शांति समिति के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि इस वर्ष श्रावण मास का शुभारंभ 30 जुलाई 2026 से होगा तथा श्रावणी पूर्णिमा एवं रक्षाबंधन का पर्व 28 अगस्त 2026 को मनाया जाएगा। इस वर्ष श्रावण मास में चार सोमवारी पर्व मनाया जाएंगे। प्रथम सोमवारी 03 अगस्त, द्वितीय सोमवारी 10 अगस्त, तृतीय सोमवारी 17 अगस्त , एवं चतुर्थ एवं अंतिम सोमवारी 24 अगस्त को मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि श्रावणी पूर्णिमा एवं रक्षा बंधन 28 अगस्त को मनाये जाने की सूचना प्राप्त हुई है। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रावण मास जिले में धार्मिक आस्था परंपरा एवं सांस्कृतिक महत्व से जुड़ा पर्व है जिसमें विशेष कर सोमवारी को जिले के विभिन्न शिवालियों यथा उगना महादेव,बाबा कपालेश्वर महादेव आदि महत्वपूर्ण मंदिरों में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ती है।उन्होंने कहा कि इस अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण एवं आपसी सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मेले का आयोजन को लेकर सभी महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में तेज तर्रार दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी,साथ ही काफी संख्या में पुलिस बल की भी तैनाती होगी।सभी महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे एवं वीडियो ग्राफी द्वारा नजर रखी जाएगी। चिन्हित सभी संवेदनशील स्थलों एवं कांवरियों के गुजरने वाले मार्गो पर विशेष रूप से निगरानी रखी जाएगी। सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की मंशा रखने वाले असामाजिक तत्वों पर नजर रखने एवं उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। सभी चयनित स्थलों पर बैरिकेडिंग एवं ड्राप गेट के निर्माण का भी निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि भैरवा मंदिर परिसर में किसी प्रकार का बाजार नहीं लगेगा।* *साथ ही उन्होंने वरीय पदाधिकारियों के मेला क्षेत्र का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए। जिलाधिकारी द्वारा सभी भीड़भाड़ वाले स्थानों जैसे, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर भी विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। इस दौरान सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी बरते जाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि असामाजिक तत्वों द्वारा अफवाहों को फैलाने के प्रयास को रोका जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि विधि व्यवस्था संधारण के लिए सभी अनुमंडल स्तर पर अनुमंडल नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी। रोस्टर के हिसाब से अधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सा दल, विद्युत आपूर्ति, गश्ती दल आदि के लिए पर्याप्त इंतजाम किए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। शांति समिति के सदस्यों द्वारा बारी-बारी से अपने सुझाव दिए गए साथ ही उनके द्वारा कई महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की गई। शांति समिति के सभी उपस्थित सदस्यों ने भी एक स्वर में पूरे सौहार्दपूर्ण वातावरण में श्रावणी पर्व मनाए जाने की बात कही। इस अवसर पर शांति समिति के माननीय सदस्य सहित अन्य वरीय अधिकारी सदस्य उपस्थित थे।

## भैरवा श्रावणी मेला को शांतिपूर्ण सौहार्द वातावरण मनाने को लेकर किया गया शांति समिति की बैठक

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित टीपीसी भवन के सभागार में बुधवार को भैरवा श्रावणी मेला शांतिपूर्ण एवं सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता डीएम आनंद शर्मा ने की. इस मौके पर उपस्थित सदस्यों ने साफ सफाई, पेयजल, रोशनी, शौचालय,दवा सहीत कई सड़कों की मरम्मत, शिव भक्त की ठहराव की व्यवस्था एवं उनकी बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान देने की अपील प्रशासन से की गई. सांसद प्रतिनिधि विष्णु देव सिंह यादव ने कहा कि भैरवा महोत्सव, विद्यापति भूमि को पर्यटन स्थल का प्रस्ताव सरकार के समक्ष भेजा जाए. जिले में कई महोत्सव होते हैं लेकिन विद्यापति की भूमि जन्मस्थली पर कोई महोत्सव नहीं की जा रही है. जो चिंता का विषय है. इस पर डीएम आनंद शर्मा ने तत्काल इस पर कार्यवाही करने की बात कही.शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए डीएम आनंद शर्मा ने कहा कि मंदिर परिसर में जो मेला लगाया जाता है जो प्रशासनिक दृष्टिकोण से ठीक नहीं है उसे मंदिर परिसर के निकट उच्च स्थान पर मेला लगाया जाय. इसकी दायरा और बढ़ेगी और अधिक मेले में दुकान बढ़ेगा और व्यवसाय भी होगी. एवं लोगों को व्यवसाय में सहयोग भी मिलेगा. इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया.वहीं कोकिला चौक एवं रमुनिया के बीच मेला लगाने की कार्रवाई की जा रही है. आनंद शर्मा ने कहा कि यह विद्यापति की धरती रही है. यहां के लोग मधुर भाषी हैं. एवं भाईचारे के साथ जीवन व्यतीत करते हैं. यहां के लोगों ने जिस प्रकार से आपसी समन्वय बनाकर भैरव श्रावणी मेला सहीत सभी पर्व त्यौहार मनाते हैं वह काबिले तारीफ है. इस बार भी शांतिपूर्ण वातावरण में जलाभिषेक किया जाएगा. वही ग्रामीण एसपी शिवम धाकड़ ने कहा कि विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कई कदम उठाए गए हैं.सारदे लिवाह में पुलिस बल के साथ मजिस्ट्रेट चौक चौराहे पर तैनात रहेंगे असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए दिशा निर्देश दिए गए हैं. 107 की कार्रवाई भी की जा रही है. डीजे पर पूर्णत प्रतिबंध रहेगा. कहा कि शांतिपूर्ण व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सजग और सतर्क है. बैठक में एडीएम मुकेश रंजन झा, एसडीएम सारंग पाणि पांडेय, एसडीपीओ अमित कुमार, बीडीओ बसंत कुमार सिंह, सीओ संतोष कुमार प्रमुख रीता कुमारी, राजस्व पदाधिकारी सविता कुमारी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत यादव, सीमा मंडल मो अकरम,मो जियाउद्दीन, मो ताजुद्दीन,मो कपिल सहित भारी संख्या में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे.



बैठक में उपस्थित पदाधिकारी गण एवं जनप्रतिनिधि।

## जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के एकीकृत भवन हेतु भूमि आवंटन की प्रक्रिया तेज

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में अपर समाहर्त्ता (राजस्व) मधुबनी की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण अनुश्रवण समिति की बैठक कल मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक के दौरान समिति के सचिव-सह-जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी ने कार्यसूची प्रस्तुत करते हुए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के सुदृढ़ीकरण एवं भूतपूर्व सैनिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की। इनमें जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के लिए एकीकृत भवन निर्माण हेतु शीघ्र भूमि आवंटन, स्पर्श सेंटर के लिए कार्यालय कक्ष उपलब्ध कराना, जिला विधिक सेवा प्राधिकार से संबद्ध एवं अधिवक्ताओं के लिए कार्यालय व्यवस्था सुनिश्चित करना, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के लिए एक अतिरिक्त कक्ष उपलब्ध कराना, भूमि विवादों के त्वरित निष्पादन तथा सैनिक हेल्प डेस्क के प्रभावी संचालन जैसे विषय प्रमुख रहे।अपर समाहर्त्ता मुकेश रंजन ने सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि भूतपूर्व सैनिकों की भूमि संबंधी समस्याओं की अनुमंडल वार सूची तैयार कर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके।उन्होंने बताया कि जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के एकीकृत भवन हेतु भूमि आवंटन की प्रक्रिया प्रगति पर है तथा शीघ्र ही इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई पूरी की जाएगी। साथ ही, स्पर्श कर्मियों एवं के लिए अतिरिक्त कार्यालय कक्ष की पहचान कर उसे उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अपर समाहर्त्ता मुकेश रंजन ने जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी को सैनिक हेल्प डेस्क में लंबित मामलों की अद्यतन सूची तैयार कर अगली अनुश्रवण समिति की बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, ताकि प्रत्येक मामले की समीक्षा कर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने भूतपूर्व सैनिकों के हित में प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए विभिन्न सुझाव भी दिए, जिन पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। उक्त बैठक में जिले के सभी अनुमंडलों से आए भूतपूर्व सैनिक प्रतिनिधियों, समिति के सदस्यों तथा संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।




बैठक करते अधिकारी।

## मधुबनी शहर को मिली ₹2.33 करोड़ की बड़ी सौगात, एमआरएफ व कम्पोस्ट पिट निर्माण को मिली मंजूरी

**"आधुनिक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से बदलेगी शहर की स्वच्छता व्यवस्था, डीएम बोलेझ्र स्वच्छ और हरित मधुबनी की दिशा में ऐतिहासिक कदम"**

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी शहर की स्वच्छता व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग ने नगर निगम, मधुबनी में मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) एवं कम्पोस्ट पिट के निर्माण के लिए ₹2 करोड़ 33 लाख 60 हजार की स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना से शहर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की आधुनिक व्यवस्था विकसित होगी। समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने बताया कि यह स्वीकृति जिला प्रशासन के सतत प्रयास, विभागीय समन्वय, नियमित अनुश्रवण और लगातार किए गए पत्राचार का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह केवल वित्तीय स्वीकृति नहीं, बल्कि मधुबनी के सुनियोजित शहरी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

डीएम ने बताया कि परियोजना के तहत शहर में निकलने वाले सूखे एवं गीले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से पृथक्करण, पुनर्चक्रण तथा जैविक कचरे से कम्पोस्ट तैयार किया जाएगा। इससे कचरे के वैज्ञानिक निष्पादन, पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि विभागीय स्वीकृति के अनुसार परियोजना के लिए लगभग आठ एकड़ भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। मधुबनी जिले के छह नगर निकायों के लिए एमआरएफ एवं कम्पोस्ट पिट निर्माण का कार्य दो क्लस्टरों में होगा। पहले क्लस्टर में मधुबनी नगर निगम के साथ बेनीपट्टी एवं जयनगर नगर निकायों को शामिल किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन इस महत्वाकांक्षी परियोजना के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। परियोजना पूरी होने के बाद मधुबनी शहर की स्वच्छता व्यवस्था आधुनिक तकनीक से सुसज्जित होगी और शहर स्वच्छ, हरित एवं सतत विकास के क्षेत्र में बिहार के अग्रणी नगरों में अपनी पहचान बनाएगा।

इस अवसर पर नगर निगम के मेयर अरुण राय, नगर आयुक्त उमेश कुमार, अपर समाहर्ता मुकेश राजन झा सहित कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।



## ऑनलाइन होल्डिंग टैक्स भुगतान मॉड्यूल का जिलाधिकारी, आनंद शर्मा ने किया शुभारंभ

**कार्यक्रम के दौरान 05 होल्डर्स ने ऑनलाइन जमा किया होल्डिंग टैक्स**

**मधुबनी (एनएसबी)।** नागरिक सुविधाओं को डिजिटल, सरल एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से बुधवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिलाधिकारी, आनंद शर्मा के द्वारा ऑनलाइन होल्डिंग टैक्स भुगतान मॉड्यूल का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर 05 होल्डर्स के द्वारा यूपीआई पैमेंट के माध्यम से अपना होल्डिंग टैक्स जमा कराया गया। जिसमें मनीष कुमार ने 39 हजार 984 रु., सुरेश्वर साफी ने 7 सौ 57 रु., रामचंद्र महतो ने 2 हजार 112 रु., इंद्रा झा ने 9 सौ 28 रु. तथा पुनीता देवी ने 1 हजार 22 रु. होल्डिंग टैक्स जमा किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी, आनंद शर्मा ने कहा कि गुड गवर्नेंस, ई-गवर्नेंस से होकर ही आता है। तकनीकों का अधिक-से-अधिक उपयोग कर जनता को पारदर्शिता के साथ सेवाएं दी जा सकती है। इसी कड़ी में नगर निगम, मधुबनी के द्वारा नागरिक सुविधाओं को डिजिटल, सरल और पारदर्शी बनाने की दिशा में अब ऑनलाइन होल्डिंग टैक्स मॉड्यूल के माध्यम से टैक्स जमा करने की सुविधा शुरू की गयी है।जिससे नगर निगम क्षेत्र के लोगों को होल्डिंग टैक्स जमा करने के लिए निगम कार्यालय का चक्कर नही लगाना पड़ेगा। उन्होंने कहा की 36 हजार से अधिक होल्डर्स घर बैठे कंप्यूटर एवं मोबाइल के द्वारा कही से भी होल्डिंग टैक्स का भुगतान पोर्टल के माध्यम से कर सकते है।जो होल्डर ससमय होल्डिंग टैक्स का भुगतान करेंगे उन्हें प्रोत्साहित किया जायेगा। साथ ही वैसे होल्डर जो होल्डिंग टैक्स का भुगतान लंबे समय से नही किया है, उन्हें चिन्हित कर जुमार्ना भी लगाया जायेगा। इसके साथ ही आने वाले दिनों में नगर निगम के द्वारा नगर निगम क्षेत्र के सी.एस.सी. एवं वसुधा केंद्र के संचालकों तथा ऑनलाइन दुकान संचालकों के साथ बैठक कर वैसे होल्डर जो स्वयं होल्डिंग टैक्स का भुगतान करने में सक्षम नही है, उनका होल्डिंग टैक्स का भुगतान करने पर उन्हें भी प्रोत्साहित किया जायेगा। इसके लिए सीएससी एवं वसुधा केंद्र को होल्डिंग टैक्स के भुगतान के लिए सम्बद्ध भी किया जायेगा।विदित हो कि इसका लाभ नगर निगम क्षेत्र के बड़ी संख्या में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी मिलेगा जो ऑनलाइन भुगतान मॉड्यूल शुरू होने के साथ ही घर बैठे मोबाइल या कंप्यूटर के द्वारा टैक्स जमा कर सकते है। टैक्स जमा करने की प्रक्रिया सरल और त्वरित होने के साथ अधिक पारदर्शी भी होगी। लोगों को होल्डिंग टैक्स जमा करने के लिए नगर निगम कार्यालय आना पड़ता है। नई व्यवस्था शुरू होने से इन समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलेगी।




टैक्स पैड प्रमाण पत्र।

विवाहिता की संदिग्ध मौत के बाद पुलिस ने आरोपी दरभंगा जिले के जाले प्रखंड में पदस्थापित बीडीओ मनोज कुमार पर कसा शिकंजा

# हत्या के आरोप में बीडीओ व उसकी प्रेमिका दारोगा गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)।** तीन दिन पहले नगर के मिठनपुरा थाना क्षेत्र के मिठनपुरा मोहल्ले में दरभंगा जिले के जाले प्रखंड में पदस्थापित बीडीओ मनोज कुमार की पत्नी अमृता कुमारी की बीडीओ के निजी आवास में हुई संदेहास्पद मौत के मामले में पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी बने प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। इस गिरफ्तारी के बाद से प्रशासनिक महकमे और स्थानीय इलाके में हड़कंप मच गया है।

मृतका अमृता कुमारी की मौत के बाद उसके मायके वालों ने बीडीओ मनोज कुमार पर बेहद गंभीर और संगीन आरोप लगाए हैं। परिजनों का आरोप है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार ने शादी के बाद अमृता के मायके वालो से दहेज स्वरूप 10 लाख रुपए माँगने तथा बीडीओ मनोज कुमार का किसी दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध होने का आरोप लगाया था। मृतका अमृता के भाई राजकुमार ने जाले बीडीओ मनोज कुमार पर दहेज और किसी दूसरी महिला के साथ मनोज कुमार का अवैध संबंध होने के कारण घर में लगातार कलह होने तथा दूसरी महिला से संबंध होने के कारण बीडीओ मनोज कुमार तथा उनके परिवार के सदस्यों द्वारा अमृता को प्रताड़ित करने और 5 जुलाई को जहर देकर उसकी हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए मिठनपुरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए मुजफ्फरपुर पुलिस ने मृतका के परिजनों द्वारा लगाए गए संगीन आरोपों और प्राथमिक जांच के आधार पर ठोस कदम उठाते हुए आरोपी बीडीओ मनोज कुमार को मंगलवार की रात दरभंग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इस मामले में हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है ताकि मौत के पीछे की असली सच्चाई और कड़ियों को जोड़ा जा सके। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मुजफ्फरपुर जिले के बंदरा प्रखंड के पियर इलाके के



पुलिस गिरफ्त में पत्नी की हत्या का आरोपी जाले बीडीओ मनोज कुमार।

निवासी आरोपी बीडीओ मनोज कुमार ने पुलिस पूछताछ में घटना के पीछे पारिवारिक विवाद की बात स्वीकार की है। पुलिस ने बीडीओ पर लगे आरोपों की जांच के लिए उनके दोनों मोबाईल को जब्त कर लिया है।

पुलिस के अनुसार बीडीओ के दोनों मोबाईल की जांच में बेगूसराय में पदस्थापित एक महिला दारोगा का नंबर मिला है, जिससे मृतका के भाई द्वारा किसी महिला से बीडीओ मनोज कुमार के अवैध संबंध होने के आरोप प्रमाणित होता है। पुलिस का कहना है कि बीडीओ के जब्त दोनों मोबाईल फोन की फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी। साथ हीं मोबाइल के चैट, कॉल डिटेल और सोशल मिडिया की भी जांच की जाएगी, जिससे इस मामले के कई राज खुलने की प्रबल संभावना है। इसके साथ ही मृतका के शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट और

**आरोपी बीडीओ की दो मोबाइल और गिरफ्तार महिला दारोगा की मोबाईल जब्त, तीनो मोबाईल की होंगी फॉरेंसिक जांच**

**परिजनों ने दहेज और अवैध संबंध का लगाया है आरोप, मामले की गहन जांच में जुटी पुलिस**

वैज्ञानिक साक्ष्यों का भी इंतजार किया जा रहा है ताकि मौत के सही कारणों का खुलासा हो सके।

उधर, पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार बीडीओ मनोज कुमार के मोबाइल में बेगूसराय में पदस्थापित एक महिला दारोगा अन्नु कुमारी का फोन नंबर मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दरभंगा जिले के जाले बीडीओ की कथित प्रेमिका अन्नू कुमारी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही जांच के लिए उसकी मोबाईल भी जब्त की गई है। इस कार्रवाई के बाद पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया है और पुलिस की तफ्तीश का दायरा और व्यापक हो गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अन्नू कुमारी मूल रूप से सीतामढ़ी जिले के सुरसंड की रहने वाली है। वर्तमान में वह बेगूसराय जिले के एक थाने में सब-इंस्पेक्टर (दारोगा) के पद पर कार्यरत है।

टीम ने उसे सीतामढ़ी से हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद विधि सम्मत कार्रवाई शुरू कर दी है। अब जांच एजेंसियां उसके और आरोपी बीडीओ के बीच संबंधों, कॉल डिटेल, डिजिटल साक्ष्यों और अन्य अहम पहलुओं की बारीकी से पड़ताल कर रही है। ज्ञात हो कि यह पूरा मामला तब सुर्खियों में आया, जब बीडीओ की पत्नी अमृता कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को परिजनों ने इसे सामान्य मौत या आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए गहरी साजिश बताते हुए पुरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की थी। घटना की प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने विभिन्न पहलुओं पर जांच शुरू की। जांच के दौरान मिले साक्ष्यों और तकनीकी इनपुट के आधार पर पहले आरोपी बीडीओ को गिरफ्तार किया गया। अब कथित प्रेमिका अन्नू कुमारी की गिरफ्तारी के बाद इस मामले में कई नए राज खुलने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि घटना से पहले और बाद में दोनों के बीच क्या बातचीत हुई थी और क्या इस पूरे घटनाक्रम में किसी अन्य व्यक्ति की भी भूमिका रही है।

फिलहाल पुलिस मामले की हर कड़ी को जोड़ने में जुटी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वैज्ञानिक साक्ष्यों, डिजिटल रिकॉर्ड और पूछताछ में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, मृतका के परिजनों ने सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग दोहराई है। अब इस हाई-प्रोफाइल मामले में सबकी निगाहें पुलिस की अगली कार्रवाई और जांच के निष्कर्ष पर टिकी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### कुढ़नी के केरमाँ मठ और बौद्ध मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में किया जाएगा विकसित : केदार गुप्ता

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)** । राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने बुधवार को कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र के केरमाँ मठ पहुँचकर भगवान शिव-पार्वती मंदिर एवं बौद्ध मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की। इसके उपरांत उन्होंने मंदिर परिसर एवं संभावित पर्यटन स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही स्थानीय श्रद्धालुओं एवं इलाके के लोगो के साथ विचार साझा किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने मंत्री श्री गुप्ता का भव्य स्वागत किया एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर अभिनंदन किया। मौके प पर्यटन मंत्री ने केरमा मठ एवं बौद्ध मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित और संरक्षित करने की बात कही। उन्होंने क्षेत्र के धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व को संरक्षित एवं विकसित करते हुए उसे प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। साथ ही क्षेत्र के सर्वांगीण विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की।



केरमा शिव मंदिर में पूजा अर्चना करते पर्यटन मंत्री केदार प्र गुप्ता।

### मुजफ्फरपुर की बड़ी परियोजनियों को मिलेगी रफ्तार, सड़क-पुल निर्माण के लिए बड़ी बजट को मंजूरी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** राज्य सरकार ने सड़क और पुलों के निर्माण व आधुनिकीकरण के लिए 21 हजार करोड़ रुपये के बड़े बजट को मंजूरी दे दी है। इस फैसले से मुजफ्फरपुर समेत पूरे बिहार की कई महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना परियोजनियों को गति मिलने की उम्मीद है। पथ निर्माण विभाग के संकल्प के अनुसार 15 हजार करोड़ रुपये बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड तथा 6 हजार करोड़ रुपये बिहार राज्य पुल निर्माण निगम को आवंटित किए गए हैं। यह राशि राज्य सरकार की गारंटी पर विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों से ऋण के रूप में जुटाई जाएगी। विभाग ने कर्ज की अदायगी के लिए अधिकतम 25 वर्ष की समय सीमा निर्धारित की है और राशि के पारदर्शी उपयोग की जिम्मेदारी दोनों निगमों के अधिकारियों को सौंपी गई है। सरकार "बिहार पथ उपयोगकर्ता शुल्क नियमावली-2026" लागू करने की तैयारी में है। इसके तहत नई सड़कों और पुलों पर वसूले जाने वाले टोल टैक्स का उपयोग ऋण चुकाने में किया जाएगा, जिससे परियोजनाओं के वित्तीय प्रबंधन को मजबूती मिलेगी। इस बजट से मुजफ्फरपुर जिले की कई महत्वपूर्ण परियोजनियों को भी नई गति मिलेगी। करीब 800 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे हथौड़ी-अतरार-बभनगामा-औराई पथ के लिए भूमि अधिग्रहण का मुआवजा जल्द भुगतान होने की संभावना है, जिससे निर्माण कार्य में तेजी आएगी। वहीं पारू के फतेहाबाद में बूढ़ी गंडक नदी पर लगभग 500 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित तीन किलोमीटर लंबे महासेतु के निर्माण का रास्ता भी साफ होगा। इसके अलावा बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के तहत दादर पुल के पुनर्निर्माण, अखाड़ाघाट पुल परियोजना, दादर पुल की मरम्मत तथा माड़ीपुर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के मरम्मत कार्य में भी तेजी आने की उम्मीद है। सरकार का मानना है कि इस निवेश से राज्य में बेहतर सड़क संपर्क, तेज आवागमन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं मुजफ्फरपुर सहित कई जिलों की वर्षों से लंबित परियोजनाओं को भी नई रफ्तार मिलेगी।

## मुजफ्फरपुर में स्मैक की तस्करी के फैमिली सिंडिकेट का हुआ पदार्फाश

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** शहर के मिठनपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने नशे के कारोबार का ऐसा मामला उजागर किया है, जिसने सभी को हैरान कर दिया। यहां एक ही परिवार की तीन पीढ़ियां दादा, पिता और पोता मिलकर स्मैक बेचने का धंधा चला रहे थे। पुलिस ने छापेमारी कर

**दादा, पिता और पोता मिलकर बेच रहे थे प्रतिबंधित मादक पदार्थ, एक हजार पुड़िया के साथ खुलासा**

19 वर्षीय राहुल कुमार को एक हजार पुड़िया लगभग 367. 5 ग्राम स्मैक, इलेक्ट्रॉनिक तराजू और मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया है।

वहीं इस पूरे नेटवर्क का सरगना बताया जा रहा गिरफ्तार राहुल का दादा शिवशंकर शर्मा मौके से फरार हो गया। जबकि राहुल के पिता ओमप्रकाश शर्मा की भी पुलिस को तालाश है। पुलिस के अनुसार कालीबाड़ी रोड के पास एक झोपड़ी को स्मैक रखने और छोटी-छोटी पुड़िया बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। पूछताछ में राहुल ने बताया कि दादा और पिता बड़ी मात्रा में स्मैक लाते थे और उसी झोपड़ी में उसकी पैकिंग करते थे। इसके बाद तैयार पुड़ियों को बेचने का काम राहुल करता था। पुलिस छापामारी के दौरान राहुल की जेब से सौ पुड़िया स्मैक बरामद हुई। इसके बाद जब पुलिस ने झोपड़ी की तलाशी ली तो बिस्तर के नीचे छिपाकर रखी गई 900 पुड़िया स्मैक और एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से अन्य जरूरी सामान भी जब्त किया है। इस मामले में पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में इस तथ्य का पता चला है कि इस पूरे कारोबार में परिवार के तीनों सदस्य अपनी-अपनी भूमिका निभा रहे थे। दादा और पिता स्मैक खरीदने, उसकी पैकिंग करने और स्टॉक संभालने का काम करते थे, जबकि राहुल शहर के अलग-अलग इलाकों में जाकर ग्राहकों तक स्मैक पहुंचाता था। घटना वाले दिन भी वह 100 पुड़िया लेकर सप्लाई करने निकला था, तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। इस मामले में मिठनपुरा थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने फरार दादा शिवशंकर शर्मा और पिता ओमप्रकाश शर्मा की गिरफ्तारी के लिए कई स्थानों पर छापेमारी की, लेकिन दोनों फरार मिले। पुलिस का कहना है कि पूरे नेटवर्क को खत्म करने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है और जल्द ही बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



स्मैक की पुड़िया के साथ गिरफ्तार युवक के संबंध में जानकारी देते सिटी एसपी।

## नेपाल में भारी बारिश से तिरहुत की नदियों का जलस्तर बढ़ा, जिला प्रशासन अलर्ट



नेपाल में हो रही बारिश ने उतर बिहार की नदियों का बढ़ाया उफान।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नेपाल के तराई क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बारिश का असर अब उत्तर बिहार के तिरहुत प्रमंडल में साफ दिखाई देने लगा है। नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ने के कारण मुजफ्फरपुर सहित आसपास के जिलों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है।

कई चचरी और पीपा पुल प्रभावित हो गए हैं, जबकि निचले इलाकों में रहने वाले लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करने लगे हैं। संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। स्थिति को देखते हुए तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने प्रमंडल क्षेत्र के सभी जिलाधिकारियों को तटबंधों की निगरानी बढ़ाने, संवेदनशील क्षेत्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियां पूरी रखने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन का कहना है कि बिहार में भले ही सामान्य से कम वर्षा हुई हो, लेकिन नेपाल में लगातार हो रही बारिश के कारण अचानक फ्लैश फ्लड जैसी स्थिति बन सकती है।

ऐसे में नदी किनारे बसे लोगों से सतर्क रहने, प्रशासन के निर्देशों का पालन करने तथा अफवाहों से बचने की अपील की गई है। वही प्रशासन द्वारा हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए राहत दलों को तैयार रखा गया है।

## बोचहां में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना का मार्ग प्रशस्त

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बोचहां विधानसभा क्षेत्र में वर्षों से लंबित केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग को लेकर लगातार संघर्ष कर रहीं बोचहां की लोजपा विधायक बेबी कुमारी का प्रयास अब सफलता की ओर अग्रसर होता दिख रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बिहार सरकार द्वारा मुजफ्फरपुर जिले के मुसहरी अंचल अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विधायक बेबी कुमारी ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय की स्थापना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रही है। उन्होंने इस जनहित के मुद्दे को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया था। साथ ही संबंधित विभागों के मंत्रियों एवं अधिकारियों को लगातार पत्र लिखकर शीघ्र काम आगे बढ़ाने का अनुरोध करती आ रही थी। इसके परिणाम स्वरूप सरकार ने अपनी स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से बोचहां एवं आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होगी। इससे शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर सृजित होंगे तथा ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली बच्चों को बेहतर भविष्य की दिशा मिलेगी।



बोचहा विधायक बेबी कुमारी।

**रंग लाया प्रयास**

उन्होंने मिली स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं मंत्रिपरिषद् के सभी मंत्रीगण, तथा इस निर्णय में सहयोग देने वाले सभी संबंधित अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए बोचहां की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा किया है।

## गेरुआ वस्त्र की आड़ में मोतीपुर में शराब के कारोबार का खुलासा

**4 लाख की विदेशी शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार**

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले के मोतीपुर क्षेत्र में बुधवार को एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया, जहां पुलिस और कानून की आंखों में धूल झोंकने के लिए एक तस्कर बकायदा गेरुआ वस्त्र धारण कर लंबे समय से 'साधु' के भेष में शराब का काला कारोबार चला रहा था। उत्पाद विभाग की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए इस शातिर तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसके ठिकाने से 4 लाख रुपये मूल्य की अवैध शराब जब्त की गई है। उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर प्रकाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मोतीपुर थाना क्षेत्र के जुनेदा गांव में एक व्यक्ति साधु के भेष में (गेरुआ वस्त्र धारी) लंबे समय से बड़े पैमाने पर अवैध शराब की तस्करी कर रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद उत्पाद विभाग ने आरोपी को रंगे हाथों दबोचने के लिए एक विशेष जाल बिछाया और उसके पीछे अपने मुखबिरों को लगा दिया। जैसे ही मुखबिर ने तस्कर की गतिविधि और शराब की मौजूदगी की सटीक लोकेशन दी, उत्पाद विभाग की टीम ने बिना वक्त गंवाए मोतीपुर के जुनेदा गांव में धावा बोल दिया। टीम ने वहां गेरुआ वस्त्र धारी कृष्णा राय के भूसा घर में सघन छापेमारी की। तलाशी के दौरान भूसे के ढेर में छिपाकर रखे गए कुल 47 कार्टन विदेशी शराब बरामद की गई, जिसे तुरंत जब्त कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद जब उत्पाद विभाग की टीम ने कृष्णा राय से कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।



गेरूआ वस्त्रधारी शराब माफिया के भूसा घर से बरामद शराब जब्त करती उत्पाद बिभाग की टीम।

उसने बताया कि वह कानून से बचने के लिए गेरुआ वस्त्र पहनता था ताकि किसी को शक न हो। वह काफी दिनों से इस धंधे में शामिल है और पिकअप गाड़ी के जरिए शराब की बड़ी खेप मंगवाकर अपने इस गुप्त ठिकाने पर रखता था, जहां से बाद में इसे खुदरा बाजारों और स्थानीय पियक्कड़ों को ऊंचे दामों पर बेचा जाता था। साधु के भेष में पकड़े गए इस तस्कर की गिरफ्तारी के बाद अब उत्पाद विभाग की नजर इस रैकेट के पीछे छिपे बड़े मगरमच्छों पर है। विभाग को पूछताछ के दौरान कुछ अहम सुराग और बड़े शराब माफियाओं के नाम मिले हैं, जो मुजफ्फरपुर और आसपास के जिलों में शराब की सप्लाई चेन चला रहे हैं। अधिकारियों का दावा है कि इन बड़े सिंडिकेट ऑपरेटरों को भी चिन्हित कर लिया गया है और जल्द ही उन्हें भी सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

## रौतनिया डंपिंग यार्ड पर विधायक का अल्टीमेटम : 31 जुलाई तक काम नहीं बढ़ा तो एक अगस्त से कचरा गिराने पर रोक

नवसंदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर/काँटी।** रौतनिया स्थित कचड़ा डंपिंग यार्ड के निष्पादन कार्य में 31 जुलाई तक संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर स्थानीय विधायक ई. अजीत कुमार ने एक अगस्त से किसी भी परिस्थिति में यहां शहर का कचरा नहीं गिरने देने का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा कि यदि तय समय तक काम आगे नहीं बढ़ा तो प्रशासन के साथ आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

विधायक ने यह बात स्वच्छता निदेशक सह अपर सचिव विजय मीणा के निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों और समर्थकों की मौजूदगी में कही। विधायक ने कहा कि वर्षों से पूरे मुजफ्फरपुर शहर का कचरा रौतनिया में डंप किया जा रहा है, जिससे आसपास के लोगों का जीवन मुहाल हो गया है। दुर्गंध, मक्खियों और मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से लोग गंभीर



निरीक्षण के लिए डंपिंग यार्ड पहुंचने पर विभागीय अधिकारियो को अल्टीमेटम देते क्षेत्रीय विधायक ई. अजीत कुमार ।

बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदूषित वातावरण के कारण आसपास के दर्जनों गांवों का सामाजिक जीवन प्रभावित हुआ है तथा विवाह जैसे रिश्तों में भी परेशानी हो रही है। कई निजी विद्यालयों पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष दिसंबर में तत्कालीन डीएम सुब्रत कुमार सेन ने स्थल का निरीक्षण कर शीघ्र कचरा निष्पादन का आश्वासन दिया था, लेकिन तय समय सीमा में कार्य पूरा नहीं हो सका। नगर निगम की समय सीमा भी विफल रही। विधायक अजीत कुमार ने बताया कि एस मामले में प्रशासन की उपेक्षापूर्ण नीति को देखते हुए उन्होंने विधानसभा की प्राक्कलन समिति की बैठक में प्रधान सचिव के समक्ष इस मुद्दे को उठाकर समाधान की मांग की थी।

जिसके बाद विभागीय मंत्री नीतीश मिश्रा एवं प्रधान सचिव के निर्देश पर स्वच्छता निदेशक सह अपर सचिव विजय मीणा और नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह बुधवार को डंपिंग यार्ड का निरीक्षण करने पहुँचे थे। इस दौरान विजय मीणा ने स्वीकार किया कि स्थल पर लगभग एक लाख मीट्रिक टन कचरा जमा है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि कचड़ा निष्पादन के लिए एजेंसी का चयन कर लिया गया है और आवश्यक मशीनें भी पहुंच चुकी हैं। मौसम अनुकूल रहने पर एक सप्ताह के भीतर कार्य तेज गति से शुरू करा दिया जाएगा। साथ ही यहां आधुनिक मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) प्लांट स्थापित किया जाएगा, जहां सूखे और गीले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण होगा। गीले कचरे से गैस तैयार कर तेल कंपनियों को उपलब्ध कराने की भी विभागीय योजना है।

अधिकारियों के आश्वासन के बाद स्थानीय लोगों का आक्रोश कुछ शांत हुआ। निरीक्षण के दौरान जदयू प्रखंड अध्यक्ष मो शमीम, पूर्व प्रमुख मो. मोहसिन, मोतिउर रहमान, जय किशन कुमार चौहान, अंकेश ओझा, अजीत ओझा, रंजीत कुमार सिंह, मुन्नी लाल सहनी, सुधीर कुमार सिंह, दिलीप पासवान, अली अहमद, कामेश्वर यादव, अखिलेश महतो, शिवजी पासवान, दिनेश पासवान, मोहम्मद मुजीब, संतोष कुमार, विनोद शर्मा, धर्मेंद्र पासवान, रजनीश कुमार सिंह, गजेंद्र झा, पप्पू मिश्रा, नवल सिंह, संदीप ठाकुर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### महादलित टोले में नल-जल योजना फेल, 50 परिवार बूंद-बूंद पानी को मोहताज

**मुजफ्फरपुर।** जिले के मुसहरी प्रखंड के मुसहरी उर्फ राधानगर पंचायत के वार्ड संख्या-5 स्थित महादलित टोला में मुख्यमंत्री नल-जल योजना ग्रामीणों के लिए बेअसर साबित हो रही है। आरोप है कि योजना के तहत पाइपलाइन और नल तो लगाए गए, लेकिन आज तक एक बूंद भी पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी। इसके कारण करीब 50 परिवारों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।
ग्रामीणों के अनुसार भीषण गर्मी और बरसात के मौसम में भी उन्हें स्वच्छ पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। वार्ड पति महादेव पासवान ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार पीएचईडी विभाग में आवेदन दिया गया और संबंधित अधिकारियों से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन न तो कॉल रिसीव किया गया और न ही अब तक कोई ठोस कार्रवाई हुई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना उनके वार्ड में पूरी तरह विफल साबित हुई है। लोगों का कहना है कि योजना पर खर्च होने के बावजूद उन्हें इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा है, जिससे उनमें भारी नाराजगी है। पेयजल संकट से परेशान ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। वार्ड पति ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कराते हुए जल्द से जल्द नल-जल योजना को चालू कराने की अपील की है, ताकि महादलित टोला के करीब 50 परिवारों को स्वच्छ और नियमित पेयजल उपलब्ध हो सके।

### मुजफ्फरपुर में 13 जुलाई से लगेगा सात दिवसीय विशेष ग्रैंडमास्टर शतरंज प्रशिक्षण शिविर, अर्जुन अवार्डी प्रवीण थिप्से देंगे प्रशिक्षण

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** बिहार के शतरंज खिलाड़ियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। मुजफ्फरपुर में 13 जुलाई से 19 जुलाई, 2026 तक विशेष ग्रैंडमास्टर शतरंज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस उच्चस्तरीय प्रशिक्षण शिविर में बिहार के विभिन्न जिलों से चयनित प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भाग लेने का अवसर मिलेगा। यह ऐतिहासिक प्रशिक्षण शिविर अखिल भारतीय शतरंज महासंघ और ऑल बिहार चेस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। वहीं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के सहयोग से इस पहल को मूर्त रूप दिया गया है, जिससे राज्य के उभरते शतरंज खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण मिल सकेगा। शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि भारत के प्रसिद्ध ग्रैंडमास्टर अर्जुन अवार्डी व प्रवीण थिप्से स्वयं खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगे। उनके मार्गदर्शन में चयनित खिलाड़ी आधुनिक शतरंज की रणनीतियां, ओपनिंग, मिडिल गेम और एंडगेम की बारीकियों के साथ प्रतियोगी स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के गुर सीखेंगे। आयोजकों के अनुसार यह प्रशिक्षण शिविर बिहार में शतरंज के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इससे राज्य के युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैयारी करने और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। 13 से 19 जुलाई तक चलने वाले इस विशेष शिविर को लेकर खिलाड़ियों और शतरंज प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने उम्मीद जताई है कि यह पहल बिहार को भविष्य में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के शतरंज खिलाड़ी देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### बंदरा में गाजर उत्पादक किसानों पर संकट, खरीदार नहीं मिलने से खेत से लेकर कोल्ड स्टोर तक सड़ रही फसल

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिले के बंदरा प्रखंड के गाजर उत्पादक किसान इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। अच्छी पैदावार होने के बावजूद स्थानीय बाजार में खरीदार नहीं मिलने से किसानों को अपनी उपज औने-पौने दाम पर बेचनी पड़ रही है, जबकि बड़ी मात्रा में गाजर सड़कर बर्बाद हो रही है। कई किसानों को मजबूरी में सड़ी हुई फसल फेंकनी पड़ रही है। किसानों ने बताया कि इस वर्ष उन्होंने महंगे बीज, खाद और सिंचाई पर भारी खर्च कर गाजर की खेती की थी। फसल भी उम्मीद के मुताबिक तैयार हुई, लेकिन क्षेत्र में पर्याप्त बाजार और खरीदार नहीं होने से उनकी उपज नहीं बिक सकी। बेहतर कीमत मिलने की उम्मीद में कई किसानों ने गाजर को कोल्ड स्टोर में सुरक्षित रखा, लेकिन बढ़ती गर्मी और पर्याप्त शीतलन व्यवस्था नहीं होने के कारण वहां भी करीब 50 प्रतिशत गाजर खराब हो गई। क्षेत्र के रतवारा, मतलूपुर समेत आसपास के गांवों के किसानों का कहना है कि फसल तैयार करने में लगी लागत भी अब निकलना मुश्किल हो गया है। लगातार हो रहे नुकसान से उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है और खेती करना भी चुनौती बनता जा रहा है। किसानों का आरोप है कि क्षेत्र में सब्जियों के लिए व्यवस्थित मंडी और आधुनिक भंडारण सुविधा का अभाव है। यदि स्थानीय स्तर पर बाजार और बेहतर कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था होती तो उनकी फसल बर्बाद नहीं होती। किसानों ने सरकार से नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा देने, स्थानीय सब्जी मंडी स्थापित करने तथा आधुनिक भंडारण व्यवस्था विकसित करने की मांग की है।कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि उत्पादन बढ़ने के साथ यदि विपणन और भंडारण की समुचित व्यवस्था नहीं हो, तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। बंदरा के गाजर किसानों की मौजूदा स्थिति भी इसी समस्या का उदाहरण बन गई है।


खरीददार नहीं मिलने की स्थिति में खेत में ही सड़ रहा किसानों द्वारा उपजाया गाजर।

### दरभंगा जिले के बेनीपुर में पुरानी रंजिश में 9 घायल, एक डीएमसीएच रेफर

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बहेड़ा थाना क्षेत्र के महिनाम गांव में पुरानी रंजिश और एफआईआर वापस लेने के विवाद को लेकर मंगलवार कि रात जमकर हुई मारपीट ।इस घटना में एक ही समुदाय के दो पक्षों के कुल 9 लोग घायल हो गए।स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को आनन-फानन में अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल मोहम्मद न्यूरो उर्फ नूरो नदाफ को बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। अन्य घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में जारी है। एक पक्ष के परिजनों का आरोप है कि पुराने विवाद में दर्ज एफआईआर को वापस लेने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था। इसी को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ा और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 585 लीटर नेपाली शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**तारडीह (एनएसबी)।** सकतपुर थाना पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 585 लीटर नेपाली 'मामा श्री' देशी शराब के साथ एक टेम्पो जब्त किया है। इस दौरान पुलिस ने एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया ।थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सूतहरिया बांध के रास्ते बड़ी मात्रा में अवैध शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान पर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही तस्कर भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन जवानों ने उसे मौके पर ही दबोच लिया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान पूर्णिया जिले के भवानीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत साहेबगंज निवासी रविशंकर कुमार सिंह के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान टेम्पो से 585 लीटर नेपाली 'मामा श्री' देशी शराब बरामद की गई, जिसे जब्त कर लिया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

---

**बाल श्रम उन्मूलन को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला टास्क फोर्स की बैठक**

# विमुक्त बाल श्रमिकों को विद्यालय से जोड़ना बाल हित में सबसे महत्वपूर्ण : रिची पाण्डेय

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बाल श्रम उन्मूलन अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने तथा विमुक्त बच्चों के समग्र पुनर्वास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को समाहरणालय स्थित कक्ष में जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बाल श्रम से विमुक्त बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि सभी विमुक्त बच्चों का शत-प्रतिशत विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित किया जाए तथा उनकी नियमित उपस्थिति की सतत निगरानी की जाए, ताकि कोई भी बच्चा पुनः बाल श्रम की ओर न लौटे। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड मुख्यालय एवं ईंट-भट्ठों में विशेष अभियान चलाकर बाल श्रमिकों की पहचान एवं विमुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विमुक्त बच्चे का सामाजिक जाँच प्रतिवेदन के आधार पर एंटाइटलमेंट कार्ड बनाया जाए तथा बच्चों एवं उनके परिवारों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाए। उन्होंने जिला बाल संरक्षण इकाई को सभी विमुक्त बाल श्रमिकों का नियमित फॉलो-अप करवाने का निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों के पुनर्वास, शिक्षा एवं सुरक्षा की निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जाए। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि जिले के प्रत्येक प्रखंड से कम-से-कम तीन पंचायतों को "बाल श्रम मुक्त पंचायत" के रूप में विकसित किया जाएगा। बैठक में श्रम संसाधन, शिक्षा, समाज कल्याण, पंचायती राज, पुलिस, स्वास्थ्य, जिला बाल संरक्षण इकाई तथा अन्य संबंधित विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि बाल श्रम उन्मूलन केवल किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सभी विभागों, संस्थाओं एवं समाज की सामूहिक भागीदारी से ही इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं सहयोगी संस्थाओं से समन्वित प्रयास करते हुए बाल श्रम मुक्त सीतामढ़ी के लक्ष्य को साकार करने का आह्वान किया।

बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, श्रम अधीक्षक रमाकांत, जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी, जिला कल्याण पदाधिकारी सुभाष चन्द्र राजकुमार, सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई लाल कृष्ण राय, सीपीओ गोविन्द राम, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों सहित प्रथम संस्था के जिला समन्वयक सुधीर कुमार, पिरामल फाउंडेशन के अभिषेक राज, एलपीओ ओम प्रकाश पाण्डेय, निर्देश संस्था के मनीष कुमार, चाइल्डलाइन की वंदना कुमारी, बीबीए की साक्षी कुमारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी पंकज कुमार, सुधांशु कुमार, लिपिक निशांत प्रेम, शिक्षा विभाग के संभाग प्रभारी राजीव रौशन, बीरेंद्र कुमार, मंतोष कुमार सहित विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



बाल श्रम उन्मूलन को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक करते जिलाधिकारी रिची पांडेय।

---

**भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस : जिला स्तरीय निगरानी धावा दल का गठन**

## शिकायतों पर होगी त्वरित कार्रवाई

नवसंदेश ब्यूरो

**सीतामढ़ी ।** जिले में भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रिची पांडेय के निर्देश पर जिलास्तरीय निगरानी धावा दल (उड़नदस्ता) का गठन किया गया है। इस धावा दल का मुख्य दायित्व संयुक्त लोक सेवकों के विरुद्ध प्राप्त भ्रष्टाचार संबंधी परिवादों की त्वरित जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करना होगा। विभिन्न स्रोतों से प्राप्त शिकायतों अथवा भ्रष्टाचार के गंभीर मामलों के संज्ञान में आने पर संबंधित मामलों की जांच जिला स्तरीय निगरानी धावा दल को सौंपी जाएगी।

धावा दल प्राप्त परिवादों की अविलंब जांच कर अपना प्रतिवेदन जिलाधिकारी को समर्पित करेगा, जिसके आधार पर आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। इसी उद्देश्य से गठित जिला स्तरीय निगरानी धावा दल को प्रभावी एवं सशक्त अधिकार प्रदान किए गए हैं, ताकि भ्रष्टाचार के मामलों में त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों के लिए जिला प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन नंबर 06226-250405 जारी किया गया है, जिसे जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया गया है।

इस व्यवस्था के अंतर्गत अमूल्य रत्न, प्रभारी पदाधिकारी, जिला सामान्य प्रशाखा, सीतामढ़ी को पोर्टल के लिए नामित पदाधिकारी बनाया गया है। उनका मोबाइल नंबर 7856818183 है।

जिलास्तरीय निगरानी धावा दल के संयोजक के रूप में संजीव कुमार, अपर समाहर्ता, सीतामढ़ी (मोबाइल : 9473191289) को नामित किया गया है। सदस्य के रूप में मोहम्मद नजीब अनवर, वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), सीतामढ़ी (मोबाइल : 9031826805) तथा इंजीनियर रवि प्रकाश, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सीतामढ़ी (मोबाइल : 9264293128) को नामित किया गया है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे भ्रष्टाचार से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना या शिकायत हेल्पलाइन अथवा निर्धारित माध्यमों से उपलब्ध कराएं, ताकि पारदर्शी, जवाबदेह एवं भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की दिशा में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## मुजफ्फरपुर जंक्शन से हीं संचालित होती रहेगी सप्तक्रांति एक्सप्रेस, चल रहे निर्माण कार्य में आएगी तेजी

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** पूर्व मध्य रेल की क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक पटना के एक होटल में आयोजित हुई। जिसमें मुजफ्फरपुर जंक्शन से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में जंक्शन के दक्षिणी प्रवेश द्वार (साउथ एंट्री) के निर्माण में हो रही देरी, स्वचालित सीढ़ी (एस्केलेटर) लगाने में विलंब, स्टेशन पुनर्विकास कार्यों की धीमी प्रगति तथा यात्रियों को हो रही परेशानियों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने की।

उन्होंने बताया कि मुजफ्फरपुर जंक्शन पहले सोनपुर मंडल के अधीन था, लेकिन अब इसे समस्तीपुर मंडल के अधिकार क्षेत्र में शामिल कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि दक्षिणी प्रवेश द्वार के निर्माण कार्य के दौरान पूर्व संवेदक की आकस्मिक मृत्यु के कारण परियोजना प्रभावित हुई थी। अब नए सिरे से निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य तेज गति से शुरू कराया जाएगा। बैठक में सप्तक्रांति एक्सप्रेस (12557/12558) को समस्तीपुर या दरभंगा तक विस्तारित किए जाने की चचाओं पर भी स्थिति स्पष्ट की गई। महाप्रबंधक ने कहा कि रेलवे बोर्ड या रेल मंत्रालय से इस संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। इसलिए फिलहाल सप्तक्रांति एक्सप्रेस पहले की तरह मुजफ्फरपुर जंक्शन से ही संचालित होती रहेगी। रेल अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि स्टेशन पुनर्विकास और यात्री सुविधाओं से जुड़ी लंबित परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा, ताकि यात्रियों को जल्द बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

## सीतामढ़ी के श्रेष्ठ पत्रकार नरेंद्र कुमार नहीं रहे, स्मृति में शोक सभा आज

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** प्रेस क्लब, सीतामढ़ी के संस्थापक सदस्य एवं प्रथम अध्यक्ष, पत्रकारिता जगत के वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र कुमार का निधन बुधवार को पटना में इलाज के दौरान हो गया। तीन दिन पूर्व अचानक उनकी तबियत बिगड़ने पर उन्हें इलाज के लिए पटना ले जाया गया, जहाँ बुधवार की शाम लगभग 4 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। बुधवार की देर शाम उनके पार्थिव शरीर को पैतृक आवास सीतामढ़ी ले जाया गया।

स्व नरेंद्र कुमार के पुत्र पत्रकार राजीव कुमार ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को किया जाएगा। पिछले पांच दशक से नरेंद्र कुमार सीतामढ़ी जिला संवाददाता एवं ब्यूरो प्रमुख के रूप में प्रभात खबर, दैनिक राष्ट्रीय सहारा सहित विभिन्न दैनिक अखबारों से जुड़े रहकर पत्रकार धर्म को निभाते रहे। स्व नरेंद्र कुमार के पुत्र राजीव कुमार के अनुसार उनकी पावन स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु दिनांक 09 जुलाई 2026 (गुरुवार) को अपराह्न 3:00 बजे प्रेस क्लब, सीतामढ़ी के सभागार में एक शोक सभा का आयोजन किया गया है।

इस अवसर पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा जाएगा तथा उनके व्यक्तित्व, कृतित्व एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण किया जाएगा। उन्होंने सभी पत्रकार बंधुओं, मीडिया कर्मियों एवं प्रेस क्लब के सदस्यों से अनुरोध है कि समय पर उपस्थित होकर स्वर्गीय श्री नरेंद्र कुमार को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करें।

## सांसद, विधायक तथा विधान पार्षद से मौजूदा सत्र में सीतापुरम प्रोजेक्ट वापसी पर सवाल उठाने का आग्रह

नवसंदेश ब्यूरो

**सीता मंदिर का निर्माण युद्धस्तर पर पूरा हो पर सीतापुरम के नाम पर किसानों की तबाही पर लगे रोक : संघर्ष समिति**

**सीतामढ़ी।** भूमि बचाओ संघर्ष समिति सीतामढी की ओर से सभी संबधित विधायकों, विधान पार्षदों तथा सांसदों सेआग्रह किया गया है किअपने-अपने सदन में सेटेलाइट सीतापुरम सीटी प्रोजेक्ट से किसान-मजदूरों की वर्तमान तथा भविष्य की तबाही के सवाल को उठायें तथा इस प्रोजेक्ट को रद्द करायें।

समिति ने अपने क्षेत्र के जन प्रतिनिधिओ से उम्मीद जताया है कि उनके प्रतिनिधि उनके दुखों के समाधान के लिए उनके साथ जरूर खडे रहेंगे। समिति के पदाधिकारी ने बताया कि इस संबंध में विधायक सुनील कुमार पिंटू, रामेश्वर प्रसाद, प्रो. संजय कुमार सिंह, बंशीधर ब्रजवासी से भी वार्ता हुई। साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों से संपर्क किया जा रहा है। भाकपा माले के राज्य सचिव कुणाल ने भी सदन में सवाल उठबाने का आश्वासन दिया है। सीपी एम विधायक से भी संपर्क किया गया है। भूमि बचाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारी ने कहा कि समिति चाहती है कि भव्य सीता मंदिर का निर्माण समय से पूर्व पूरा हो। लेकिन सीतापुरम के नाम पर लैंड पूलिंग के तहत किसान-मजदूरों की जमीन छीनने का अभियान बंद हो। समिति के पदाधिकारी ने कहा कि किसानों को पता है कि नगर निगम बनने के बाद भी सीतामढी शहर तथा उससे जुडे गांव के लोग सडक-नाला, सफाई, पानी-रौशनी के लिए किस कदर तरस रहे है। लोगो को यह भी समझ है कि शहर से 10 से 25 कि मी पर सीतापूरम के नाम पर चयनित 98 गांवों के किसानों का क्या विकास होगा ?हां किसानों की भूमि अवश्य छीन ली जायगी और प्राईम एरिया के भूमि को डेवलपर अपने व्यावसायिक उद्देश्य की पूर्ति में इस्तेमाल करेंगे। समिति ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सरकार अगर टाउनशिप चाहती है तो पहले उद्योग लगाये, टाउनशिप स्वंय विकसित होगा।इसका उदाहरण बरौनी, जमशेदपुर आदि शहर है।

# तिरहुत स्नातक क्षेत्र में जनसंपर्क तेज, सांसद देवेश चंद्र ठाकुर के साथ डायट डुमरा पहुंचे ई अभिषेक झा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के क्रम में जद(यू) के प्रदेश प्रवक्ता एवं तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र मुजफ्फरपुर से एनडीए समर्थित प्रत्याशी अभिषेक झा ने सीतामढ़ी सांसद देवेशचंद्र ठाकुर के साथ बुधवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डुमरा का दौरा किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने संस्थान के प्रधानाचार्य, शिक्षकों एवं बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की।

संस्थान के प्रधानाचार्य एवं प्रशिक्षुओं ने बताया कि बेहतर स्वास्थ्य एवं शारीरिक दक्षता के लिए परिसर में व्यायामशाला की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। इसके अलावा शुद्ध पेयजल की सुविधा को सुदृढ़ करने के लिए वाटर प्यूरीफायर तथा वाहनों की सुव्यवस्थित व्यवस्था के लिए पार्किंग शेड निर्माण की भी मांग रखी गई। मांगों को गंभीरता से सुनने के बाद सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने अपने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि से संस्थान में व्यायामशाला, वाटर प्यूरीफायर एवं पार्किंग शेड का निर्माण कराने की घोषणा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश दिया।



डुमरा स्थित डायट में शिक्षकों को संबोधित करते सीतामढ़ी सांसद देवेशचंद्र ठाकुर।

**प्रशिक्षुओं की मांग पर सांसद निधि से व्यायामशाला, वाटर प्यूरीफायर एवं पार्किंग शेड निर्माण की घोषणा**

इस अवसर पर ई अभिषेक झा ने कहा कि तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के शिक्षकों, प्रशिक्षुओं एवं शैक्षणिक संस्थानों के बीच लगातार जनसंपर्क अभियान चलाकर उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को समझा जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों एवं भावी शिक्षकों को बेहतर प्रशिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सांसद देवेश चंद्र ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा और शिक्षक हित से जुड़े विषयों पर उनका त्वरित निर्णय क्षेत्र के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में शिक्षा, शिक्षक सम्मान और आधारभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को इसी प्रकार प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाता रहेगा।

जनसंपर्क अभियान के दौरान प्रशिक्षुओं एवं शिक्षकों ने दोनों नेताओं का स्वागत किया तथा संस्थान के विकास के लिए घोषित कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त की। उपस्थित लोगों ने इसे शिक्षक-प्रशिक्षण संस्थान के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

## सम्पादकीय

# संवेदनशील शासन, सम्मानित शिक्षक और सशक्त शिक्षा व्यवस्था

शिक्षक केवल एक पद नहीं है, वह एक ऐसी साधना है जिसमें व्यक्ति अपना वर्तमान समर्पित करके आने वाली पीढ़ियों का भविष्य संवारता है। वह स्वयं धूप में खड़ा रहकर अपने विद्यार्थियों को छाया देता है। वह अपनी इच्छाओं, सुविधाओं और निजी कठिनाइयों को पीछे छोड़कर ज्ञान का दीप जलाता है, ताकि समाज अज्ञान के अंधकार से मुक्त होकर प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ सके। जब शिक्षक मुस्कुराएगा, तभी कक्षा मुस्कुराएगी। जब कक्षा मुस्कुराएगी, तभी समाज आगे बढ़ेगा। और जब समाज आगे बढ़ेगा, तभी एक सशक्त, शिक्षित और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव हो सकेगा।

एक शिक्षक की मुस्कान केवल कक्षा को नहीं रोशन करती, बल्कि समाज के भविष्य को भी आलोकित करती है। उसकी वाणी में संस्कार होते हैं, उसके व्यवहार में अनुशासन होता है और उसके व्यक्तित्व में समाज के निर्माण की शक्ति छिपी होती है। किंतु जब वही शिक्षक वर्षो तक अपने परिवार से दूर रहकर, स्वास्थ्य समस्याओं से जूझते हुए अथवा कठिन परिस्थितियों में कार्य करने को विवश हो जाता है, तब उसकी पीड़ा केवल व्यक्तिगत नहीं रहती, बल्कि उसका प्रभाव शिक्षा व्यवस्था पर भी पड़ता है।

इसी संदर्भ में प्रस्तावित शिक्षक स्थानांतरण नीति को एक महत्वपूर्ण, संवेदनशील और दूरदर्शी पहल के रूप में देखा जा रहा है। यह केवल तबादलों की सूची तैयार करने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि उन हजारों शिक्षकों की भावनाओं, संघर्षो और अपेक्षाओं को समझने का प्रयास है जो वर्षो से अपनी परिस्थितियों के साथ समझौता करते हुए शिक्षा की अलख जगा रहे हैं।

शिक्षा विभाग द्वारा तैयार स्थानांतरण नीति का मसौदा अंतिम चरण में पहुंच चुका है। यदि इसे स्वीकृति मिलती है तो राज्य के हजारों शिक्षकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की संभावना दिखाई देती है। यह निर्णय केवल प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा सकता है।

किसी भी व्यवस्था की मजबूती उसके नियमों से नहीं, बल्कि उसकी संवेदनशीलता से तय होती है। एक शिक्षक भी एक इंसान है। उसके अपने सपने हैं, परिवार है, बच्चे हैं, वृद्ध माता-पिता हैं, सामाजिक दायित्व हैं और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां भी हैं। लंबे समय तक घर से दूर रहना, परिवहन की कठिनाइयां, पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन न कर पाना तथा मानसिक तनाव जैसी समस्याएं अनेक शिक्षकों के जीवन का हिस्सा रही हैं।

विशेष रूप से महिला शिक्षकों के लिए यह नीति राहत की किरण बनकर उभर सकती है। प्रस्तावित व्यवस्था के अनुसार महिला शिक्षकों को उनके गृह पंचायत अथवा उससे सटे पंचायतों में पदस्थापित करने का प्रावधान किया गया है। यह निर्णय केवल सुविधा प्रदान करने का प्रयास नहीं है, बल्कि महिलाओं की सामाजिक और पारिवारिक जिम्मेदारियों को समझने की संवेदनशील सोच का परिचायक भी है।

आज की महिला शिक्षक केवल विद्यालय में अध्यापन नहीं करती, बल्कि घर-परिवार, बच्चों की देखभाल, बुजुर्गो की सेवा और सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी करती है। ऐसे में यदि उसे अपने घर के निकट कार्य करने का अवसर मिलता है तो वह अधिक आत्मविश्वास, ऊर्जा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेगी।

पुरुष शिक्षकों के लिए गृह प्रखंड अथवा समीपवर्ती प्रखंडों में स्थानांतरण की व्यवस्था भी एक सकारात्मक पहल मानी जा सकती है। वर्षो तक परिवार से दूर रहना केवल भौगोलिक दूरी नहीं होती, बल्कि यह भावनात्मक और मानसिक चुनौतियों का भी कारण बनती है। पारिवारिक निकटता व्यक्ति को मानसिक शांति, आत्मबल और कार्य के प्रति नई प्रेरणा प्रदान करती है।

नई नीति की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि स्थानांतरण प्रक्रिया को नियमित और समयबद्ध बनाने की दिशा में प्रयास किया गया है। यदि प्रत्येक वर्ष जून माह में स्थानांतरण की प्रक्रिया संचालित होती है तो शिक्षकों को वर्षो तक अनिश्चितता की स्थिति में नहीं रहना पड़ेगा। इससे व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी, विश्वास बढ़ेगा और प्रशासनिक प्रक्रियाएं अधिक व्यवस्थित होंगी।

इस नीति के अंतर्गत प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षक, विशिष्ट शिक्षक तथा आयोग से नियुक्त शिक्षकों को शामिल किए जाने का प्रस्ताव भी सामने आया है। हालांकि नियोजित शिक्षकों को फिलहाल इसके दायरे से बाहर रखा गया है। यह विषय भविष्य में व्यापक विचार-विमर्श और नीति निर्माण का हिस्सा बन सकता है। नई नीति का सबसे मानवीय और संवेदनशील पक्ष गंभीर बीमारियों से पीड़ित शिक्षकों को विशेष प्राथमिकता देना है।

# निपुण भारत के पांच वर्ष : अब पढ़ने की संस्कृति लौटानी होगी



**कमल नाथ झा**

(लेखक सेंट्रल स्क्वायर फाउंडेशन से जुड़े हैं एवं मिशन निपुण बिहार राज्य पीएमयू के सदस्य हैं)

यदि कोई बच्चा तीसरी कक्षा तक पढ़ना ही नहीं सीख पाया तो क्या वह आगे विज्ञान, गणित या सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों को समझ पाएगा, यही वह मूल प्रश्न था जिसने पांच वर्ष पहले निपुण भारत मिशन की आधारशिला रखी।

पहली बार देश ने यह स्वीकार किया कि शिक्षा की गुणवत्ता केवल विद्यालयों की संख्या, नामांकन या परीक्षा परिणामों से नहीं आंकी जा सकती। वास्तविक सफलता तब होगी जब प्रत्येक बच्चा प्रारम्भिक कक्षाओं में पढ़ना, समझना और सरल गणना करना सीख सके।

5 जुलाई 2026 को निपुण भारत मिशन ने अपने पांच वर्ष पूरे किए। मेरे विचार से यह आजाद भारत के सबसे महवपूर्ण शैक्षिक सुधारों में से एक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने स्पष्ट कहा था कि यदि कोई बच्चा कक्षा 3 तक बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान प्राप्त नहीं कर पाता है तो आगे की पूरी शिक्षा उसके लिए कठिन हो जाती है। इसलिए प्रारम्भिक कक्षाओं में भाषा और गणित पर विशेष ध्यान देना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।


बिहार ने भी मिशन निपुण बिहार के माध्यम से इस दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किए हैं। शिक्षकों के प्रशिक्षण, शिक्षण सामग्री, सतत मूल्यांकन, विद्यालय आधारित शैक्षणिक सहयोग तथा विभिन्न संस्थाओं के साथ साझेदारी ने विद्यालयों में बुनियादी अधिगम को चर्चा के केंद्र में लाने का कार्य किया है। यह बदलाव केवल सरकारी प्रयासों से नहीं बल्कि कई सामाजिक संस्थाओं, शिक्षकों और समुदाय की सहभागिता से संभव हुआ है।

इसी क्रम में इस वर्ष 1 से 7 जुलाई तक पूरे राज्य में 'पठन पर्व : हर दिन कहानी, हर बच्चे की जुबानी' का आयोजन किया गया। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि यह कोई प्रतियोगिता या परीक्षा नहीं थी। कक्षा 2 के बच्चों ने अपनी पसंद की भाषा में कहानी, कविता अथवा अनुच्छेद पढ़ा और शिक्षक, अभिभावक तथा शिक्षा पदाधिकारी उनके प्रदर्शन के परीक्षक नहीं बल्कि सहभागी बने। यह बच्चों के आत्मविश्वास का उत्सव था।

बांका जिले के एक विद्यालय का अनुभव इस अभियान की सार्थकता को बहुत सहज ढंग से व्यक्त करता है। प्रारम्भ में कई बच्चे पढ़ने से हिचकिचा रहे थे। कुछ को शब्द पहचानने में कठिनाई थी तो कुछ गलत पढ़ देने के डर से चुप थे। लेकिन जैसे ही उन्होंने अपने साथियों को पढ़ते और सराहना प्राप्त करते देखा, वे स्वयं आगे आने लगे और उत्साह से कहने लगे- 'सर! मैं भी एक बार पढ़ूं'।

शायद यही निपुण भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि है- बच्चों में पढ़ने का साहस और सीखने का विश्वास जगाना।

फिर भी यह उत्सव हमें आत्ममंथन का अवसर भी देता है। राज्यस्तरीय अधिगम आकलनों के परिणाम बताते हैं कि समझकर पढ़ना अभी भी हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है। वर्ष 2026 के आकलन में कक्षा 2 के केवल लगभग 30 प्रतिशत बच्चे ही संतोषजनक स्तर तक पहुंच सके। कक्षा 3 में यह अनुपात बढ़कर लगभग 41 प्रतिशत हुआ परन्तु इसका अर्थ यह भी है कि आधे से अधिक बच्चे अभी भी अपेक्षित स्तर से पीछे हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में कक्षा 2 के बच्चों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत बेहतर था। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि निरंतर प्रयासों के बावजूद अपेक्षित गति से सुधार क्यों नहीं हो पा रहा है।




इसके अनेक कारण हो सकते हैं, परंतु मुझे लगता है कि सबसे महवपूर्ण कारण यह है कि हमारे समाज में पढ़ने की संस्कृति धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही है।

एक समय था जब घरों में बच्चे पाठ्यपुस्तकें पढ़कर सुनाते थे, कविताएं याद करते थे और कहानियां साझा करते थे। विद्यालयों में भी प्रतिदिन जोर से पढ़ने का अभ्यास सामान्य बात थी। आज परिस्थितियां बदल गई हैं। विद्यालयों में पाठ्यक्रम पूरा करने का दबाव बढ़ा है जबकि घरों में मोबाइल फोन और स्क्रीन ने पुस्तकों की जगह ले ली है। अभिभावकों के पास बच्चों के साथ बैठकर पढ़ने का समय भी पहले की तुलना में कम होता जा रहा है।

विश्व स्तर पर हुए कई शोध बताते हैं कि पढ़ने की दक्षता केवल अक्षरों की पहचान से विकसित नहीं होती। नियमित रूप से जोर से पढ़ना, कहानियां सुनना, उन पर चर्चा करना, शब्द भंडार विकसित करना और विविध पुस्तकों से परिचित होना- ये सभी बच्चों में पढ़ने की समझ विकसित करने के प्रभावी माध्यम हैं। दूसरे शब्दों में, पढ़ना पहले एक आदत बनता है, उसके बाद एक कौशल।

बिहार के अपने अनुभव भी यही बताते हैं। वर्ष 2022 का 100 दिवसीय पठन अभियान विद्यालयों और समुदायों में उल्लेखनीय उत्साह लेकर आया था। इसी वर्ष 'एक कहानी' पहल के अंतर्गत रिकार्ड की गई कहानियां सुनाने और उन पर चर्चा करने का प्रयोग भी बच्चों के बीच लोकप्रिय रहा। इन दोनों पहल ने यह सिद्ध किया कि जब पढ़ने को केवल पाठ्यपुस्तक तक सीमित न रखकर आनंददायक बनाया जाता है तब बच्चे स्वाभाविक रूप से उससे जुड़ते हैं।

अब आवश्यकता है कि ऐसे अभियान केवल एक सप्ताह या सौ दिनों तक सीमित न रहें। यदि बिहार वास्तव में निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करना चाहता है तो पठन को एक सतत जनआंदोलन बनाना होगा। प्रत्येक विद्यालय में प्रतिदिन कम-से-कम पंद्रह मिनट का सामूहिक पठन, सप्ताह में एक कहानी दिवस, पुस्तकालय गतिविधियां, सहपाठी पठन, मोहल्ला एवं ग्राम स्तर पर पठन उत्सव तथा अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी को विद्यालयी संसति का हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

बुनियादी साक्षरता केवल शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी नहीं है। यह सरकार, शिक्षक, अभिभावक, समुदाय, पुस्तकालयों, स्वयंसेवी संस्थाओं और समाज के प्रत्येक जागरूक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। जब तक पढ़ना घर और समाज की संस्कृति का हिस्सा नहीं बनेगा तब तक केवल विद्यालयों के प्रयास पर्याप्त नहीं होंगे।

निपुण भारत के पांच वर्ष हमें उपलब्धियों का उत्सव मनाने के साथ-साथ भविष्य की दिशा भी दिखाते हैं। आने वाले वर्षो में हमें किसी नए कार्यक्रम से अधिक आवश्यकता पढ़ने की संस्कृति को पुनर्जीवित करने की है।

जिस दिन हर बच्चा आत्मविश्वास के साथ पढ़ने लगेगा उसी दिन वह आत्मविश्वास के साथ सीखना भी शुरू कर देगा। और यही निपुण भारत का वास्तविक लक्ष्य है।

# बांकीपुर उपचुनाव : भाजपा को वॉकओवर या प्रशांत किशोर बिगाड़ेंगे खेल



**विनय कुमार**

**बांकीपुर** विधानसभा के उपचुनाव के लिए बिसात बिछ चुकी है। पक्ष-विपक्ष ने अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। चुनाव प्रचार भी धीरे-धीरे गति पकड़ने लगा है लेकिन जनता का मूड भांपना इतना आसान नहीं है कि कोई इस उपचुनाव को एकतरफा कह सके।

इस सीट के लिए राजद ने रेखा गुप्ता को उम्मीदवार बनाया है तो अब तक चुनावी रणनीतिकार की भूमिका में दिखने वाले प्रशांत किशोर ने पहली बार चुनावी अखाड़े में खुद कूदने का एलान किया है। इसके पहले 2025 के बिहार विधानसभा के आम चुनाव में प्रशांत किशोर के राघोपुर से तेजस्वी के खिलाफ चुनाव लड़ने की संभावना भी। प्रशांत किशोर ने खुद राघोपुर जाकर मतदाताओं के नब्ज भी टटोले थे जिससे यह लगभग पक्का हो गया था कि प्रशांत किशोर तेजस्वी को टक्कर देंगे। पर, ऐन वक्त पर प्रशांत किशोर पीछे हट गये थे। लेकिन, अब बांकीपुर के उपचुनाव में प्रशांत किशोर ने अपनी उम्मीदवारी का एलान कर दिया है।

इस तरह से यह पहली बार है जब प्रशांत किशोर चुनावी अखाड़े में हैं और राजनीति में रुचि रखने वाले देश भर के लोगों की रुचि इस उपचुनाव और इसके परिणाम को लेकर हो गयी है।

वैसे, राजनीति में रुचि रखने वाले देश भर के लोगों की रुचि इस उपचुनाव को लेकर इसलिए भी है कि यह वही सीट है जिसके विधायक नितिन नवीन को भाजपा ने अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की छोड़ी गयी सीट भाजपा हार जाए, ऐसा वह होने नहीं देगी। सालो भर चुनावी मोड में रहने वाली भाजपा इस सीट को अपने पास रखने के लिए हर लोकतांत्रिक तरीका अपनाएगी, यह मान लेने में किसी को एतराज नहीं होना चाहिए।

भाजपा ने इस सीट से भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार बंटी को अपना उम्मीदवार बनाया है। अभिषेक भाजयुमो के महानगर अध्यक्ष भी रह चुके हैं। पिछले करीब 26 वर्षो से भाजपा और इसके विभिन्न संगठनों में सक्रिय अभिषेक ने पार्टी के पाटलिपुत्र मंडल स्तर से राजनीति की शुरुआत की है। वे नितिन नवीन के पिताजी नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा के समय से राजनीति में सक्रिय हैं। नवीन किशोर सिन्हा ने चुनावी राजनीति की शुरुआत 1990 से की थी। तब आज के बांकीपुर विधानसभा सीट को पटना पश्चिम के नाम से जाना जाता था। 1990 से लेकर 2006 में अपने निधन तक नवीन किशोर सिन्हा इस सीट से लगातार यहां से विधायक रहे। 2006 में नवीन किशोर सिन्हा के निधन के बाद उनके पुत्र नितिन नवीन ने यहां उनकी विरासत संभाली और तब से 2025 के आम चुनाव तक लगातार वे यहां से जीतते रहे। नितिन नवीन के हर चुनाव में संगठन की ओर से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अभिषेक कुमार बंटी को इस बार भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है।

1990 से लेकर आज तक परिसीमन के पहले पटना पश्चिम और परिसीमन के बाद बांकीपुर के नाम से जानी जाने वाली यह विधानसभा सीट भाजपा का अजेय किला रही है। इन 36 वर्षो में भाजपा उम्मीदवारों (नवीन किशोर सिन्हा और नितिन नवीन) ने कांग्रेस, राजद और लोजपा समेत अन्य पार्टियों के उम्मीदवारों को भी मात दी। चुनावी राजनीति में अब तक के रिकार्ड के मुताबिक पिता-पुत्र कोई चुनाव नहीं हारे हैं। 2020 के आम चुनाव में विपक्षी महागठबंधन ने फिल्म अभिनेता से नेता बने शत्रुघ्न सिन्हा के पुत्र लव सिन्हा को मैदान में उतारा पर वे भी नितिन नवीन को नहीं रोक सके।

**1990 से लेकर 2006 में अपने निधन तक नवीन किशोर सिन्हा इस सीट से लगातार यहां से विधायक रहे। 2006 में नवीन किशोर सिन्हा के निधन के बाद उनके पुत्र नितिन नवीन ने यहां उनकी विरासत संभाली और तब से 2025 के आम चुनाव तक लगातार वे यहां से जीतते रहे। नितिन नवीन के हर चुनाव में संगठन की ओर से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अभिषेक कुमार बंटी को को इस बार भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है।**

इस बार के उपचुनाव में नया है कि बदलाव की राजनीति की बात करने वाले प्रशांत किशोर पहली बार खुद चुनावी मैदान में हैं। 2025 के आम चुनाव में उन्होंने अपनी पार्टी जन सुराज की ओर से यहां से वंदना कुमारी को टिकट दिया था जिन्हें महज 7,717 वोट मिले थे। इस बार प्रशांत किशोर को कांग्रेस का साथ मिला है।

हालांकि प्रदेश कांग्रेस चाहती थी कि प्रशांत किशोर को महागठबंधन का सहयोग मिले ताकि भाजपा को रोका जा सके लेकिन महागठबंधन के अहम किरदार राजद ने यहां से अपने उम्मीदवार के नाम का एलान कर दिया है।

राजद ने यहां से 2025 की अपनी उम्मीदवार को रेखा गुप्ता को दोबारा टिकट दिया है। इससे कांग्रेस नाराज भी है। कांग्रेस और राजद के नेता इस मुद्दे पर रोज एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी भी कर रहे हैं। रेखा गुप्ता को 2025 के आम चुनाव में 46 हजार से अधिक वोट मिले थे।

हम कह सकते हैं कि बांकीपुर विधानसभा सीट पर होने जा रहा उपचुनाव केवल एक सीट का चुनाव नहीं, बल्कि बिहार की वर्तमान राजनीति का एक दिलचस्प बैरोमीटर बन गया है। भाजपा के दिग्गज नेता नितिन नवीन के राज्यसभा जाने के बाद खाली हुई इस सीट पर भाजपा की राह ऊपर से देखने में भले ही आसान लगे, लेकिन सियासी समीकरणों के भीतर एक नई तरह की चुनौती करवट ले रही है। यह सीट परंपरागत रूप से भाजपा का ऐसा मजबूत गढ़ रही है, जहां सेंध लगाना विपक्ष के लिए पिछले कई दशकों से एक नामुमकिन सपना ही साबित हुआ है।

लेकिन इस बार प्रशांत किशोर के खुद चेहरा बनने से यह चुनाव एक हाई-प्रोफाइल मुकाबले में तब्दील हो गया है, जो सीधे तौर पर भाजपा के कोर शहरी वोट बैंक में सेंध लगाने की रणनीति पर काम कर रहा है। इस चुनाव का सबसे गहरा और दूरगामी असर राजद और कांग्रेस के रिश्तों पर पड़ने वाला है। कांग्रेस, जो इस शहरी सीट पर अपनी स्वाभाविक दावेदारी जता रही थी, राजद के इस रवैये से अपमानित और दरकिनार महसूस कर रही है। यह एकतरफा फैसला महागठबंधन के भीतर की दरार को और चौड़ा करेगा। यदि इस त्रिकोणीय मुकाबले में राजद का प्रदर्शन गिरता है, तो कांग्रेस सीधे तौर पर राजद के बड़े भाई वाले रवैये पर सवाल उठाएगी। इसके परिणामस्वरूप भविष्य के गठबंधनों और सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस अपनी शर्तें सख्त कर सकती है, जिससे दोनों दलों के बीच आपसी सामंजस्य और विश्वास में भारी कमी आएगी।

भाजपा के लिए बांकीपुर की राह अपने 36 साल के मजबूत इतिहास और कैडर के कारण सैद्धांतिक रूप से आसान जरूर है, लेकिन यह कोई सामान्य वॉकओवर नहीं है। प्रशांत किशोर की आक्रामक उम्मीदवारी ने इसे एक गंभीर रणनीतिक लड़ाई में बदल दिया है। भाजपा को केवल जीतना ही नहीं है, बल्कि यह भी साबित करना है कि उसका यह किला आज भी पूरी तरह से अभेद्य है।

बांकीपुर विधानसभा सीट पर 30 जुलाई, 2026 को होने वाला उपचुनाव भाजपा के लिए एक दिलचस्प परीक्षा बन गया है। प्रशांत किशोर युवाओं, बुद्धिजीवियों और उन मतदाताओं को साधने की कोशिश कर रहे हैं जो एक नए विकल्प की तलाश में हैं। उनका चुनाव लड़ना भाजपा के कोर वोट बैंक में सेंध लगा सकता है। राजद की रेखा गुप्ता, जन सुराज के प्रशांत किशोर और भाजपा के अभिषेक कुमार के बीच मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। जब लड़ाई त्रिकोणीय होती है, तो जीत का अंतर (मार्जिन) कम हो जाता है और किसी भी बड़े उलटफेर की गुंजाइश बढ़ जाती है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)*

# नथिंग ने पेश किया फोन (4बी)

**लंदन की** कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड नथिंग ने आज फोन (4 बी) से पर्दा उठा दिया। यह (बी) सीरीज का पहला स्मार्टफोन है और नथिंग के प्रोडक्ट इकोसिस्टम में एंट्री करने वालों के लिए एक नया विकल्प है। फोन (4 ए) सीरीज की कामयाबी को आगे बढ़ाते हुए फोन (4बी) में नथिंग का सिग्नेचर डिजाइन, दमदार रोजमर्रा की परफार्मेंस, समझदार साफ्टवेयर और लंबे समय तक भरोसे का शानदार मेल मिलता है।

कीमत और उपलब्धता : 7.5 फीसदी इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट और एक्सचेंज बोनस के बाद फोन (4बी) के 8जीबण 128जीबी वेरिएंट की प्रभावी कीमत 29,999 रुपये और 8जीबी 256जीबी वेरिएंट की प्रभावी कीमत 33,699 रुपये होगी। वहीं इन दोनों वेरिएंट्स का अधिकतम खुदरा मूल्य क्रमशः 34,999 रुपये और 38,999 रुपये रखा गया है। फोन (4बी) की बिक्री 14 जुलाई 2026 से शुरू होगी। यह फ्लिपकार्ट के अलावा प्रमुख रिटेल पार्टनर्स जैसे कि क्रोमा, रिलायंस डिजिटल और विजय सेल्स पर भी उपलब्ध होगा। फोन (4बी) आज भारत में सिर्फ बेंगलुरु स्थित नथिंग के फ्लैगशिप स्टोर पर आयोजित लिमिटेड ड्रॉप इवेंट के जरिए उपलब्ध कराया जाएगा।

नथिंग का ग्लिफ इंटरफेस, अपनी कैटेगरी में सबसे दमदार स्नैपड्रैगन प्रोसेसर परफार्मेंस, नथिंग के किसी भी स्मार्टफोन में अब तक की सबसे बड़ी बैटरी, 50 मेगापिक्सल ओआईएस मेन कैमरा, 120 हर्टज सुपर एमोलेड डिस्प्ले और नथिंग ओएस दिया गया है, जिसे एंड्रायड का सबसे अलग और सबसे ज़्यादा पसंद किए जाने वाले एक्सपीरियंस में गिना जाता है। इसके साथ एसेंशियल एआई टूल्स भी मिलते हैं।

फोन (4बी) में फोन (4 ए) सीरीज के दो खास डिजाइन एलिमेंट्स को एक साथ जोड़ा गया है। इसमें फोन (4ए) के साथ पेश किया गया नया ग्लिफ बार और फोन (4ए) प्रो का काफी सराहा गया यूनिबॉडी डिजाइन शामिल है। इसका नतीजा नथिंग के डिजाइन की अब तक की सबसे बेहतरीन झलक के तौर पर सामने आया है-बोल्ड, फौरन पहचान में आने वाला और पूरी तरह नथिंग की अपनी पहचान वाला। 20 से ज़्यादा इंटरनल डिजाइन इटरेशन में से चुने गए इस फाइनल डिजाइन में सादगी, आराम और मजबूती के बीच बेहतरीन संतुलन कायम किया गया है। साथ ही इसे अपनी अलग शख्सियत भी दी गई है।

फोन के हर हिस्से को इस तरह इंजीनियर किया गया है कि उसकी खूबसूरती और इस्तेमाल, दोनों बेहतर बनें। नथिंग की डिजाइन फिलॉसफी के मुताबिक फोन (4 बी) में अलग-अलग मटेरियल, टेक्सचर और कलर टोन का ऐसा मेल किया गया है, जिससे डिवाइस को गहराई, अलग पहचान और बेहतरीन फिनिश मिलती है। इसका क्रिस्टल-क्लियर सॉफ्ट पॉलिमर कैमरा मॉड्यूल स्मूद 3डी कर्व्ड एजेज के साथ आता है, जो बिना किसी रुकावट के इको-पॉलीकार्बोनेट यूनिबॉडी में घुल-मिल जाता है। इस पर मजबूत थ्री-लेयर कोटिंग की गई है, जिससे फोन हाथ में आरामदायक लगता है और उस पर उंगलियों के निशान भी कम पड़ते हैं। फोन (4बी) को 600 न्यूटन तक के बेंडिंग फोर्स को झेलने के लिए तैयार किया गया है और इसे धूल व पानी से सुरक्षा के लिए आईपी64 रेटिंग मिली है। यानी यह रोजमर्रा के इस्तेमाल में मजबूत भी है और अपनी खूबसूरती से कोई समझौता भी नहीं करता। यह काले, सफेद और नीले रंगों में उपलब्ध होगा। हर कलर वेरिएंट को नथिंग की सिग्नेचर ट्रांसपेरेंट आर्किटेक्चर को उभारने के लिए खास तौर पर तैयार किया गया है।

आईपीएल फ्रेंचाईजी आरसीबी के मेन टाइटल स्पॉन्सर होने और क्लब के ऐतिहासिक दूसरे आईपीएल खिताब का जश्न मनाने के लिए नथिंग ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ मिलकर फोन (4बी) आरसीबी एडिशन पेश किया है। यह एक्सक्लूसिव लाल रंग, खास आरसीबी ब्रांडिंग और कलेक्टर्स एडिशन पैकेजिंग के साथ आएगा। यह आरसीबी के साथ किसी आधिकारिक स्मार्टफोन साझेदारी का पहला मॉडल है। फोन (4बी) आरसीबी एडिशन बेंगलुरु में नथिंग के फ्लैगशिप स्टोर पर एक एक्सक्लूसिव ड्रॉप के जरिए आज उपलब्ध कराया जाएगा।

## प्रवचन

# मर्यादित स्त्रियां परिवार और समाज के लिए आदर्श : जीयर स्वामी

**अपनी सुविधा के अनुसार नहीं लगाएं शब्दों के अर्थ**



**श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।**

धर्म एवं परिजनों के संरक्षण में नारियों की अहम भूमिका होती है। नारी भोग की वस्तु नहीं बल्कि परिवार, समाज एवं राष्ट्र की सबलता का प्रमुख आधार हैं। मर्यादित स्त्रियों के साथ अत्याचार से समाज संकट ग्रस्त हो जाता है और परिवार को भी निर्धनता तथा विभिन्न प्रकार के संकटों का सामना करना पड़ता है। अमर्यादित स्त्रियों को सम्मान मिलने पर संस्कार बिगड़ता है, जिसका खामियाजा भावी पीढ़ियों को भी भुगतना पड़ता है। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री जीयर स्वामी ने कहा कि नारियों को अपनी मर्यादा का उल्लंघन नहीं करनी चाहिए। सीता जी जब जनकपुर से अयोध्या के लिए विदा हो रही थी, तो माता सुनैना ने उन्हें ससुराल में रहने की मर्यादा बतायीं।

'सासु ससुर गुर सेवा करेहू।
पति रूख लखि आयसु अनुसरेहू।'

आज के परिवेश में अभिभावकों द्वारा आचरण की सीख की जगह मोबाईल दिया जा रहा है ताकि ससुराल की पल-पल की जानकारी हासिल होती रहे। इसके कारण दो परिवारों के बीच कटुता पैदा हो रही है। कन्यायें भी सर्वतो भावेन सुसुराल पक्ष से जुड़ नहीं पाती हैं। कुछ मातायें तो अपने परिवार की दिनचर्या से अधिक बेटी के परिवार की दिनचर्या पर ध्यान केन्द्रित रखती हैं, जिसके कारण दोनों परिवार का संबंध बिगड़ता है। आजकल वर पक्ष और कन्या पक्ष के बीच दुराव का एक मुख्य कारण है कन्या पक्ष का अत्यधिक हस्तक्षेप। वर-कन्या या कन्या के ससुराल की गतिविधियों पर कन्या पक्ष को दखलअन्दाज नहीं करना चाहिए। वर-कन्या के प्रारंभिक कहा-सुनी कुछ दिनों के बाद स्वतः समाप्त हो जाती है।

श्री जीयर स्वामी ने धर्म-कर्म में हिंसा या बली को शास्त्र से निषेद्ध करार देते हुए कहा कि बली प्रथा को प्रश्रय नहीं देना चाहिए। बली से प्रधान देवता प्रसन्न नहीं होते। जो आप के लिए प्रतिकूल हो, वह दूसरों के लिए अनुकूल नहीं हो सकता। इसके समर्थन में वेद या शास्त्र के किसी खास प्रसंग का कुतर्क नहीं करनी चाहिए। शास्त्रों में 'पषून् आलभेत' की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि अगर यज्ञ में आलभेत का मतलब पशुओं की बली से लगाया जाता है, तो विवाह में 'ततः वरः कन्यायाः हृदयंआलभेत' का मतलब सिर्फ कन्या के हृदय को वर द्वारा स्पर्ष कैसे संभव है फिर तो कन्या का वध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपनी सुविधा के अनुसार शब्द का अर्थ नहीं करना चाहिए। 'आलभेत' का अर्थ स्पर्ष करना होता है। यानी यज्ञ में काम रूपी बकरा और अहंकार रूपी घोड़ा को अपने स्पर्ष से काम और अहंकार का त्याग करना चाहिए।

राजा पृथु के पावन प्रसंगों की चर्चा करते हुए स्वामी जी ने कहा कि वे अपने दरबार में बैठे थे। वहीं पर सनकादि ऋषि आ गये। उन्होंने ऋषियों से राजनीति, कुटनीति, जगतनीति एवं मोक्षनीति की जिज्ञासा प्रकट की। ऋषियों ने कहा कि राजा अपने परिजन एवं संबंधी का नहीं, वह प्रजा के निमित्त होता है। अगर प्रजा किसी कारणवश विरोध करे तो राजा को प्रतिरोध नहीं कर एकांत में प्रजा की बातों पर विचार करना चाहिए। राजा को किसी पर विश्वास नहीं करना चाहिए क्योंकि विश्वास से धोखा होता है।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### फाइनेंस कंपनी से लूट में शामिल अपराधी गिरफ्तार

**चकिया(एनएसबी)।** फाइनेंस कंपनी से हुई लूट कांड में शामिल एक अपराधी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधी की पहचान मुजफ्फरपुर जिला के मोतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहम्मदपुर गांव निवासी परीक्षण सहनी के रूप में हुई है। इस मामले में एसआई विवेक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उक्त अप्राथमिक अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि फरवरी 2019 में ग्लैमर बाइक पर सवार चार नकाबपोश अपराधियों ने सोनाटा फाइनेंस कंपनी में प्रवेश कर फाइनेंस कर्मी को बंदूक का भय दिखाकर एक लाख सरसठ हजार पांच सौ छियालिस रुपए लूट कर फरार हो गया था। छापेमारी दल में एसआई विवेक कुमार,धनंजय कुमार सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### शंभूचक बांसवारी से सात जुआरी गिरफ्तार

**कल्याणपुर(एनएसबी)।** शम्भूचक गांव के बांसवारी से जुआ खेल रहे सात लोगो को



गिरफ्तार लोगत्र

पुलिस ने गिरफ्तार कर थाने लाया। पुलिस को सूचना मिली थी, शम्भूचक बांसवारी जुआरियों का अड्डा बन गया है। पुलिस टीम ने अचानक धावा बोलकर सात लोगो को जुआ खेलने के दौरान गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगो में दिलीप साह, रौशन कुमार, संतोष कुमार, बिनोद साह, महेंद्र राय, कमल किशोर,चंदन मांझी है। सभी लोग एक तिरपाल पर बैठ कर आराम से जुआ खेल रहे थे। वहां से दस सेट तास, दस हजार दो सौ रुपए नकद एवं पांच मोटरसाइकिल बरामद किया गया। थानाध्यक्ष विनित कुमार ने बताया कि मामले में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### दुर्लभ नेगेटिव रक्त देकर बचाई महिला की जान, छपरा रेड ड्राप वारियर्स ने फिर निभाई मानवता की मिसाल

**छपरा।** मानवता की सेवा के अपने संकल्प को एक बार फिर साकार करते हुए सामाजिक संस्था छपरा रेड ड्राप वारियर्स ने आपात स्थिति में दुर्लभ o-नेगेटिव रक्त उपलब्ध कराकर एक महिला मरीज की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। गीता देवी का हीमोग्लोबिन मात्र 4 ग्राम रह गया था और उन्हें तत्काल रक्त की आवश्यकता थी। परिजन कई दिनों से रक्त की तलाश में भटक रहे थे, लेकिन कहीं सफलता नहीं मिल रही थी। सूचना मिलते ही करीमचक निवासी नियमित रक्तदाता फिरोज कुरैशी ने अपना सभी कार्य छोड़ तत्काल ब्लड सेंटर पहुंचकर रक्तदान किया। उनके समय पर किए गए रक्तदान से मरीज का उपचार शुरू हो सका और परिजनों ने राहत की सांस ली। इस दौरान संस्था के सक्रिय सदस्य शादाब अली एवं जुगनू हसन ने भी पूरी प्रक्रिया में समन्वय और सहयोग किया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष तारिक अनवर ने बताया कि संगठन का उद्देश्य रक्त के अभाव में किसी भी मरीज की जान न जाने देना है। संस्था अब तक 32 से अधिक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित कर हजारों यूनिट रक्त उपलब्ध करा चुकी है। उन्होंने कहा कि संस्था का सक्रिय व्हाट्सएप नेटवर्क सत्यापन के बाद जरूरतमंदों तक तत्काल रक्तदाता पहुंचाता है। उन्होंने स्वस्थ लोगों से नियमित स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता की इस मुहिम से जुड़ने की अपील की।

# रुद्राभिषेक के साथ महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ, कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने किया वैदेही कैफेटेरिया का उद्घाटन

**मोतिहारी(एनएसबी)।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिहार में ग्रीष्मावकाश के उपरांत नए शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ आध्यात्मिक आस्था, नवोत्साह एवं शैक्षणिक उत्ष्टता के संकल्प के साथ हुआ। विश्वविद्यालय की समृद्धि, शांति एवं सतत प्रगति की मंगलकामना हेतु गांधी भवन में प्रातःकाल कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया।इस पावन अनुष्ठान में विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, अधिकारी, प्रशासनिक एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी तथा विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए विश्वविद्यालय की निरंतर उन्नति एवं सफलता के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए माननीय कुलपति ने सभी को नए शैक्षणिक सत्र की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा विश्वविद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य से समर्पण, नवाचार



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

और सामूहिक प्रयास की भावना के साथ कार्य करते हुए शैक्षणिक उत्ष्टता एवं संस्थागत विकास के नए आयाम स्थापित करने का आह्वान किया।छात्र-केंद्रित अधोसंरचना को सुढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए माननीय कुलपति ने गांधी भवन स्थित श्वैदेही कैफेटेरियाश का उद्घाटन भी किया।इस अवसर पर कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव ने कहा, ष्वैदेही कैफेटेरिया केवल भोजन एवं अल्पाहार की सुविधा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सार्थक संवाद, अनौपचारिक शैक्षणिक चर्चाओं तथा सामुदायिक सहभागिता का एक सशक्त मंच भी बनेगा। यह पहल विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास, उनके कल्याण तथा विश्वविद्यालय समुदाय के बीच आपसी संवाद एवं सहभागिता को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।ष्परिसर निदेशक प्रो प्रसून दत्ता सिंह ने कैफेटेरिया के नाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, ष्श्वैदेहीश माता सीता का एक अत्यंत पूजनीय नाम है। यह नाम मिथिला एवं बिहार की समृद्ध सांस्तिक विरासत का प्रतीक है तथा विद्यार्थियों में अपनी सांस्तिक जड़ों के प्रति आत्मीयता, गर्व एवं अपनत्व की भावना को सुढ़ करता है। ष्इस अवसर पर प्रो शिरीष मिश्रा, प्रो श्याम कुमार झा, प्रो शहाना मजूमदार, प्रो अरविंद कुमार शुक्ला, ड. कैलाश चंद्र प्रधान, ड़ श्याम नंदन, ड़ बबीता मिश्रा, ड़ बबलू पाल, ड़ अमित रंजन, विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) ड़ सच्चिदानंद सिंह तथा उप कुलसचिव श्री सुहर्ष कुमार सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## सदर अस्पताल रोड का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, पार्किंग, ड्रेनेज और सड़क सुधार में तेजी लाने के निर्देश

### मरीजों की सुविधा सर्वोपरिरू अस्पताल रोड के जीर्णोद्धार के साथ यातायात और स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त करने का आदेश

**छपरा।** जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने बुधवार को सदर अस्पताल रोड का औचक निरीक्षण कर सड़क, जल निकासी और अस्पताल परिसर से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पथ निर्माण विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि अस्पताल आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सदर अस्पताल के लिए चिन्हित पार्किंग एरिया को सुव्यवस्थित रूप से विकसित करने, ड्रेनेज व्यवस्था को सुढ़ बनाने तथा सदर अस्पताल रोड के जीर्णोद्धार का कार्य शीघ्र शुरू कर निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान यातायात एवं आवागमन की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों, एंबुलेंस और आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर की व्यवस्थाओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को मरीजों के उठने-बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता तथा शौचालयों की नियमित साफ-सफाई और बेहतर रख-रखाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अस्पताल परिसर और उससे जुड़ी आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करेंगे, ताकि सदर अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

## 14 जुलाई को आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय ‘सहयोग’ शिविर को लेकर सारण जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज

**छपरा।** मुख्यमंत्री के प्रत्यक्ष निर्देशन में आगामी 14 जुलाई को आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय ‘सहयोग’ शिविर को लेकर सारण जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले से संबंधित सभी चिन्हित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि राज्यस्तरीय शिविर में शिकायतकर्ताओं को त्वरित राहत मिल सके। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि राज्यस्तरीय सहयोग शिविर में पूरे बिहार से प्राप्त 100 शिकायतों पर कार्रवाई की जाएगी। सारण जिले से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अब तक प्राप्त 24 शिकायतों के निष्पादन की विस्तृत जानकारी ली और अधिकारियों को सभी मामलों का शत-प्रतिशत समाधान कर निर्धारित पोर्टल पर समय से अपलोड करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि राज्यस्तरीय सहयोग शिविर में चयनित शिकायतों के आवेदकों के वाहन, भोजन एवं आवास की समुचित व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की जाएगी। साथ ही संबंधित मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाया जाएगा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों के निष्पादन में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मामले का तथ्यों के आधार पर त्वरित समाधान कर उसकी अद्यतन रिपोर्ट निर्धारित समय-सीमा के भीतर पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें, ताकि राज्यस्तरीय शिविर का उद्देश्य सफलतापूर्वक पूरा हो सके।

## शिकायत के बाद बथना वार्ड-9 में लगा ट्रांसफर्मर, परिवाद का हुआ निस्तारण

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्वी चम्पारण जिले के बंजरिया प्रखंड अंतर्गत बथना पंचायत के वार्ड संख्या-9 में ट्रांसफर्मर नहीं लगाए जाने की शिकायत का समाधान हो गया है। लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के समक्ष दर्ज परिवाद संख्या 402110121042604639 की सुनवाई के बाद संबंधित विभाग ने वार्ड में नया ट्रांसफर्मर स्थापित कर दिया, जिससे ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही समस्या का अंत हो गयास जानकारी के अनुसार, बथना वार्ड संख्या-9 निवासी ष्णा कुमार, पिता भागनारायण मुखिया ने ट्रांसफर्मर नहीं लगाए जाने के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की सुनवाई के दौरान लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, मोतिहारी को लोक प्राधिकार नामित करते हुए नोटिस जारी किया।लगातार नोटिस एवं समन के बाद सहायक विद्युत अभियंता ने अपने प्रतिवेदन (पत्रांक-236, दिनांक 8 जुलाई 2026) में अवगत कराया कि परिवादी की शिकायत के आलोक में बथना वार्ड संख्या-9 में ट्रांसफर्मर स्थापित कर दिया गया हैस सुनवाई के दौरान परिवादी ष्णा कुमार ने भी ट्रांसफर्मर लगाए जाने की पुष्टि करते हुए समाधान पर संतोष व्यक्त किया। इसके बाद लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने शिकायत का निस्तारण करते हुए परिवाद को समाप्त कर दिया।ग्रामीणों ने ट्रांसफर्मर लगने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में सुधार होगा और बार-बार होने वाली बिजली की समस्या से राहत मिलेगी। लोगों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी विद्युत विभाग जनसमस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करेगा।



शिकायत सुनते अधिकारी।

## मोतिहारी में नोट डबलिंग गिरोह का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

### एक करोड़ की नकली करेंसी, 13 लाख नकद 38 कथित सोने के बिस्कुट व हथियार बरामद

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्वी चम्पारण जिले की मोतिहारी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नोट डबलिंग और नकली सोने के बिस्कुट के जरिए ठगी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। भोपतपुर थाना क्षेत्र में की गई छापेमारी के दौरान पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से लगभग एक करोड़ रुपये की नकली करेंसी, 13 लाख रुपये नकद, 38 कथित सोने के बिस्कुट, एक अवैध देसी कट्टा तथा जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैंस पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भोपतपुर थाना क्षेत्र में सुलेमान अंसारी और मोहम्मद इम्तियाज अपने सहयोगियों के साथ लोगों को नोट और सोना डबल करने का झांसा देकर ठगी कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद सदर डीएसपी-1 एवं डीएसपी-2 के नेतृत्व में दो प्रशिक्षु डीएसपी तथा पांच थानों की पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी की।छापेमारी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में नकली नोट, नकद राशि और कथित सोने के बिस्कुट बरामद किए। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरोह भोले-भाले लोगों को नोट दोगुना करने और नकली सोने के बिस्कुट को असली बताकर ठगी का शिकार बनाता था। बरामद बिस्कुटों में फाइन गोल्ड और रोल गोल्ड जैसी दिखने वाली सामग्री भी शामिल बताई जा रही है, जिसकी जांच कराई जा रही है।पुलिस के अनुसार, इस गिरोह का नेटवर्क बिहार के अलावा अन्य राज्यों तक फैला होने की आशंका है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि इतनी बड़ी मात्रा में नकली करेंसी कहां से लाई गई, इसे कहां खपाने की योजना थी तथा गिरोह के तार नेपाल सीमा या किसी अंतरराज्यीय नेटवर्क से जुड़े हैं या नहीं।गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस का मानना है कि पूछताछ के दौरान गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों, संभावित सरगनाओं और इस ठगी के नेटवर्क से जुड़े सफेदपोश लोगों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# सहयोग शिविर में उमड़ी लोगों की भीड़ 30 दिनों के भीतर होगा समस्याओं का समाधान

मोतिहारी(एनएसबी)। बिहार सरकार की पहल पर नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर बिजली, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, सड़क, नाला, जल निकासी तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन जमा किएस शिविर में अधिकारियों ने लोगों की शिकायतें और आवेदन प्राप्त किए तथा आश्वासन दिया कि सभी आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण कर 30 दिनों के भीतर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

शिविर के दौरान नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिससे उन्हें राहत मिलने की उम्मीद जगी।कार्यक्रम में उपमहापौर ड़ लाल बाबू प्रसाद, नागरिक परिषद सदस्य अमरेंद्र सिंह, निगम पार्षद एवं उनके प्रतिनिधि मो. कलाम, मो शकील, हरेंद्र पटेल, ज्योति देवी, शिशु श्रीवास्तव, गुल्लू श्रीवास्तव, राधना कुमारी, जुलेखा रशीद एवं सुधीर श्रीवास्तव सहित नगर निगम के कई संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।शिविर को संबोधित करते हुए उपमहापौर ड़ लाल बाबू प्रसाद ने कहा कि बिहार सरकार की यह पहल आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत देने वाली है।




सहयोग शिविर में मौजूद जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस जनहितकारी व्यवस्था के माध्यम से शहरवासियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सरकार की इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का समाधान सहयोग शिविर के माध्यम से कराएं। शिविर में मौजूद लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपलब्धता से उनकी समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया आसान हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों पर प्रशासन का सख्त प्रहार, निर्माण कार्य रुकवाकर प्राथमिकी दर्ज’

#### डीएम के निर्देश पर बड़ी कार्रवाईरू नोटिस के बावजूद निर्माण जारी रखने वालों पर कानूनी शिकंजा

**छपरा।** सारण जिला प्रशासन ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा और निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों में नियमित रूप से कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासन ने सरकारी आदेशों की अवहेलना कर निर्माण कार्य जारी रखने वाले लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आगे भी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। जिला प्रशासन के अनुसार, नगर पंचायत रिविलगंज की स्वामित्व वाली सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण की सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी ने 4 जुलाई को मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य तत्काल रोकने का निर्देश दिया था। निर्माण करा रहे लोगों को स्वयं को भूमि का मालिक बताने पर स्वामित्व संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन कोई वैध अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया गया। प्रशासन ने बताया कि वाद संख्या-688৳04072026 के तहत नोटिस जारी कर संबंधित पक्षों को हस्तगत कराया गया तथा निर्माण स्थल की जियो-टैगिंग और वीडियोग्राफी भी कराई गई। इसके बावजूद सरकारी आदेशों की अनदेखी करते हुए 4 जुलाई की रात तथा 5 जुलाई की सुबह भी निर्माण कार्य जारी रखा गया और सरकारी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया जाता रहा। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य कर रहे कुछ लोगों को हिरासत लिया गया। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे और निर्माण के प्रयास को लेकर रिविलगंज थाना में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थाना प्रभारी के अनुसार, 05 जुलाई 2026 को इस संबंध में कांड संख्या-394৳26 दर्ज किया गया है। जिला प्रशासन ने दोहराया है कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण या अवैध कब्जे की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### आरएसए का 17वां स्थापना दिवस समारोह संपन्न

#### नई इकाई की घोषणा, जयप्रकाश विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार छात्रा बनी विश्वविद्यालय अध्यक्ष

**छपरा।** शोध विद्यार्थी संगठन (आरएसए) का 17वाँ स्थापना दिवस मंगलवार को छपरा में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में छपरा, सिवान एवं गोपालगंज के बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। समारोह का शुभारंभ संगठन के संरक्षक उज्ज्वल कुमार सिंह, गुलशन यादव, परमजीत कुमार सिंह, प्रमेन्द्र सिंह एवं विकाश सिंह सेंगर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में केक काटकर सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान संगठन की पुरानी इकाई को भंग करते हुए सत्र 202627 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। अंकित कुमार को संयोजक, सुनील सिंह एवं विशाल सिंह को सह-संयोजक, प्रीति यादव को विश्वविद्यालय अध्यक्ष तथा रिया शर्मा को छात्रा प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर आरएसए ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए जयप्रकाश विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार किसी छात्रा को विश्वविद्यालय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। प्रीति कुमारी की नियुक्ति के साथ संगठन ने छात्र राजनीति में महिला नेतृत्व को नई पहचान देते हुए एक नया इतिहास रचा। संगठन का दावा है कि विश्वविद्यालय के इतिहास में इससे पहले किसी भी छात्र संगठन ने किसी छात्रा को विश्वविद्यालय अध्यक्ष नहीं बनाया था।वक्ताओं ने कहा कि आरएसए पिछले 17 वर्षो से जयप्रकाश विश्वविद्यालय सहित पूरे सारण प्रमंडल में छात्र-छात्राओं के अधिकार, पारदर्शी शिक्षा व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण परीक्षा प्रणाली तथा विश्वविद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं के विरुद्ध लगातार संघर्ष करता रहा है। संगठन ने हर परिस्थिति में छात्र हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और आगे भी छात्र-छात्राओं की आवाज बनकर कार्य करता रहेगा। वक्ताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन से छात्रों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने, शैक्षणिक एवं परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा विश्वविद्यालय के विकास के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। साथ ही नई टीम से संगठन को और अधिक मजबूत बनाते हुए छात्र हितों की लड़ाई को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन संगठन की एकता, संघर्ष एवं छात्र हितों के प्रति समर्पण के संकल्प के साथ हुआ। आरएसए ने विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम के नेतृत्व में संगठन छात्र-छात्राओं के अधिकारों की लड़ाई को और अधिक मजबूती एवं प्रभावशीलता के साथ आगे बढ़ाएगा।

### जन्म शताब्दी वर्ष पर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी को श्रद्धांजलि, छपरा में विचार संगोष्ठी आयोजित

#### पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर जी की जन्म शताब्दी वर्ष पर क्षत्रिय छात्रावास में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

छपरा। प्रखर वक्ता, समाजवाद के पुरोधा एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की 19वीं पुण्यतिथि एवं जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर सारण जिला क्षत्रिय छात्रावास, छपरा में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षत्रिय छात्रावास के अध्यक्ष एवं जदयू नेता कामेश्वर सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय चंद्रशेखर जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके राष्ट्रनिर्माण में योगदान को स्मरण किया।मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि चंद्रशेखर जी भारतीय राजनीति के ऐसे जननायक थे जिन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए देश हित में कई साहसिक एवं दूरदर्शी निर्णय लिए। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर जी का सारण से विशेष संबंध रहा है। उन्होंने उपस्थित लोगों द्वारा उठाई गई छपरा में उनकी प्रतिमा स्थापित करने एवं उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग का समर्थन करते हुए आश्वस्त किया कि इस संबंध में केंद्र सरकार के समक्ष गंभीरता पूर्वक प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने दूरभाष पर सारण जिला क्षत्रिय महासभा एवं सारण जिला क्षत्रिय छात्रावास द्वारा आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम के लिए आयोजकों को धन्यवाद एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर जी का व्यक्तित्व एवं राष्ट्र के प्रति उनका योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा। श्री रूडी ने भविष्य में ऐसे आयोजनों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। सीपीएस, छपरा के निदेशक ड़ हरेंद्र सिंह ने कहा कि चंद्रशेखर जी ने राजनीति को सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का दायित्व माना। उनका जीवन सार्वजनिक जीवन में नैतिकता, साी और सिद्धांतों का उत्ष्ट उदाहरण है। विचार संगोष्ठी में रमाकांत सोलंकी, ड़ राजीव कुमार सिंह, पूर्व प्राचार्य ओम सिंह, ड़ धर्मेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह चौहान, राकेश सिंह, जितेंद्र सिंह, मुरारी सिंह, राजीव सिंह एवं राजेंद्र सिंह सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि चंद्रशेखर जी का जीवन संघर्ष, ईमानदारी, स्पष्टवादिता एवं राष्ट्रहित के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक था। उनकी ऐतिहासिक भारत यात्रा भारतीय जनमानस से उनके गहरे जुड़ाव का प्रमाण है। कार्यक्रम का सफल संचालन भाजपा नेता अजीत सिंह ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर जी के व्यक्तित्व, तित्व एवं राजनीतिक जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रो धनंजय सिंह, अरुण सिंह, अनिल सिंह, पुरुषोत्तम सिंह ‘गुड्डा’, अभय कुमार सिंह, महेश सिंह, मदन कुमार सिंह, केशरी सिंह, वीरेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह, शैलेंद्र सिंह, मनोज कुमार सिंह, अर्धेन्दु शेखर, विजय सिंह, सुरेश सिंह, अखिलेश सिंह, राष्ट्रीय कोच रमेश सिंह सहित सैकड़ों प्रबुद्धजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### गुप्त सूचना पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** सोनवर्षा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की सुबह मुख्य बाजार स्थित एक घर में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की। हालांकि कार्रवाई के दौरान कथित शराब तस्कर मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मुख्य बाजार निवासी रौशन विश्वास के घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान घर में रखे एक लोहे के बक्से से छिपाकर रखी गई ब्लेंडर्स प्राइड की 750 एमएल की 47 बोतल तथा ऑफिसर्स चॉइस के 180 एमएल के 83 टेट्रा पैक बरामद किए गए। पुलिस ने मौके से बरामद सभी अवैध शराब को जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। मामले में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### करंट लगने से ढाई वर्षीय बच्ची की मौत पर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, बिजली विभाग पर लापरवाही का लगाया आरोप

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** सदर थाना क्षेत्र के सुलिंदाबाद वार्ड 43 में करंट लगने से ढाई वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मृतका की पहचान अमित सादा की पुत्री सुमन कुमारी के रूप में हुई है। इस संबंध में पूर्व मुखिया प्रदीप पासवान ने पुछे जाने पर बताया कि बच्ची अपने घर के पास खेल रही थी। इसी दौरान वह बिजली के नंगे तार की चपेट में आ गई। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद इलाके में आक्रोश फैल गया। गुस्साए ग्रामीणों और परिजनों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। उन्होंने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। परिजनों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से बिजली के नंगे तार लटके हुए थे। इसकी शिकायत कई बार किए जाने के बावजूद विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। उनकी लापरवाही के कारण ही बच्ची की जान चली गई। ग्रामीणों ने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर जाम हटवाने का प्रयास किया। सहरसा सदर थाना के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद शोएब ने बताया कि बिजली के करंट की चपेट में आने से एक बच्ची की मौत हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार, देसी कट्टा व कारतूस बरामद

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना पुलिस ने अवैध हथियार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को सिमरी बख्तियारपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि लक्ष्मनिया गांव निवासी नीरज कुमार, पिता सिबो यादव, अवैध हथियार के साथ मौजूद है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और आरोपित को दबोच लिया। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान आरोपित के कब्जे से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस एवं एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। बरामद सभी सामान को जब्त कर लिया गया है। इस संबंध में बनमा ईटहरी थाना में शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि बरामद हथियार का इस्तेमाल किसी आपराधिक घटना में हुआ है या नहीं, इसकी भी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि अपराधियों एवं अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध पुलिस का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।



### नशा मुक्त बिहार को लेकर सहरसा पुलिस की 4 नशा तस्करों पर कार्रवाई, गिरफ्तार।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** पुलिस उप महानिरीक्षक कुमार आशीष एवं पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के निर्देश पर सुखा नशा तस्कर के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। वही तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। जिले के बनगांव थाना एवं पतरघट थाना पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए कुल 04 आरोपियों को 6.43 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। बनगांव थाना पुलिस द्वारा 1.35 ग्राम स्मैक के साथ 03 अभियुक्त तथा पतरघट थाना पुलिस द्वारा 5.08 ग्राम स्मैक के साथ 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया। इस संबंध में बनगांव थाना कांड सं.123/26 तथा पतरघट थाना कांड सं.-133/26 दर्ज कर दर्ज कर 04 अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा हेतु माननीय न्यायालय, सहरसा भेजा गया है। गिरफ्तार अभियुक्त अमन कुमार, रंजीत यादव, सा-घोघसम, थाना-कनरिया,अंकित कुमार, पे-सुनिल दास, रामप्रवेश कुमार, पे-विजेन्द तांती, दोनों सा-बरियाही बस्ती, थाना-बनगांव, जिला-सहरसा, रंजन कुमार, पे-नुनुलाल प्रसाद, सा-घोघसम पट्टी, थाना-पतरघट्, जिला-सहरसा शामिल है। पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने बताया कि नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रहा है। साथ ही नशा छोड़ें, जीवन जोड़ें, नशा मुक्त समाज, सुरक्षित समाज हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सौरबाजार थाना द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस प्रभात फेरी में पुलिस पदाधिकारियों, पुलिसकर्मियों एवं स्थानीय नागरिकों, छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।




### निगम पार्षद 31 ने दिया नगर आयुक्त, महापौर और उप महापौर को आवेदन, अंतिम संस्कार शुल्क एगारह सौ रुपए करने की मांग


**सहरसा शहर (एनएसबी)।** नगर निगम पार्षद 31 आशिष रंजन सिंह ने आवेदन देकर नगर आयुक्त, महापौर, और उप महापौर सहित मुख्यमंत्री, मंत्री नगर विकाश एवं आवास विभाग, आयुक्त कोशी प्रमंडल सहरसा सहित जिला पदाधिकारी को प्रतिलिपि देकर गरीबों के लिए गुहार लगाया।श्री रंजन ने कहा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंव 44 कोरलाही में बनाए गए शब दाह गृह जो चालू हो गया हैं। मुझे जानकारी मिली वहां दाह संस्कार करने का शुल्क खासकर गरीबों के लिए काफी ज्यादा है। श्री आशीष ने कहा कि सरकार द्वारा चालू योजना कबीर अंत्योष्टि जिसमें गरीब,लाचार,बी पी एल धारी लोगों के परिजनों को मृत्यु के पश्चात दाह संस्कार हेतु 3000 (तीन हजार) रुपया देने का प्रावधान है। जो नगर निगम बनने से आज तक किन्हीं मृतक के परिजन को नहीं मिला है। कई वार नगर निगम के साधारण बोर्ड की बैठक में मैंने और कई पार्षदों ने आवाज उठाए एवं सहरसा नगर निगम में पदस्थापित आज तक आए सभी नगर आयुक्त को अवगत कराया मगर गरीब, लाचार, निर्धन को देखने वाला कोई नहीं। वार्ड पार्षद के अनुशंसा या धारी गरीब, लाचार, निर्धन लोगों हेतु शुल्क मात्र 1100 सौ रुपया करने हेतु आदेश देने कि कृपा करें।



# जनरल स्टोर के चदरा तोड़कर लाखों की चोरी

## 51 हजार नकद और डेढ़ लाख के सामान पर लाया चुना

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** सदर थाना क्षेत्र के रिफ्यूजी चैक के समीप स्थित एक जनरल स्टोर में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान की छत का छप्पर फाड़कर अंदर घुसे और कैश काउंटर में रखे 51 हजार रुपए नकद के साथ करीब डेढ़ लाख रुपए मूल्य के सामान लेकर फरार हो गए। बुधवार सुबह दुकान खुलने पर घटना का पता चला। सूचना मिलने पर डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेकर पीड़ित दुकानदार को सदर थाना में लिखित आवेदन देने का निर्देश दिया। घटना के बाद इलाके के दुकानदारों में दहशत है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात में पुलिस गश्त प्रभावी नहीं होने के कारण चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। रिफ्यूजी चैक के समीप जनरल स्टोर चलाने वाले राजेश कुमार उर्फ छोटू यादव ने बताया कि वह पिछले सात वर्षों से दुकान संचालित कर रहे हैं। रोज की तरह मंगलवार रात करीब 10 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। बुधवार सुबह करीब सात बजे जब दुकान खोलने पहुंचे तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने देखा कि दुकान की छत का छप्पर टूटा हुआ था और चोर उसी रास्ते अंदर घुसे थे। दुकान के भीतर सामान बिखरा पड़ा था और कैश काउंटर भी खुला हुआ था। दुकानदार ने बताया कि कैश काउंटर में बिक्री के 51 हजार रुपये रखे हुए थे, जिसे चोर अपने साथ ले गए। इसके अलावा कॉस्मेटिक उत्पाद, गुड नाइट मशीन और रिफिल, दैनिक उपयोग के कई महंगे सामान सहित करीब डेढ़ लाख रुपये मूल्य का सामान भी चोरी हो गया। उन्होंने बताया कि चोरी की वजह से उन्हें करीब दो लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। दुकान में रखे कई अन्य सामान भी चोरों ने खंगाल दिए थे। घटना की जानकारी मिलते ही दुकानदार ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने प्रारंभिक जानकारी जुटाने के बाद पीड़ित को सदर थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराने की सलाह दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वारदात में कितने लोग शामिल थे। आसपास लगे निजी सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने पुलिस की गश्ती व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। एनएसयूआई के पूर्व संयोजक मनीष कुमार ने कहा कि चोरी की घटना से कुछ ही दूरी पर टीओपी-2 स्थित है, लेकिन रात में नियमित गश्ती नहीं होने के कारण अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस की सक्रिय गश्त होती तो संभवतः इस तरह की चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता था। उन्होंने पुलिस प्रशासन से रात के समय गश्त बढ़ाने की मांग की। मनीष कुमार ने नगर निगम की सीसीटीवी व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि शहर के चैक-चैराहों पर लाखों रुपये खर्च कर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, लेकिन अधिकांश कैमरे बंद पड़े हैं या काम नहीं कर रहे हैं। यदि कैमरे चालू रहते तो चोरों की पहचान करने में पुलिस को काफी मदद मिल सकती थी। उन्होंने सहरसा के पुलिस अधीक्षक से पुलिस व्यवस्था में सुधार करने, रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने और शहर की सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग की। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। दुकानदार को उम्मीद है कि जल्द प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस चोरों की पहचान कर चोरी गया सामान और नकदी बरामद करेगी। वहीं, लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से शहर के कारोबारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है।




छप्पर फाड़कर अंदर घुसे चोर।

# रेलवे अब छोटे-छोटे स्टेशनों को भी बना रही है डिजिटल हाईटेक

## करीब 15 किलोमीटर के दायरे में लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर से सीधी बात सकेंगे स्टेशन पर बैठे एसएस

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** पूर्व मध्य रेलवे अंतर्गत अब छोटे स्टेशनों को डिजिटल हाईटेक बना रही है। बड़े स्टेशनों से लेकर छोटे स्टेशनों को भी अब आधुनिक उपक्रमों से लैस किया जा रहा है। रेल परिचालन व्यवस्था को सुदृढ़ और बेहतर बनाने और इंटरनेट सिस्टम का मजबूत करने के लिए पूरे डिवीजन के सभी छोटे बड़े स्टेशनों को अब न्यू वीएचएफ सेट सिस्टम से लैस किया जा रहा है। सहरसा, सोनबरसा कचहरी, सिमरी बख्तियारपुर, कोपरिया, धमारा घाट, बदला घाट और मानसी स्टेशन पर यह आधुनिक उपक्रम सिस्टम काम करना शुरू कर दिया है। इसके अलावा सहरसा से बैजनाथपुर, मिठाई, मधेपुरा, मुरलीगंज, जानकीनगर, बनमनखी, कृत्यानंद नगर, सरसी, पूर्णिया कोर्ट के अलावा सहरसा से सुपौल, सरायगढ़, ललित ग्राम रेलखंड के सभी स्टेशनों पर यह सिस्टम लगने के बाद धीरे-धीरे काम करना शुरू करेगा। सबसे बड़ी खास बात यह है कि यह आधुनिक सिस्टम हॉल्ट स्टेशन पर खड़ी ट्रेनों के लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर से भी संपर्क में रहेगा। फिलहाल सहरसा से मानसी सभी स्टेशनों पर यह न्यू वीएचएफ काम करना शुरू कर दिया है। न्यू वीएचएफ सेट सिस्टम काम करने के बाद किसी भी स्टेशन से 15 किलोमीटर के दायरे में लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर से स्टेशन पर बैठे एसएस या एसएम इस सिस्टम के जरिए सीधी बात कर सकेंगे। पूरा प्रणाली सिस्टम हॉल्ट स्टेशनों पर खरी ट्रेनों के ट्रेन मैनेजर और लोको पायलट से भी संपर्क में रहेगा। पूर्व में जब किसी स्टेशन के स्टेशन अधीक्षक या स्टेशन मास्टर को किसी लोको पायलट या ट्रेन मैनेजर से बात करनी होती तो वाकी टॉकी सिस्टम से बातचीत होती थी। लेकिन अब न्यू वीएचएस सिस्टम के जरिए रेलवे स्टेशन पर बैठे कोई कर्मचारी 15 किलो मीटर रेंज के अंदर किसी भी ट्रेन के लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर से बात कर पाएंगे। पूर्व में किसी भी ट्रेन के लोको पायलट या ट्रेन मैनेजर से अगर स्टेशन पर बैठे कोई कर्मचारी संपर्क करता था तो 2 से 3 किलोमीटर की रेंज में ही वाकी टॉकी से बातचीत होती थी कभी-कभी खराब नेटवर्क होने की वजह से बातचीत भी सही तरीके से नहीं हो पाती थी जिससे परिचालन व्यवस्था पर भी असर पड़ता था इस सिस्टम से परिचालन व्यवस्था फास्ट होगी। किसी भी आपातकालीन स्थिति में आधुनिक उपक्रमों से लैस न्यू वीएचएस सेट सिस्टम के ऊपर लगे रेड कलर का बटन दबाते ही इमरजेंसी सायरन बज उठेगा जिससे लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर को तुरंत खतरे का पता चल सकेगा और वह अपनी कार्रवाई कर सकेंगे। रेल अधिकारियों का कहना है कि इस आधुनिक सिस्टम को लैस होने से ट्रेन परिचालन में सुरक्षा और सुंरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी, परिचालन व्यवस्था बेहतर होगी, यह पूरा सिस्टम हाई इंटरनेट सेवा से जुड़ा है।





### उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में सड़क हादसे के शिकार हुए पतरघट के दोनों युवकों के घर पहुंचे सांसद दिनेश चंद्र यादव, परिजनों को बंधाया ढाढस

**पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड के निवासी जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार साह के एकलौता पुत्र उम्र 22 वर्ष ओम कुमार उर्फ छोटू तथा भतीजे प्रिंस कुमार उम्र 24 वर्ष मुरादाबाद में रहकर अपने कृषि विभाग का पढ़ाई करते थे,और सुनहरे भविष्य का सपना लेकर उत्तर प्रदेश गए ,एक हीं परिवार के दो युवकों की सड़क हादसे में हुई दर्दनाक मौत के बाद पूरे इलाके में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। इस बीच, पीड़ित परिवारों को सांत्वना देने के लिए मधेपुरा लोकसभा क्षेत्र के माननीय सांसद दिनेश चंद्र यादव मृत युवकों के पैतृक गांव पतरघट पहुंचे। सांसद ने दोनों मृतक युवकों के परिजनों से मुलाकात की, घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों को हरसंभव सरकारी मदद का भरोसा दिलाया। मिली जानकारी के अनुसार, बीते दिनों मुरादाबाद में एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों युवक गंभीर रूप से दुर्घटनाग्रस्त हो गए। दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जैसे ही यह खबर मुरादाबाद पुलिस के जरिए उनके परिजनों तक पहुंची, परिवारों में कोहराम मच गया। खोने के बाद माता-पिता और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हुआ, वही पर सांसद दिनेश चंद्र यादव ने घटना की संवेदनशीलता और पीड़ित परिवारों के दर्द को देखते हुए मधेपुरा सांसद दिनेश चंद्र यादव तुरंत उनके घर पहुंचे। सांसद ने दोनों प्रभावित परिवारों के बीच काफी समय बिताया। परिजनों के आंसू पोंछे। मुलाकात के दौरान सांसद ने कहा यह बेहद हृदयविदारक घटना है। कम उम्र के दो होनहार युवकों का इस तरह चले जाना न सिर्फ उनके परिवारों के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। दुख की इस घड़ी में मैं और मेरी पूरी पार्टी इन परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है,सांसद दिनेश चंद्र यादव ने परिजनों को आश्वस्त किया कि वे दोनों राज्यों के प्रशासनिक तंत्र से समन्वय बनाकर पीड़ित परिवारों को उचित सरकारी मुआवजा और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने का पूरा प्रयास करेंगे मौके पर मौजूद, जिप सदस्य मिथिलेश राणा, पूर्व मुखिया चंद्रिका प्रसाद साह, अनुग्रह नारायण सिंह, अमर यादव चंद्र किशोर यादव, रवि कुमार, अजय आनंद, जवाहर यादव, रतन सिंह, छतरी यादव, समिति प्रतिनिधि राहुल कुमार मुखिया प्रतिनिधि अमित कुमार साह, समाज सेवी बिजेंद्र प्रसाद, इंद्र भूषण सिंह, शैलेंद्र शेखर जी, सुनील यादव, करू सिंह, अभिषेक कुमार उर्फ बौआ जी, मुन्ना जी, भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।



परिजनों को ढाढस देते सांसद श्री यादव।

### जाली केबाला के आधार पर दाखिल-खारिज के मामले में अंचल कर्मियों की भूमिका पर भी उठे सवाल

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड की कोपा पंचायत में जाली केबाला के आधार पर जमीन का दाखिल-खारिज कराने के मामले में नया मोड़ आ गया है। सीओ जितेंद्र कुमार सिन्हा ने काशनगर थाना में वार्ड सदस्य देवदत्त महतो की पत्नी रानी देवी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। हालांकि पूरे मामले में अंचल कर्मियों और कथित बिचैलियों की भूमिका पर अब भी सवाल उठ रहे हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार, कोपा पंचायत के वार्ड संख्या-7 के सदस्य देवदत्त महतो पर आरोप है कि उन्होंने अपनी पत्नी रानी देवी के नाम पर कथित जाली केबाला के आधार पर पड़ोसी गुजल महतो की पत्नी सीता देवी की निजी जमीन का दाखिल-खारिज करा लिया था। मामले की सुनवाई के दौरान तत्कालीन सीओ आशीष झा ने 4 जून को अपने आदेश में स्पष्ट लिखा था कि आवेदन के साथ संलग्न केबाला एवं अन्य दस्तावेज अस्पष्ट, अपूर्ण एवं संदेहास्पद हैं। उन्होंने आवेदक को मूल केबाला और संबंधित दस्तावेज सुनवाई की तिथि पर प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए चेतावनी दी थी कि साक्ष्य नहीं देने पर आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा। इसके बावजूद वर्तमान सीओ जितेंद्र कुमार सिन्हा ने 29 नवंबर 2025 को दाखिल-खारिज की स्वीकृति दे दी। अपने आदेश में उन्होंने उल्लेख किया कि राजस्व कर्मचारी एवं राजस्व अधिकारी की अनुशंसा के अनुसार संबंधित भूमि पर आवेदक का शांतिपूर्ण दखल एवं कब्जा पाया गया। यहीं से पूरे प्रकरण पर सवाल खड़े होने लगे हैं। जब तत्कालीन सीओ दस्तावेजों को संदेहास्पद मान चुके थे, तब बिना विस्तृत जांच और सत्यापन के दाखिल-खारिज कैसे स्वीकृत कर दिया गया। जबकि प्रखंड मुख्यालय में ही निबंधन कार्यालय होने के कारण केबाला की सत्यता की जांच कम समय में संभव थी। मामले में संबंधित राजस्व कर्मचारी की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। आरोप है कि जिस जमीन पर रानी देवी का कभी वास्तविक कब्जा नहीं था, उस पर उनके पक्ष में अनुशंसा कर दी गई, जिसके आधार पर दाखिल-खारिज की प्रक्रिया पूरी हुई। इस संबंध में सीओ जितेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि मूल दस्तावेज मंगवाए गए थे, लेकिन उनकी जांच की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण बिना सत्यापन के दाखिल-खारिज की स्वीकृति दे दी गई थी। बाद में मामले की जांच में अनियमितता सामने आने पर संबंधित के विरुद्ध काशनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। अब सवाल यह उठ रहा है कि यदि दस्तावेजों की जांच की सुविधा उपलब्ध नहीं थी, तो संदेहास्पद दस्तावेजों के आधार पर दाखिल-खारिज की स्वीकृति क्यों दी गई? साथ ही, जिन अंचल कर्मियों और अधिकारियों की अनुशंसा पर यह प्रक्रिया पूरी हुई, उनकी भूमिका की जांच और जवाबदेही भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

# सफाई कर्मियों ने वाजिब मांग को लेकर नगर आयुक्त को सौपा ज्ञापन, नगर आयुक्त नें बताया अनुचित



प्रदर्षन करते अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** नगर निगम सफाई कर्मियों द्वारा पूर्व में किए गए समझौते का अनुपालन नहीं करने,वादा खिलाफी करने, फर्जी सफाई कर्मियों को हटाकर नगर निगम में क्षमता अनुसार सफाई कर्मियों की नियुक्ति करने, समय से वेतन का भुगतान नहीं किए जाने, सप्तम वेतन लागू करने, एसीपी का भुगतान नहीं दिए जाने, एनजीओ के कर्मियों का ईपीएफ भुगतान नहीं दिए जाने, वर्षो से दैनिक वेतन भोगी को अंतर वेतन राशि का भुगतान नहीं करने, फर्जी तरीके से सुपरवाइजर की नियुक्ति को रोकने, अयोग्य कर्मी मधु वर्मा को पेमेंट क्षेत्र से हटाने, चालकों के वेतन बढ़ोतरी नहीं किए जाने के विरुद्ध बुधवार को अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशाग कुमार गब्बर के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। श्री गब्बर ने कहा कि उपरोक्त मांग को लेकर नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि हम लोगों की मांगे पूरी नहीं होने पर सफाई कर्मी द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इस बाबत नगर आयुक्त ने बताया कि इन सफाई कर्मियों का विरोध प्रदर्शन सर्वथा अनुचित है। नगर निगम के द्वारा नियुक्त सभी 266 सफाई कर्मियों को ससमय नियमित भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अलावे सफाई कर्मियों एनजीओ द्वारा सफाई कार्य भी किया जा रहा है लेकिन सफाई कार्य में संतुष्टि पूर्वक कार्य नहीं किए जाने के कारण विगत 15 दिन पूर्व हटा दिया गया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सफाई मजदूर कर्मी मौजूद रहे।

# अलौली स्टेशन का नाम रामविलास पासवान के नाम पर रखने की मांग



पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह को स्मृति चिह्न भेंट करते सांसद प्रतिनिधि विकाश कुमार सिंह।

**पटना में हुई क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक में शामिल हुए खगड़िया सांसद के प्रतिनिधि**

**सांसद प्रतिनिधि ने खगड़िया संसदीय क्षेत्र, कोसी और सीमांचल के लाखों रेल यात्रियों की सुविधा एवं क्षेत्र के समग्र रेल विकास से जुड़ी 42 महत्वपूर्ण मांगों को बैठक में रखा**

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** पूर्व मध्य रेलवे द्वारा पटना में आयोजित क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक में सांसद राजेश वर्मा के प्रतिनिधि के रूप में जेडआरयूसीसी सदस्य विकाश कुमार सिंह ने खगड़िया संसदीय क्षेत्र, कोसी एवं सीमांचल के लाखों रेल यात्रियों की सुविधा एवं क्षेत्र के समग्र रेल विकास से जुड़ी 42 महत्वपूर्ण मांगों को प्रमुखता एवं मजबूती के साथ रखा।

बैठक में खगड़िया, मानसी, महेशखूंट, पसराहा, कोपड़िया, इमली, भरतखंड, धमारा घाट, हसनपुर, विथान एवं गौछारी सहित विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव, नई ट्रेनों के परिचालन एवं विस्तार, स्टेशन विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार, रेल ओवरब्रिज , अंडरपास, संपर्क सड़क निर्माण तथा सांस्तिक एवं धार्मिक महत्व से जुड़ी मांगों को विस्तारपूर्वक वैठक में रखा गया। विकाश कुमार सिंह ने कहा कि खगड़िया जंक्शन पूर्व मध्य रेलवे का महत्वपूर्ण जंक्शन है तथा आय के मामले में भी अग्रणी स्टेशनों में शामिल है। इसके बावजूद कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के यहां ठहराव नहीं होने से यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने किशनगंज-अजमेर गरीब नवाज एक्सप्रेस, कामाख्या गांधीनगर एक्सप्रेस, अगरतला-फिरोजपुर त्रिपुरा सुंदरी एक्सप्रेस एवं पूर्वोत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस का खगड़िया जंक्शन पर ठहराव सुनिश्चित करने की मांग की। इसके अतिरिक्त पसराहा स्टेशन पर आम्रपाली एक्सप्रेस, सीमांचल एक्सप्रेस, कैपिटल एक्सप्रेस, टाटा-कटिहार एक्सप्रेस एवं हाटे बाजार एक्सप्रेस, सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन पर वैशाली एक्सप्रेस, धमारा घाट स्टेशन पर राजेंद्र नगर-सहरसा इंटरसिटी एक्सप्रेस, कोपड़िया स्टेशन पर जनहित एक्सप्रेस तथा इमली स्टेशन पर जानकी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग भी प्रमुखता से रखा। बैठक में जमालपुर-महेशखूंट सवारी गाड़ी का विस्तार पसराहा तक, जमालपुर-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस का विस्तार मानसी अथवा कटिहार तक, बरौनी-लखनऊ एक्सप्रेस एवं बरौनी-अहमदाबाद एक्सप्रेस का परिचालन सहरसा या पूर्णिया से किये जाने का भी अनुरोध किया। पटना के लिए नई रात्रिकालीन एक्सप्रेस शुरू करने का भी अनुरोध किया तथा पटना-बांद्रा टर्मिनल सुपरफास्ट एक्सप्रेस का परिचालन कटिहार से प्रारंभ करने की मांग को रखा।

स्वास्थ्य सेवा सुदृढ़ करने हेतु विकाश कुमार सिंह ने खगड़िया जंक्शन पर 24 घंटे चिकित्सा सुविधा, पसराहा, इमली, कोपड़िया एवं भरतखंड स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के विस्तार तथा सिंहमा हॉल्ट के निर्माण की मांग भी प्रमुखता से रखी। इसके अलावा खगड़िया, मानसी, महेशखूंट, पसराहा एवं हसनपुर में रेल ओवरब्रिज का निर्माण लंबे समय से लंबित है संसारपुर में अंडरपास/आरओबी, विभिन्न संपर्क सड़कों के निर्माण, धमारा घाट स्टेशन का नाम माता कात्यायनी धाम स्टेशन करने, अलौली स्टेशन का नाम स्व. रामविलास पासवान के नाम पर रखने तथा मानसी स्टेशन परिसर में अमर शहीद धन्ना माधव की स्मृति में स्मारक निर्माण की मांग भी रखी गई। विकाश कुमार सिंह ने कहा कि ये सभी मांगें क्षेत्र की जनता की वर्षों पुरानी और जनहित से जुड़ी हैं। इनके पूरा होने से खगड़िया, कोसी एवं सीमांचल क्षेत्र के लाखों रेल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सांसद राजेश वर्मा के सतत प्रयासों से पिछले दो वर्षों में क्षेत्र की कई वर्षों से लंबित रेल मांगों को रेलवे मंत्रालय द्वारा स्वीकृत किया गया है रेल लाइन की भी उनके द्वारा स्वीकृति दिलायी गयी है। उनके सतत प्रयास के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। आगे भी जनहित से जुड़े प्रत्येक मुद्दे को पूरी मजबूती के साथ उठाया जाता रहेगा। बैठक में रेलवे अधिकारियों ने सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस बैठक में बिहार, झारखंड एवं उत्तर प्रदेश के कई सांसद,विधायक, पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह सहित रेलवे के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# चौथम थाने के पास से कट्टा के साथ पांडव यादव धराया

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** थाना से महज 20 मीटर की दूरी पर नवादा जाने वाली सड़क किनारे खड़ी बाइक से डीआईयू की टीम ने देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। मामले में बाइक सवार को गिरफ्तार कर चौथम थाने के सुपुर्द कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, बाइक सवार सड़क किनारे वाहन खड़ा कर चाय पीने गया था। इसी दौरान डीआईयू की टीम ने बाइक की तलाशी ली। बाइक की सीट के नीचे से देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद होने का दावा किया गया। इस मामले में गिरफ्तार व्यक्ति सोनबरसा निवासी पांडव यादव है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पांडव को डीआईयू ने गिरफ्तार किया है। अवैध हथियार रखने के मामले में विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेजने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। वहीं, स्थानीय लोग इस घटना को संदिग्ध बताते हुए इसे साजिश से जोड़ रहे हैं। उनका कहना है कि चौथम पंचायत के सोनबरसा घाट के संचालन को लेकर पिछले कुछ समय से पांडव यादव और दूसरे पक्ष के बीच विवाद चल रहा था। पहले पंचायत ने घाट संचालन का अधिकार पांडव यादव को दिया था, लेकिन बाद में लिखित रूप से किसी अन्य व्यक्ति को भी संचालन की अनुमति दे दी। इसके बाद से घाट के संचालन को लेकर विवाद बना हुआ है और पुलिस की पहल पर फिलहाल दूसरे पक्ष द्वारा घाट का संचालन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि इसी विवाद के कारण पांडव यादव को फंसाए जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि, इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, और पुलिस ने इस संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की है। एक सवाल यह भी है कि जब थाने के पास कथित रूप से हथियार के साथ एक व्यक्ति मौजूद था, तो इसकी जानकारी स्थानीय थाने से पहले जिला डीआईयू को कैसे हुई।

# मटिहानी घाट के पास चल रही थी गन फैक्ट्री

दैनिक नवसंदेश

**खगड़िया में पुलिस ने मिनीगन फैक्ट्री का किया उद्भेदन**



**गंडक नदी के किनारे मकई के खेत में बनाए जा रहे थे हथियार**

**छापेमारी के दौरान कुख्यात समेत दो हथयिार तस्कर भाग निकले, एक को पुलिस ने मौके से दबोचा**

**भागने वालों में कुख्यात सर्वेश यादव भी है शामिल, उसके खिलाफ मुंगेर के कई थानों में दस से ज्यादा मामले हैं दर्ज**

**खगड़िया।** पुलिस अधीक्षक भानुप्रताप सिंह के निर्देश पर मानसी थाने की पुलिस, डीआईयू और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने मटिहानी घाट के पास गंडक नदी के किनारे छापेमारी कर एअवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में अर्धनिर्मित हथियार और निर्माण सामग्री बरामद की है, साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

एसपी भानुप्रतात सिंह ने बताया कि मानसी थाने की पुलिस को सूचना मिली थी कि मटिहानी घाट स्थित गंडक नदी के किनारे कुछ लोग अवैध रूप से मिनी गन फैक्ट्री चला रहे हैं और हथियारों का निर्माण कर उन्हें बेचने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही मानसी थानाध्यक्ष दीपक कुमार एवं डीआई की संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम ने जब मटिहानी घाट से उत्तर-पूर्व गंडक नदी के किनारे मंजीरा (मक्के) के खेत में छापेमारी की, तो वहां अवैध हथियार बनाए जा रहे थे। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर एक आरोपी को दबोच लिया, जबकि दो अन्य आरोपी खेत में खड़ी फसल और गंडक नदी का फायदा उठाकर भाग निकले।

उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान पिंकु उर्फ पिंकुल यादव (उम्र करीब 42 वर्ष), टिकारामपुर (वार्ड नं-11) निवासी, थाना- मुफ्फसिल, जिला- मुंगेर के रूप में हुई है। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने भागने वालों के नाम सर्वेश यादव (उम्र 35 वर्ष) और चंद्रशेखर यादव बताया। ये दोनों भी मुंगेर जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के टीकारामपुर के ही रहने वाले हैं। पुलिस इनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस के मुताबिक, फरार आरोपी सर्वेश यादव शातिर अपराधी है और उसका पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ मुंगेर के मुफ्फसिल थाना, मानसी थाना और महेशखूंट थाने में आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न संगीन धाराओं में पहले से ही करीब 10 मामले दर्ज हैं।

पुलिस ने मौके से पूर्ण निर्मित लोहे का देशी कट्टा (लकड़ी के भूरे बट वाला), लोहे का अर्धनिर्मित देशी कट्टा, 315 बोर की 01 मिसफायर गोली, चार पीस लोहे का बैरल (1 बड़ा और 3 छोटा), लावा कंपनी का मोबाइल फोन, हथियार बनाने के उपकरण में 1 हैंड ड्रिल मशीन, 2 बेस मशीन, 1 स्प्रिंग, 1 सरसी, 3 हथौड़ी, 6 छेनी, 7 रेती, 1 हेक्सा ब्लेड, 1 भाथी और 3 लोहे के पत्तर बरामद किया है। इस संबंध में मानसी थाने में कांड संख्या 184/26 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-इ)/26(पप)/35 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। इस ऑपरेशन में थानाध्यक्ष दीपक कुमार के साथ डीआईयू एवं एसटीएफ के अलावे सशस्त्र बल के जवान भी शामिल थे।

# बागमती नदी में डूबे युवक का शव तीसरे दिन बरामद



**तीन दिनों से शव की तलाश में जुटी थी एसडीआरएफ की टीम**

**शव मिलने के बाद गांव में पसरा मातम, सीओ ने कहा-प्रावधान के अनुसार मिलेगी सहायता राशि**

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** थाना क्षेत्र के मध्य बौरने पंचायत स्थित जयप्रभा नगर में बागमती नदी में डूबे 18 वर्षीय युवक रजनीश कुमार का शव घटना के तीसरे दिन बुधवार को एसडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया। मृतक रजनीश कुमार,शंभू चौधरी का पुत्र बताया गया। वहीं शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार, बीते सोमवार को युवक के बागमती नदी में डूब जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन के निर्देश पर एसडीआरएफ की टीम को मौके पर लगाया गया। सोमवार से लगातार दो दिनों तक टीम ने नदी में सर्च अभियान चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बुधवार को तीसरे दिन चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान एसडीआरएफ की टीम ने युवक का शव नदी से बरामद कर लिया। शव बरामद होने के बाद चौथम थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर भेज दिया। इस दौरान थाना की अवर निरीक्षक स्नेहा कुमारी ने विधिसम्मत कार्रवाई पूरी कराई। घटना स्थल पर राजस्व कर्मचारी दिनेश दास भी मौजूद रहे।

वहीं अंचलाधिकारी रविराज ने बताया कि मृतक के परिजनों को सरकार द्वारा निर्धारित आपदा राहत प्रावधानों के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है और बड़ी संख्या में ग्रामीण मृतक के घर पहुंचकर शोकाकुल परिवार को ढांढ़स बंधा रहे हैं।

# जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बने विधायक मंडल



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** खगड़िया सदर के विधायक बबलू कुमार मंडल को जनता दल (यूनाइटेड) ने बड़ी संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपते हुए बिहार प्रदेश अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस मनोनयन के बाद उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद संजय झा तथा बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के प्रति तहे दिल से आभार व्यक्त किया। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बबलू मंडल ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर शत-प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा, ईमानदारी और तन्मयता के साथ निर्वहन करेंगे तथा अतिपिछड़ा समाज की आवाज को और मजबूती से पार्टी एवं सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे। जानकारी हो कि बबलू मंडल का राजनीतिक सफर संगठन से शुरू हुआ। वे कभी जनता दल (यूनाइटेड) के एक साधारण कार्यकर्ता थे। अपनी मेहनत, संगठन क्षमता और कार्यकर्ताओं के बीच मजबूत पकड़ के दम पर उन्होंने पार्टी में अलग पहचान बनाई। इसके बाद उन्हें खगड़िया जदयू का जिला महासचिव बनाया गया था। बाद में उन्हे जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली, जहां उन्होंने संगठन को मजबूत करने और सदस्यता अभियान को नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिलाध्यक्ष के रूप में उनके कार्यो से प्रभावित होकर पार्टी नेतृत्व ने उन्हें खगड़िया सदर विधानसभा से उम्मीदवार बनाया। जनता के विश्वास और समर्थन के बल पर वे विधायक निर्वाचित हुए। अब एक बार फिर पार्टी ने उन पर भरोसा जताते हुए प्रदेश स्तर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि संगठन के एक सामान्य कार्यकर्ता से जिलाध्यक्ष, विधायक और अब प्रदेश अध्यक्ष तक का बबलू मंडल का सफर उनकी संगठनात्मक क्षमता, कार्यकर्ताओं के बीच स्वीकार्यता और पार्टी नेतृत्व के विश्वास को दर्शाता है। उनके समर्थकों ने इस मनोनयन पर खुशी जताते हुए इसे खगड़िया जिले के लिए सम्मान की बात बताया है।

# पचविग्घी में कटावस्थल पर की जा रही फ्लड फाइटिंग



कटावस्थल फ्लड फाइटिंग के कार्य में जुटे श्रमिक।

**पिछले साल यहां 5 घर और 20 बीघा जमीन निगल गई थी कोसी**

**तटबंध बचाने के लिए चार ठेकेदारों की टीम, मुखिया, पंसस और सैकड़ों ग्रामीण रात-दिन डटे हुए हैं**

**ग्रामीणों ने कहा-हम जान दे देंगे पर गांव नहीं छोड़ेंगे**

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड के इतमादी पंचायत के पंचविग्घी गांव में नदी ने विकराल रूप ले लिया है। कटाव की रफ्तार देख प्रशासन ने आनन-फानन में फ्लड फाइटिंग का कार्य शुरु कर दिया गया। तटबंध बचाने के लिए 4 ठेकेदारों की टीम, मुखिया, पंसस और सैकड़ों ग्रामीण रात-दिन डटे हुए हैं। गांव वालों का एक ही नारा कोशी को आगे नहीं बढ़ने देंगे।

बताते चले कि जल संसाधन विभाग ने कटाव रोकने की कमान 4 ठेकेदारों को सौंपी है। मौके पर विनय कुमार, राजु कुमार, अमित कुमार और मां प्रमेश्वरी की टीम 380 मीटर के दायरे में बोरा भराई और बंबूरोल बिछाने में जुटी है। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि हाथीपांव का काम बीच में ही रोक दिया गया है। अगर हाथीपांव पूरा नहीं हुआ तो एक तेज धार में सब बह जाएगा। फ्लड फाइटिंग स्थल पर मानो मेला लगा हो। मुखिया हिटलर शर्मा खुद बोरा उठाकर काम करवा रहे हैं। साथ में पंसस मुनेश कुमार, मनोज पासवान, विकास पासवान, जयजय राम शर्मा समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण तटबंध पर डटे हैं। महिलाएं भी पीछे नहीं। सिर पर बोरा, हाथ में बांस लेकर महिलाएं भी कटाव रोकने में जुटी हैं। मुखिया हिटलर शर्मा ने कहा -हर साल कोशी की बाढ़ आती है, हर साल हम लड़ते हैं। सरकार सिर्फ कागज पर तटबंध बनाती है। अगर पक्का स्पर और तटबंध नहीं बना तो पंचविग्गी का नामोनिशान मिट जाएगा। हम जान दे देंगे लेकिन गांव नहीं छोड़ेंगे। पंचविग्गी के बुजुर्ग रामलखन पासवान की आंखें नम हैं। बोले पिछले साल यहीं से 5 घर और 20 बीघा जमीन कोशी निगल गई। बेलदौर अंचलाधिकारी ने कहा पंचविग्गी में कटाव को गंभीरता से लिया गया है। 4 ठेकेदारों के माध्यम से 380 मीटर में फ्लड फाइटिंग शुरू है। बोरा, बांस, मिट्टी की कोई कमी नहीं है। हाथीपांव का बचा काम भी 24 घंटे में शुरू कराया जाएगा। जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग की टीम लगातार मनिटरिंग कर रही है।

# सिसवा में कोसी कटाव से स्थायी निदान की ग्रामीणों ने उठाई आवाज

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** सरसावा पंचायत अंतर्गत सिसवा गांव में पिछले कई वर्षो से कोसी नदी का कटाव लगातार जारी है। गांव के दर्जनों घर और किसानों की उपजाऊ कृषि भूमि नदी में समा चुकी है। पंचायतों और रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली मुख्य सड़क भी कटाव की भेंट चढ़ चुकी है। ऐसे में स्थानीय ग्रामीण अब अस्थाई उपायों के बजाय स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं।

बीते एक सप्ताह से कटाव की रफ्तार तेज होने के बाद स्थानीय लोगों ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। इसके बाद जिलाधिकारी ने मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को तत्काल कटावरोधी कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। वर्तमान में सरकारी स्तर पर युद्धस्तर पर कटाव रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं और प्रशासन की ओर से सुरक्षा कार्य जारी है। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष बरसात के मौसम में यही स्थिति उत्पन्न होती है। अस्थाई कटावरोधी कार्यो से कुछ समय के लिए राहत तो मिल जाती है, लेकिन समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पाता। इसी कारण हर साल लोगों को अपने घर, जमीन और आजीविका पर संकट का सामना करना पड़ता है।मौके पर मौजूद ग्रामीण घनश्याम यादव, नेता मिथिलेश निषाद सहित अन्य लोगों ने वर्तमान में प्रशासन द्वारा कराए जा रहे कटावरोधी कार्यो पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन की तत्परता से फिलहाल लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है, लेकिन सरकार को इस क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक और स्थायी योजना बनानी चाहिए।

# खीराडीह में ग्राम कचहरी की जमीन से 11 जुलाई को हटेगा अतिक्रमण

**परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)।** खीराडीह स्थित ग्राम कचहरी की सरकारी जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने की तैयारी पूरी हो गयी है। गोगरी के अनुमंडल पदाधिकारी ने 6 जुलाई को आदेश जारी करते हुए 11 जुलाई को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की है। आदेश के अनुसार, अंचल अधिकारी परबत्ता के अनुरोध पर अपर समाहर्ता-सह-प्रथम अपीलीय प्राधिकार, खगड़िया के आदेश के अनुपालन में यह कार्रवाई की जाएगी। मामला परिवादी मुकेश कुमार, निवासी खीराडीह द्वारा ग्राम कचहरी की जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने से संबंधित है। परबत्ता थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, परबत्ता को दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किया गया है।

# अटल कला भवन निर्माण का रास्ता साफ, एनओसी जारी

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के कलाकारों, साहित्यकारों और संस्कृति प्रेमियों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित अटल कला भवन के निर्माण का रास्ता अब पूरी तरह साफ हो गया है। भवन निर्माण विभाग की ओर से परियोजना के लिए जमीन का अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद जल्द ही कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा निर्माण कार्य शुरू किए जाने की संभावना है।

जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी घनश्याम कुमार ने बताया कि इससे जिले का वर्षों पुराना सपना साकार होने की उम्मीद बढ़ गई है। कला एवं संस्कृति विभाग की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत करीब 19 करोड़ रुपये की लागत से 1.53 एकड़ भूमि पर अत्याधुनिक अटल कला भवन का निर्माण कराया जाएगा। इसमें 620 दर्शकों की क्षमता वाला वातानुकूलित ऑडिटोरियम बनाया जाएगा, जो आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। प्रेक्षागृह में डिजिटल साउंड सिस्टम, आरामदायक चेयर, आधुनिक लेजर लाइट, भव्य मंच, प्रोजेक्टर सहित सांस्कृतिक आयोजनों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। अटल कला भवन बनने के बाद जिले में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नाटक, संगीत, नृत्य, कवि सम्मेलन, साहित्यिक गोष्ठियां, सरकारी सांस्कृतिक आयोजन और अन्य बड़े कार्यक्रम एक ही छत के नीचे आयोजित किए जा सकेंगे। इससे स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए आधुनिक मंच मिलेगा और खगड़िया की सांस्कृतिक गतिविधियों को नई पहचान मिलेगी। एनओसी मिलने के साथ ही अब निर्माण प्रक्रिया जल्द शुरू होने की उम्मीद है।

# कसरैया धार के विकास को मिली 29.20 करोड़ की सौगात

**प्राकृतिक सुंदरता और अनुपम छटा के लिए प्रसिद्ध कसरैया धार झील के विकास का सपना अब होगा साकार**

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जिले की प्राकृतिक सुंदरता और अनुपम छटा के लिए प्रसिद्ध कसरैया धार झील के विकास का सपना अब साकार होने की दिशा में बढ़ गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में ईको पर्यटन एवं पार्क विकास योजना के तहत बेगूसराय वन प्रमंडल के अंतर्गत कसरैया धार, मानसी (खगड़िया) में ईको पर्यटन विकास कार्य के लिए 29 करोड़ 20 लाख 73 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस स्वीकृति के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर है।

स्थानीय लोगों का मानना है कि वर्षों से उपेक्षित इस आकर्षक झील का अब कायाकल्प होगा और यह बिहार के प्रमुख पर्यटन स्थलों में अपनी अलग पहचान बनाएगी। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर खगड़िया सदर के विधायक बबलू कुमार मंडल ने कहा कि कसरैया धार झील के विकास के लिए उन्होंने लगातार संघर्ष किया और विधानसभा से लेकर विभागीय स्तर तक हर मंच पर इस मुद्दे को मजबूती से उठाया। उन्होंने कसरैया धार के विकास के लिए सर्व प्रथम बजट सत्र के दौरान तारांकित प्रश्न उठाया। इसके बाद उन्होंने शून्यकाल के दौरान कसरैया झील के विकास के लिए सरकार के समक्ष मांग रखी। उन्होंने बताया कि विधानसभा में इस झील के विकास का मामला जोरदार तरीके से रखने के बाद वन एवं पर्यावरण विभाग ने पूरे मामले में जिला प्रशासन से विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। इसके बाद तत्कालीन जिलाधिकारी नवीन कुमार ने झील के विकास से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भेजा। विधायक ने बताया कि प्रस्ताव भेजे जाने के बाद उन्होंने स्वयं वन एवं पर्यावरण विभाग के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखा। विधायक ने विभागीय अधिकारियों एवं सर्वे टीम के साथ पटना से खगड़िया आकर कसरैया धार का स्थलीय निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान झील की प्रातिक संरचना, पर्यटन की संभावनाओं और स्थानीय लोगों की आवश्यकताओं का विस्तृत अध्ययन किया गया। विधायक ने कहा कि इस परियोजना को स्वीति मिलने के बाद उन्हें संतोष है कि उनके निरंतर प्रयास रंग लाए हैं और जनता से किया गया वादा पूरा होने की दिशा में आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि फरवरी में आयोजित बजट सत्र के दौरान उन्होंने खगड़िया के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को विधानसभा में उठाया था। इनमें शहर के ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण, सदर अस्पताल के ड्रेनेज सिस्टम की व्यवस्था, डिग्री कलेज की स्थापना, राजेंद्र सरोवर का जीर्णोद्धार तथा कसरैया धार के विकास जैसे कई विषय प्रमुख थे।

उन्होंने कहा कि सरकार ने इन मांगों पर सकारात्मक पहल करते हुए कई योजनाओं को स्वीकृति दी है, जो खगड़िया के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विधायक ने कहा कि कसरैया धार केवल एक झील नहीं, बल्कि खगड़िया की प्रातिक धरोहर है। इसकी अनुपम सुंदरता वर्षो से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती रही है। ईको पर्यटन के रूप में इसके विकसित होने से न केवल पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। होटल, रेस्टोरेंट, नौकायन, स्थानीय हस्तशिल्प, परिवहन, गाइड सेवा तथा अन्य पर्यटन आधारित गतिविधियों से बड़ी संख्या में लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी।विधायक ने कहा कि वे खगड़िया के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आगामी मानसून सत्र के लिए भी उन्होंने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। इस बार वे जिले में उद्योग, निवेश और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव सरकार के समक्ष रखने वाले हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले दिनों में खगड़िया विकास की नई उंचाइयों को छुएगा और जनता को उनके प्रयासों का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। सदर विधायक ने खगड़िया विधानसभा सहित जिले को दिए गए सौगात के लिए बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### घर के दालान से भैंस की चोरी

**फतुहा।** मंगलवार की देर रात मालबीघा निवासी संगीता देवी के दालान पर बंधी भैंस अज्ञात चोरों ने चुरा ली। पीड़ित ने बुधवार को फतुहा थाने में अज्ञात के खिलाफ लिखित सूचना दी है। पीड़िता के अनुसार उसकी भैंस हमेशा की तरह घर के बाहर दालान पर बंधी थी। बुधवार की सुबह भैंस वहां से गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद भी जब भैंस का पता नहीं चला तो उसने थाने की शरण ली। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। दूसरी ओर सुल्तानपुर निवासी हीरो कुमार का ई-रिक्शा मंगलवार की देर रात चोरों ने घर के बाहर से चुरा लिया। पीड़ित ने बुधवार को थाने में लिखित सूचना दी है।

### जालसाजों ने खाते से उनतीस हजार रुपए उड़ाए

**फतुहा।** थाना क्षेत्र के मिर्जापुर नोहटा स्थित एसबीआई के एटीएम में एक ग्राहक के फंसे कार्ड से जालसाजों ने बुधवार को 29 हजार सात सौ रुपए उड़ा लिए। पीड़ित खुसरुपुर नयाटोला निवासी अबरेश कुमार ने बुधवार को फतुहा थाने में लिखित शिकायत की है। पीड़ित मिर्जापुर नोहटा स्थित एसबीआई के एटीएम से पैसा निकालने गया था। रुपए निकालने के दौरान उसका एटीएम कार्ड मशीन में ही फंस गया। वहां मदद के लिए लिखे एक नम्बर पर फोन करने के बाद ठगों ने उसे एसबीआई शाखा के पास बुलाया। उसके वहां पहुंचते ही उसके खाते से तीन बार में कुल 29 हजार सात सौ रुपए कटने का मैसेज उसके मोबाइल पर आ गया। जब वह पुनः मिर्जापुर नोहटा एटीएम मशीन के पास गया तो देखा कि मशीन में उसका कार्ड नहीं है तभी उसे ठगी का अहसास हुआ। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### जदयू संगठन में बड़ा बदलाव : अशोक चन्द्रवंशी व दिलीप पटेल बने प्रदेश सचिव, मनोज कुमार को किसान प्रकोष्ठ की कमान

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** जनता दल (यूनाइटेड) ने संगठनात्मक विस्तार के तहत कई महत्वपूर्ण नियुक्तियाँ की हैं। पार्टी ने बाढ़ के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक चन्द्रवंशी तथा घोसवरी के दिलीप पटेल को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं, मनोज कुमार को जदयू किसान प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।नवनियुक्त नेताओं ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया। जदयू के बाढ़ जिलाध्यक्ष मयंक राज ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके अनुभव और सक्रिय नेतृत्व से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी तथा पार्टी का जनाधार और मजबूत होगा। नियुक्तियों से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

### महेश्वरी चौक से अवैध सामान लदी ट्रेक्टरों के परिचालन से भयभीत राहगीर

**सोनपुर (एनएसबी)** शहर के महेश्वरी चौक के आसपास सबसे घनी आबादी वाला महत्वपूर्ण स्थान होने की वजह से इस चौक पर सड़क किनारे सब्जी बाजार, फल की दूकान, चाय दूकान सहित अन्य दूकान रात की अंधेरा की घटा छंटने से पहले सभी तरह की दूकान खुलने लगती और राहगीरों से लेकर आसपास के निवासियों का आवागमन आरंभ हो जाती है। मार्निंग वाक में सड़क पर चहल कदमी से लेकर खरीदारों सहित चाय दूकान पर भीड़ लगी रहती है। अंधेरे का लाभ उठाते हुए दर्जनाधिक बेलगाम सरकार द्वारा प्रतिबंधित सामानों को लेकर अवैध ट्रेक्टर का इतनी तेज रफ्तार में इनका आवागमन होती है कि अगर इनके सामने भूल-चूक से कोई आ गया तो इनका शिकार बनना निश्चय है। वहीं कोई घटना घटी तो आनन-फानन मैं निपटा दिया जाता है। इनकी दबंगता के सामने कमजोर वर्ग के लोग टीक नहीं पाते। वहीं लोगों के बीच चर्चा आम है कि स्थानीय प्रशासन भी इनके सामने नतमस्तक बनी रहती है। इनके आवागमन के समय एक भी सुरक्षा प्रहरी नहीं दिखते हैं। लेकिन एक शख्स वह है सीसीटीवी जो सड़क किनारे दूकानों पर लगी इनकी हरकतों को देख रही है। इसके बावजूद भी अवैध ट्रेक्टर संचालकों को न तो कानून और ना ही स्थानीय प्रशासन का भय नहीं सताती। जिसके कारण पुरी शक्ति का प्रदर्शन कर लोगों को भयभीत करने का सिलसिला लगातार जारी है। सरकारी उथल-पुथल का लाभ उठा रहें हैं।

# काली पहाड़ी में ओपन जिम व नहर सौंदर्यीकरण की शुरुआत

## शहरवासियों को मिलेगी स्वास्थ्य व पर्यटन की सौगात

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** शहरवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ प्रातिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में नगर परिषद ने महत्वपूर्ण पहल की है। बुधवार को मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने काली पहाड़ी की तराई में स्थापित ओपन जिम का उद्घाटन तथा काली पहाड़ी नहर के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया।

मुख्य पार्षद ने कहा कि काली पहाड़ी पहले से ही प्रातिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। नहर के सौंदर्यीकरण और ओपन जिम की स्थापना से यह क्षेत्र स्वास्थ्य, मनोरंजन और पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा। यहां सुबह-शाम लोग व्यायाम के साथ प्रातिक वातावरण का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि परियोजना पूरी होने के बाद न केवल जमालपुर बल्कि आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग यहां घूमने आएंगे।ओपन जिम का उद्घाटन होते ही बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गो में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोग जिम का अवलोकन करने पहुंचे और नगर परिषद की इस पहल की सराहना की।मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने कहा कि शहरवासियों ने पिछले नौ वर्षो से उन पर जो विश्वास जताया है, उसे विकास कार्यो के माध्यम से कायम रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि जमालपुर को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक शहर बनाने के लिए नगर परिषद लगातार कार्य कर रही है।इस अवसर पर कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम, सामाजिक कार्यकर्ता मधु देवी, समाजसेवी राजन मंडल, वार्ड पार्षद दीपा सिन्हा, कैलाश सिंह, आलोक कुमार,सोनू मंडल, पूर्व पार्षद अमर शक्ति, नगर परिषद कर्मी प्रेम शंकर, सतनारायण मंडल, शशिकांत तथा लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष रंजीत प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।





उद्घाटन करते मुख्य पार्षद सहित अन्य।

## रेल मदद से यात्री को मिली 18 हजार रुपये की घड़ी

### जमालपुर आरपीएफ की तत्परता से लौटी मुस्कान

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेलवे सुरक्षा बल जमालपुर की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक यात्री की करीब 18 हजार रुपये मूल्य की घड़ी सुरक्षित बरामद कर उसे वापस सौंप दी गई।जानकारी के अनुसार हावड़ा भागलपुर एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे यात्री गुलशन कुमार की घड़ी ट्रेन के एसीबी-2 कोच की सीट संख्या 54 पर छूट गई थी। घड़ी गायब होने का एहसास होने पर यात्री ने तत्काल रेलवे की रेल मदद सेवा एवं हेल्पलाइन 139 के माध्यम से सहायता मांगी।सूचना मिलते ही आरपीएफ जमालपुर हरकत में आई। बुधवार सुबह ट्रेन के जमालपुर स्टेशन के प्लेटफर्म संख्या-3 पर पहुंचते ही आरपीएफ की टीम ने संबंधित कोच में सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान सीट पर ही यात्री की घड़ी सुरक्षित अवस्था में मिल गई।इसके बाद आरपीएफ ने यात्री गुलशन कुमार को बुलाकर आवश्यक सत्यापन के उपरांत उनकी घड़ी उन्हें सौंप दी। अपनी कीमती घड़ी वापस मिलने पर यात्री ने रेलवे की रेल मदद सेवा तथा त्थ्‍ जमालपुर की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया।इस सराहनीय कार्य में एएसआई बी़ पाठक, कांस्टेबल दिनेश कुमार एवं कांस्टेबल गौतम कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आरपीएफ ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा के दौरान अपने सामान का विशेष ध्यान रखें तथा किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत रेल मदद 139 का उपयोग करें।



यात्री को घड़ी लौटाते आरपीएफ।

## जमालपुर विधायक की पहल पर डीएम ने गगटी तालाब का किया निरीक्षण

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल की पहल पर जिलाधिकारी निखिल धनराज इंद्ररुख ने पूर्वी पंचायत स्थित गगटी तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तालाब पर सीढ़ी घाट निर्माण एवं सौंदर्यीकरण की संभावनाओं का जायजा लिया गया।इस अवसर पर प्रखंड बीस सूत्री सदस्य मुनी लाल मंडल ने जिलाधिकारी को गगटी तालाब की सामाजिक एवं धार्मिक उपयोगिता से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह पंचायत का एकमात्र प्रमुख तालाब है, जहां लोक आस्था का महापर्व छठ पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। लेकिन पक्के घाट के अभाव में छठवतियों एवं श्रद्धालुओं को हर वर्ष काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिलाधिकारी ने स्थल का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति को समझा और तालाब पर सीढ़ी घाट निर्माण तथा सौंदर्यीकरण के लिए सकारात्मक पहल करने का भरोसा जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को दिया। निरीक्षण के दौरान जिले के कई वरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी ड़ प्रभात रंजन, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



गगटी तालाब का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

## प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में कई कर्मचारियों ने दिया योगदान

**जमालपुर (मुंगेर)।** प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में नवपदस्थापित कई कर्मचारियों ने अपना योगदान दिया। योगदान के उपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी ड़ प्रभात रंजन ने सभी कर्मचारियों का स्वागत करते हुए उन्हें कार्यालयीन कार्यो के साथ-साथ जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।योगदान देने वाले कर्मचारियों में मेराज तबस्सुम उच्च वर्गीय लिपिक,लालष्ण सिंहा कार्यपालक सहायक, कमल कुमार निम्न वर्गीय लिपिक,शिरोमणि देवी प्रधान सहायक तथा रश्मि तमीज कार्यपालक सहायक, आरटीपीएस शामिल हैं। बीडीओ ने सभी कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और पारदर्शिता के साथ कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में आम लोग अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर आते हैं। ऐसे में प्रत्येक कर्मचारी का दायित्व है कि वह फरियादियों के साथ शालीन, विनम्र एवं मधुर व्यवहार करे तथा उनकी समस्याओं के त्वरित निष्पादन का प्रयास करे।उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा का उद्देश्य आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसलिए सभी कर्मचारी समयबद्ध तरीके से कार्यो का निष्पादन करें और कार्यालय की गरिमा बनाए रखें। बीडीओ ने उम्मीद जताई कि सभी नवपदस्थापित कर्मी अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए प्रशासन की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाएंगे।



कर्मचारी के साथ बैठक करते बीडीओ।

## कार्मिक अधिकारी राजीव कुमार का एससी-एसटी एसोसिएशन ने किया स्वागत

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेल कारखाना जमालपुर में नवपदस्थापित कार्मिक अधिकारी राजीव कुमार के पदभार ग्रहण करने के बाद उनका विभिन्न संगठनों द्वारा स्वागत किया जा रहा है। इसी क्रम में एससी-एसटी एसोसिएशन की ओर से शाखा अध्यक्ष मुनेश्वर टुडू एवं शाखा सचिव सतीश भारती के नेतृत्व में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं तथा उनके सफल कार्यकाल की कामना की।स्वागत समारोह में राजीव कुमार ने एसोसिएशन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कर्मचारियों, यूनियनों और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से रेल कारखाना जमालपुर के विकास, कर्मचारियों के कल्याण और बेहतर कार्य संस्ति को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए उनका कार्यालय सदैव संवेदनशील रहेगा। गौरतलब है कि राजीव कुमार इससे पूर्व भी रेल कारखाना जमालपुर में सहायक कल्याण अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। ऐसे में कारखाना की कार्यप्रणाली और कर्मचारियों से उनका पहले से ही अच्छा परिचय है, जिससे उनके नए दायित्व के निर्वहन में भी लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।इस अवसर पर शिवसागर सोरेन, महेंद्र कुमार, रामरतन सिंह मुंडा, अरविंद कुमार, विकास कुमार, अजय कुमार रावत, अमित लालन मिर्ज, अरुण कुमार सहित एससी-एसटी एसोसिएशन के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



अधिकारी का स्वागत करते एससी एसटी एसोसिएशन।

# जनसमस्याओं को लेकर इंडिया गठबंधन का आंदोलन का ऐलान

## पानी, बिजली, जर्जर सड़क, जाम व भ्रष्टाचार के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति तैयार

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** जमालपुर शहर की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर इंडिया गठबंधन के बैनर तले विपक्षी राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों ने चरणबद्ध आंदोलन छेड़ने का निर्णय लिया है। जमालपुर सदर बाजार स्थित मारवाड़ी धर्मशाला परिसर में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता कामरेड मुरारी प्रसाद ने की, जबकि संचालन नगर ध्यक्ष साईं शंकर एवं बमबम यादव ने किया।

बैठक में कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कम्युनिस्ट पार्टी, समाजवादी पार्टी, एसयूसीआई, इंडियन इंक्लूसिव पार्टी तथा एनसीपी (शरद पवार गुट) सहित विभिन्न दलों के कार्यकर्ता एवं सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शहर की प्रमुख जनसमस्याओं पेयजल संकट, अनियमित बिजली आपूर्ति, खराब स्ट्रीट लाइट, जर्जर सड़कें, बाजार में लगातार लगने वाला जाम तथा सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। इसके तहत जल्द ही इंडिया गठबंधन के बैनर तले सड़क पर उतरकर जनआंदोलन शुरू किया जाएगा।बैठक में मौजूद नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह आंदोलन किसी एक राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि आम जनता के अधिकारों और बेहतर भविष्य की लड़ाई है। उन्होंने जमालपुर की जनता से अपील की कि वे इस जनआंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लें और शहर की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद करें।बैठक में सकिचन मंडल, मनोज क्रांति, चंदन पासवान, विकास कुमार, कौशर फैयाज, गोरेलाल सिंह, नागेश्वर यादव, मयंक राज, विनय यादव, सिद्धेश्वर नाथ विश्वकर्मा, हिमांशु यादव, अरविंद कुमार, रविकांत झा, विजय तांती, राम मंडल, वाल्मीकि शर्मा, रवि सिंह यादव, राजकुमार शर्मा, वार्ड पार्षद राकेश तिवारी, वार्ड प्रतिनिधि दीपक कुमार उर्फ पेशेंट, शुभम कुमार, राहुल जयकर, निशांत कुमार, राकेश चौधरी, मोहम्मद बरकत कुरैशी सहित कई कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



समस्या को लेकर बैठक करते इंडिया गठबंधन के नेता।समस्या को लेकर बैठक करते इंडिया गठबंधन के नेता।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन में सामान की अदला-बदली, रेल थाना व आरपीएफ की तत्परता से दोनों यात्रियों को मिला अपना-अपना सामान

#### गलती से दूसरे यात्री का बैग लेकर चले गए थे दोनों त्वरित कार्रवाई से कुछ ही घंटों में सुलझा मामला

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** ट्रेन में यात्रा के दौरान दो यात्रियों के सामान की अनजाने में अदला-बदली हो गई। दोनों यात्री गलती से एक-दूसरे का सामान लेकर अपने-अपने गंतव्य की ओर चले गए। जब उन्हें सामान बदल जाने का एहसास हुआ तो तत्काल इसकी सूचना रेल थाना बाढ़ और आरपीएफ को दी गई।सूचना मिलते ही रेल थाना एवं आरपीएफ की टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों यात्रियों से संपर्क स्थापित किया। आवश्यक सत्यापन के बाद दोनों पक्षों का समन्वय कराया गया और सुरक्षित तरीके से सामान की अदला-बदली कराते हुए प्रत्येक यात्री को उसका मूल सामान वापस दिलाया गया।रेल पुलिस की इस त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई से यात्रियों ने राहत की सांस ली और रेल थाना व आरपीएफ के अधिकारियों एवं जवानों के प्रति आभार व्यक्त किया। अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की कि ट्रेन में यात्रा के दौरान अपना सामान साथ रखने के साथ-साथ उस पर नाम, पता और मोबाइल नंबर अवश्य अंकित करें तथा उतरने से पहले सामान की अच्छी तरह पहचान कर लें, ताकि इस प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।रेल थाना एवं आरपीएफ की मुस्तैदी से एक संभावित परेशानी का समय रहते समाधान हो गया, जिससे दोनों यात्रियों को बिना किसी नुकसान के अपना-अपना सामान वापस मिल गया।

### सावन में शिवभक्तों को नेहा सिंह का तोहफा, बाढ़ से सुल्तानगंज तक फिर दौड़ेगी निःशुल्क एसी बस सेवा

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पवित्र श्रावण मास में बाबा भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए सुल्तानगंज जाने वाले श्रद्धालुओं को इस वर्ष भी बड़ी राहत मिलने जा रही है। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी बाढ़ की बेटी नेहा सिंह की पहल पर श्रद्धालुओं के लिए बाढ़ से सुल्तानगंज तक निःशुल्क वातानुकूलित (एसी) बस सेवा संचालित की जाएगी। यह सेवा सप्ताह में तीन दिन उपलब्ध रहेगी, जिससे बड़ी संख्या में शिवभक्तों को सुरक्षित, आरामदायक और निःशुल्क यात्रा का लाभ मिलेगा।जानकारी के अनुसार, बस का परिचालन बाढ़ के शनि मंदिर के समीप से किया जाएगा। सावन के दौरान उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए यह पहल विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गो एवं दूर-दराज के श्रद्धालुओं के लिए राहत लेकर आएगी। बस सेवा के माध्यम से श्रद्धालु बिना किसी किराये के सुल्तानगंज पहुंच सकेंगे, जहां से वे उत्तरवाहिनी गंगा का पवित्र जल लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए अपनी आस्था की यात्रा प्रारंभ करेंगे।नेहा सिंह ने कहा कि बाढ़ की बेटी होने के नाते अपने क्षेत्र के श्रद्धालुओं की सेवा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। पिछले वर्ष श्रद्धालुओं से मिले ह और उत्साहजनक सहयोग ने उन्हें इस सेवा को लगातार जारी रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सावन आस्था, सेवा और समर्पण का महीना है, इसलिए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।इस पहल को लेकर क्षेत्र के लोगों और शिवभक्तों में उत्साह का माहौल है। श्रद्धालुओं का कहना है कि निःशुल्क एसी बस सेवा न केवल आर्थिक रूप से राहत देगी, बल्कि भीषण गर्मी, उमस और लंबी यात्रा की थकान से भी बचाएगी। स्थानीय लोगों ने इसे सामाजिक सरोकार और धार्मिक सेवा का अनुकरणीय उदाहरण बताते हुए नेहा सिंह की पहल की सराहना की।सावन शुरू होने से पहले ही इस घोषणा ने शिवभक्तों में उत्साह भर दिया है। माना जा रहा है कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस निःशुल्क बस सेवा का लाभ उठाकर अपनी आस्था की यात्रा को सहज और सुरक्षित बना सकेंगे।



नेहा सिंह, भाजपा नेत्री, बाढ़।

### 10 जुलाई को राणा विगहा में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का आगमन, पालिटेक्क्नि परिसर बनेगा विकास का मंच

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ प्रखंड की राणा विगहा पंचायत स्थित राजकीय पलिटेक्क्नि कलेज परिसर 10 जुलाई को ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने जा रहा है। प्रस्तावित कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आगमन को लेकर प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। जिला प्रशासन से लेकर स्थानीय अधिकारियों तक तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं, जबकि सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और कार्यक्रम स्थल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। विश्वसनीय सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कार्यक्रम के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित एवं पुरस्त करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता के साथ यह आयोजन विकास, सुशासन और जनकल्याण का सशक्त संदेश देगा।मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर राणा विगहा ही नहीं, बल्कि पूरे बाढ़ अनुमंडल में उत्साह का माहौल है। आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और लाभार्थियों में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्सुकता देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि मुख्यमंत्री का यह दौरा क्षेत्र के विकास को नई गति देने के साथ-साथ बाढ़ अनुमंडल की पहचान को भी नई उंचाई प्रदान करेगा।प्रशासन ने कार्यक्रम को सफल, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा वातावरण बन गया है और लोगों की निगाहें अब 10 जुलाई के इस बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम पर टिकी हैं।

### माँ के नाम रोपा पौधा, हरित भविष्य का दिया संदेश

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमरिया की पहल क्षेत्र में प्रेरणा का केंद्र बन गई है। ष्एक पेड़ माँ के नामष् अभियान के तहत विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक उमेश कुमार ने विद्यालय के पोषक क्षेत्र की सड़क किनारे अपनी माँ के सम्मान में पौधा रोपकर समाज को पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व सम्मान का सशक्त संदेश दिया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान देना नहीं, बल्कि समाज में ऐसे संस्कार विकसित करना भी है, जो प्रति और मानवता दोनों की रक्षा करें। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि प्रत्येक परिवार अपनी माँ के नाम एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल परिवार के सदस्य की तरह करे। यही छोटा-सा संकल्प आने वाले समय में हरित और सुरक्षित भारत की मजबूत नींव बन सकता है। प्रधानाध्यापक की इस पहल से प्रेरित होकर विद्यार्थियों ने अपने घरों और आसपास पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। अभिभावकों और ग्रामीणों ने भी अभियान को पर्यावरण संरक्षण और पारिवारिक मूल्यों से जोड़ने वाली अनुकरणीय पहल बताते हुए इसे व्यापक स्तर पर अपनाने की आवश्यकता जताई।उनका मानना है कि जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और घटते वन क्षेत्रों की चुनौती के बीच विद्यालयों से शुरू होने वाले ऐसे अभियान सामाजिक चेतना को नई दिशा देते हैं। एक पौधा केवल हरियाली नहीं बढ़ाता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, सुरक्षित जल और संतुलित पर्यावरण की आधारशिला भी तैयार करता है।ष्एक पेड़ माँ के नामष् अभियान ने यह संदेश दिया है कि परिवर्तन आदेशों से नहीं, संस्कारों से आता है। यदि हर विद्यालय और हर परिवार इस संकल्प को अपनाए, तो मातृत्व का सम्मान और प्रति का संरक्षण साथ-साथ आगे बढ़ेगा तथा भारत हरित और समृद्ध भविष्य की ओर निर्णायक कदम बढ़ाएगा।



उमेश कुमार, प्रभारी प्रधानाध्यापक।

## संक्षिप्त खबरें

### पॉक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** गीधा थाने की पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी आदित्य कुमार को गिरफ्तार किया है। वह गीधा थाना क्षेत्र के राजपूतान पचौना गांव का निवासी है।

### शराब के अलग-अलग मामलों में दो गिरफ्तार

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** गीधा थाने की पुलिस ने शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी को 15 लीटर देसी शराब के साथ पकड़ा गया, जबकि दूसरे को शराब के नशे में होने की पुष्टि के बाद गिरफ्तार किया गया। गीधा थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि रामेश्वर राय उर्फ गोगा राय को 15 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं खेसरहियां गांव निवासी जीउत राय को शराब सेवन के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

### आरसेटी प्रशिक्षणार्थियों के लिए वाटर कूलर का उद्घाटन



**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी), कोईलवर में बुधवार को प्रशिक्षणार्थियों की सुविधा के लिए स्थापित नए वाटर कूलर का उद्घाटन बैंक के मंडल प्रमुख उत्पल कुमार ने किया। इस अवसर पर मंडल प्रमुख ने कहा कि सभी प्रशिक्षणार्थी मनोयोग, अनुशासन और लगन के साथ तकनीकी कौशल अर्जित करें। प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनकर सफल उद्यमी के रूप में अपनी अलग पहचान स्थापित की जा सकती है। यह भी आश्वस्त किया कि प्रशिक्षण पूरा करने के बाद स्वरोजगार शुरू करने के इच्छुक योग्य प्रशिक्षणार्थियों को पंजाब नेशनल बैंक की ओर से आवश्यकता के अनुरूप ऋण सुविधा उपलब्ध कराने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। मंडल कार्यालय के मुख्य प्रबंधक करण कुमार ने कहा कि आरसेटी भोजपुर में प्रशिक्षणार्थियों को बेहतर प्रशिक्षण और सभी आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक रमेश कुमार त्रिपाठी, संकाय सदस्य प्रेम कुमार, देव कुमार, कार्यालय सहायक आशीष प्रसाद सहित संस्थान के सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने बैंक प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराई गई इस सुविधा के लिए आभार व्यक्त किया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आधुनिक डेंटल चेयर स्थापित

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोईलवर में आधुनिक डेंटल चेयर स्थापित कर दंत चिकित्सा सेवा का शुभारंभ किया गया। 07 जुलाई, 2026 को जिला पदाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोईलवर के निरीक्षण के दौरान तत्काल आधुनिक डेंटल चेयर स्थापित कर यथाशीघ्र दंत चिकित्सा सेवा प्रारंभ करने का निर्देश दिया था। जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आधुनिक डेंटल चेयर स्थापित की गई तथा दंत चिकित्सा सेवा प्रारंभ कर दी गई। इसके फलस्वरूप अब क्षेत्रवासियों को दंत रोगों की जांच, उपचार एवं परामर्श की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगी। इससे मरीजों को समयबद्ध, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। जिला प्रशासन आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं। जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

### एसबी कॉलेज में वन महोत्सव सप्ताह के तहत पौधरोपण

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** एसबी कॉलेज में एनएसएस यूनिट-2 के तत्वावधान में वन




महोत्सव सप्ताह के तहत पर्यावरण जागरूकता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा विभिन्न विभागों में 50 से अधिक पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. मीना कुमारी एवं एनएसएस यूनिट-2 की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. मनीषा कुमारी ने पौधरोपण कर किया। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया गया। प्राचार्या ने कहा कि पौधे लगाना केवल एक कार्य नहीं, बल्कि जीवन बचाने का संकल्प है। पेड़-पौधे हमें अक्सीजन प्रदान करते हैं, प्रदूषण कम करते हैं तथा धरती के तापमान को संतुलित रखने के साथ ग्लोबल वार्मिंग की समस्या को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी से एक व्यक्ति, एक पौधा अभियान को जनआंदोलन बनाने की अपील की। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. मनीषा कुमारी ने कहा कि वृक्ष हैं तो जीवन है। वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना भी संभव नहीं है। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. सद्दाम हुसैन, डॉ. मुन्ना कुमार ज्योति, डॉ. महताब इमाम सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक मौजूद रहे। वहीं स्वयंसेवकों में आदित्य, अर्जुन, माही, अंशिक, रूपक, निशांत सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### स्वतंत्रता सेनानी अंबिका शरण सिंह की 49वीं पुण्यतिथि मनी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री, स्वतंत्रता सेनानी स्व. अंबिका शरण सिंह की 49वीं पुण्यतिथि पर बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने उनके आवास पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। अंबिका शरण सिंह आरा प्रखंड के धमार गांव के मध्यमवर्गीय परिवार में जन्म लिए थे। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान दो वर्ष जेल की सजा भी काटी थी। आजादी के बाद उन्होंने 1952, 1957, 1962, 1967 एवं 1977 में आरा एवं बड़हरा विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया। वे बिहार सरकार के 11 वर्षो तक वित्त मंत्री रहे। 1977 के विधानसभा चुनाव में बड़हरा विधानसभा से निर्वाचित होने के 21 दिन बाद उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गयी। 1977 में मध्यावधि चुनाव में उनके बड़े पुत्र राघवेन्द्र प्रताप सिंह बड़हरा विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए और वर्तमान में भी बड़हरा से प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे आठ बार से बड़हरा विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। स्व. अंबिका शरण सिंह की पुण्यतिथि पर विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने पिता को याद करते हुए कहा कि बाबूजी की पुण्यतिथि केवल एक महान जननेता का स्मरण नहीं, बल्कि त्याग, राष्ट्रसेवा, ईमानदार सार्वजनिक जीवन और जनकल्याण के उन आदर्शों को नमन करने का अवसर है, जिनके प्रति वे आजीवन समर्पित रहे। उनके आदर्शों को मैंने अपने जीवन में ढालने का प्रयास किया, लेकिन मैं उतना नहीं कर पाया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, बड़हरा विधानसभा प्रभारी संजय कुमार सिंह, यशवंत नारायण, सत्यदेव सिंह, धीरज सिंह, सुबोध प्रताप सिंह, दीपक तिवारी, टुनटुन महतो, प्रशांत सिंह, पिंटु सिंह, गुड्डू सिंह, सुजीत चौरसिया, भोला चौरसिया, धर्मवीर सिंह, धनंजय कुमार, पिंटु सिंह, निशांत सहित कई अन्य कार्यकताओं एवं समर्थकों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

### अधिकारियों ने किया स्कूल का निरीक्षण, सुधार के दिये निर्देश

**चौथम/खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय सरैया का बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय में कई प्रकार की अनियमितताएं सामने आने पर अधिकारियों ने संबंधित शिक्षकों को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, शौचालय की व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति, पठन-पाठन की स्थिति तथा प्लस-टू प्रभार से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की गहन जांच की गई। अधिकारियों ने विद्यालय में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक सुधार की जरूरत बताई। इस दौरान अधिकारियों ने विद्यार्थियों से भी बातचीत कर उनकी समस्याओं और शिकायतों की जानकारी ली। छात्रों ने विद्यालय की कुछ मूलभूत सुविधाओं, विशेषकर शौचालय एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर अपनी बातें रखीं। निरीक्षण के बाद बीडीओ एवं बीईओ ने विद्यालय में कार्यरत शिक्षक संजय कुमार सिंह को विद्यालय की व्यवस्था में और अधिक सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से शौचालय सहित अन्य कमियों को शीघ्र दूर करने तथा विद्यालय में स्वच्छ एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान सत्यम कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षाकर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि विद्यालय की व्यवस्थाओं में जल्द सुधार लाकर छात्रों को बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराया जाए।

# मवेशी चोरी के आरोप में युवक की पीटकर हत्या

**इमादपुर थाना क्षेत्र के पश्चिमी इंग्लिशपुर की घटना**

दैनिक नवसंदेश

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** इमादपुर थाना क्षेत्र के पश्चिमी इंग्लिशपुर गांव में मंगलवार की देर रात कथित मवेशी चोरी के आरोप में रोहतास के युवक की ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी। मृतक रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के सोहगी गांव निवासी स्व. हीरालाल पांडेय का 23 वर्षीय पुत्र अखिलेश कुमार है। वह महाराष्ट्र के पुणे में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करता था।

**बड़े भाई ने बताया 10 दिन पहले ही पुणे से गांव लौटा था अखिलेश**

**पश्चिमी इंग्लिशपुर गांव निवासी चंद्रमणि सिंह को नामजद एवं 15-20 अज्ञात के विरुद्ध दर्ज करायी गयी प्राथमिकी**

जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात पश्चिमी इंग्लिशपुर गांव में ग्रामीणों ने अखिलेश कुमार को मवेशी चोरी का आरोप लगाकर दौड़ा दिया। इसके बाद लाठी-डंडों से पीट-पीटकर उसे बुरी तरह जख्मी कर दिया। मृतक के बड़े भाई राकेश कुमार ने बताया कि वह दस दिन पूर्व पुणे से वापस गांव लौटा था। पत्नी के साथ पटना गया था। उन्होंने कहा कि वह मंगलवार को घर से कब निकला, यह उन्हें नहीं मालूम है। बुधवार की सुबह उन्हें इमादपुर पुलिस से सूचना मिली कि आपके भाई की मौत हो गई है और उसका शव सदर अस्पताल में है। सूचना पाकर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया।

इस संबंध में मृतक के बड़े भाई राकेश कुमार के बयान पर इमादपुर थाना क्षेत्र के पश्चिमी इंग्लिशपुर गांव निवासी चंद्रमणि सिंह को नामजद एवं 15-20 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। इमादपुर थानाध्यक्ष सुनीत कुमार ने बताया कि मंगलवार की रात करीब बारह बजे के बाद पुलिस को सूचना मिली के पश्चिमी इंग्लिशपुर गांव में तीन चोर गांव के ही चंद्रमणि सिंह की भैंस चुराकर भाग रहे थे।

## जमीन विवाद में युवक को चाकू गोद कर मार डाला

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सहार थाना क्षेत्र के बड़की खड़ाव गांव में बुधवार की सुबह जमीन के विवाद में युवक की चाकू से गोद कर हत्या कर दी गई। मृतक को काफी करीब से सिर एवं शरीर के अन्य जगहो पर चाकू मारी गई है। मृतक सहार थाना क्षेत्र के बड़की खड़ाव गांव वार्ड नंबर-3 निवासी वीरेंद्र सिंह का 32 वर्षीय पुत्र विक्रांत कुमार उर्फ विक्की है। मृतक के चाचा सुभाष सिंह ने बताया कि सात महीना पहले जब वह अपनी जमीन की बाउंड्री करा रहे थे तभी सुशील सिंह व अन्य लोग वहां आ धमके थे और बाउंड्री करने से मना करने लगे थे। उस समय भी उनके बीच झगड़ा हुआ था। इसे लेकर प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। हालांकि उसके बाद बात खत्म हो गई थी। बुधवार की सुबह उनका भतीजा विक्रांत कुमार उर्फ

**सात महीना पहले मकान बनाने के दौरान हुआ था विवाद**

विक्की गांव स्थित बथान पर पांच लाख रुपया लेकर गया था। जब वह वापस घर लौट रहा था। उसी दौरान गांव में स्थित शंकर मंदिर स्थित किराना गुमटी के पास सुशील सिंह एवं अन्य लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसके बाद उसे पर चाकू से वार कर दिया जिससे वह बुरी तरह लहूलुहान हो गया। परिजन इलाज के लिए सहार सीएचसी ले आये। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सहार थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं पता चल सका है। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से कई साक्ष्य इकट्ठा किया है। मृतक अपने दो भाई व दो बहनों में दूसरे स्थान पर था। उसकी शादी चार वर्ष पूर्व हुई थी। उसके परिवार में पत्नी सुप्रीम देवी व दो वर्ष का पुत्र अभान कुमार एवं एक सात माह का पुत्र अयान कुमार है।

### शौच के लिए निकले अधेड़ का शव दूसरे दिन बरामद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सखुआ गांव में घर से शौच के लिए निकले बुजुर्ग का शव दूसरे दिन बरामद हुआ। मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सखुआ गांव वार्ड नंबर-9 निवासी स्व़ राजदेव राम के 52 वर्षीय पुत्र गोरख राम है।

### पुलिस स्कॉर्ट वाहन ने बाइक सवार दंपति को मारी टक्कर

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** चरपोखरी थाना के चरपोखरी स्थित राइस मिल के समीप बुधवार की दोपहर पुलिस की स्कॉर्ट वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए चरपोखरी पीएचसी से सदर अस्पताल लाया गया। जख्मी चरपोखरी थाना क्षेत्र के मझिआंव गांव निवासी दीनदयाल सिंह का 30 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार है। उसके भतीजे मिथिलेश कुमार ने बताया कि बुधवार की दोपहर वह बाइक से पत्नी के साथ चरपोखरी बाजार गए थे। पेट्रोल पंप पर तेल लेकर जब वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पुलिस स्कॉर्ट वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

### पीरो बीईओ ने संभाला चरपोखरी का प्रभार

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** पीरो के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज सिंह ने चरपोखरी प्रखंड के बीइओ का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया। बुधवार को प्रखंड संसाधन केंद्र पहुंचे श्री सिंह का वहां मौजूद शिक्षकों व शिक्षा विभाग के कर्मियों ने स्वागत किया। पूर्व में यहां बीइओ का प्रभार प्रखंड विकास पदाधिकारी मोनिका कुमारी के पास था लेकिन हाल ही में उनका तबादला अन्यत्र हो जाने के कारण बीइओ का पद खाली था। ऐसी स्थिति में जिला शिक्षा पदाधिकारी भोजपुर ने पीरो बीइओ को चरपोखरी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा। यहां बीइओ का स्वागत करने वालों में जीतेन्द्र कुमार, रीतेश श्रीवास्तव, अरविंद कुमार, जावेद अहमद सहित कई अन्य शिक्षक व कर्मी शामिल थे।

## दो शातिर गिरफ्तार, बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे

**आरा/चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)।** जिले की चरपोखरी थाना पुलिस को वाहन चेकिंग के दौरान मंगलवार को अहम उपलब्धि हासिल हुई। इस दौरान हथियार व कारतूस के साथ दो बदमाशों को गिरतार किया, उनके पास से एक अवैध लोडेड पिस्तौल, दो मैंगजीन, 11 जिंदा कारतूस, दो मोबाइल और बिना नंबर की बाइक बरामद हुआ। इसकी जानकारी पीरो एसडीपीओ ह सेतू द्वारा प्रेस कन्फ्रेंस कर दी गई।

**पिस्तौल, मैगजीन, कारतूस, मोबाइल और बाइक बरामद**


उन्होंने बताया कि एसपी राज के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 7 जुलाई को चरपोखरी थाना द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा



रहा था। इसी दौरान एक बिना रजिस्ट्रेशन की काले रंग की यामाहा आरवन-5 बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवको को रोकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखकर दोनों ने मुड़कर भगाने का प्रयास किया, लेकिन सशस्त्र बलों ने घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। एसडीपीओ ने बताया पकड़े गए लोगों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव निवासी रमेश चौधरी का पुत्र विकास चौधरी उर्फ गोलू चौधरी तथा नारायणपुर थाना क्षेत्र के चासी गांव निवासी संतोष पांडेय का पुत्र विशाल कुमार है। वर्तमान में विशाल कुमार चरपोखरी थाना क्षेत्र के कोयल गांव में रहता है। तलाशी के दौरान उनके पास से एक लोडेड पिस्तौल, दो मैगजीन ,11 जिंदा कारतूस, दो मोबाइल तथा एक बाइक बरामद हुआ। गिरतार विकास चौधरी उर्फ गोलू चौधरी का आपराधिक इतिहास रहा है। वह पूर्व में उदवंतनगर थाना के दो मामलों में आर्म्स एक्ट का आरोपी रहा है। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसने दानापुर से 1लाख 60 हजार रुपए में पिस्टल खरीदा था। दोनो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। एसडीपीओ ने बताया गिरतार दोनों पर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## केंद्रीय विद्यालय का निर्माण पूरा होने तक मानो बैजनाथ उच्च विद्यालय, कुल्हड़िया में चलेगा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर जिले में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को लेकर जिला प्रशासन द्वारा की गई पहल अब मूर्त रूप लेने लगी है। जिला पदाधिकारी, भोजपुर, श्री तनय सुल्तानिया के निदेशानुसार केंद्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु सभी आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया गया है। केंद्रीय विद्यालय की स्थायी स्थापना हेतु जिला प्रशासन द्वारा लगभग 05 एकड़ भूमि उपलब्ध करा दी गई है। केंद्रीय विद्यालय संगठन के साथ भूमि हस्तांतरण से संबंधित आवश्यक अनुबंध (एग्रीमेंट) की प्रक्रिया भी पूर्ण हो चुकी है। इसके उपरांत केंद्रीय विद्यालय के स्थायी भवन के निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ



किया जा रहा है। स्थायी भवन के निर्माण पूर्ण होने तक केंद्रीय विद्यालय के सुचारु एवं निर्बाध संचालन के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा मानो बैजनाथ प्लस टू विद्यालय, कुल्हड़िया में अस्थायी व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। इसके अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय के संचालन हेतु पर्याप्त संख्या में कक्ष उपलब्ध कराए गए हैं। इन सभी कक्षों का आवश्यक मरम्मत, अनुरक्षण, रंग-रोगन तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं का विकास जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण करा लिया गया है ताकि विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक आधारभूत व्यवस्थाएं पूर्ण किए जाने के उपरांत केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा उक्त परिसर में केंद्रीय विद्यालय के अस्थायी संचालन की अविलंब स्वीृति प्रदान कर दी गई है। जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार केंद्रीय विद्यालय के स्थायी भवन निर्माण की प्रक्रिया को भी प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। स्थायी परिसर के निर्माण के उपरांत केंद्रीय विद्यालय अपने नवीन भवन में संचालित होगा।

## 50 लाभुकों के खातों में भेजी गयी आपदा प्रबंधन की राशि

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** अपर समाहर्ता (आपदा) द्वारा 50 पात्र लाभुकों के खातों में प्रति लाभुक 4 लाख की दर से कुल 2 करोड़ की अनुग्रह अनुदान राशि का हस्तांतरण आज जिला पदाधिकारी, तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता (आपदा), कमर आलम द्वारा विभिन्न आपदा घटनाओं से प्रभावित पात्र लाभुकों के बैंक खातों में 2 करोड़ की अनुग्रह अनुदान राशि का हस्तांतरण किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता (आपदा) ने कहा कि आपदा प्रभावित परिवारों को त्वरित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि



आपदा सहायता से संबंधित सभी मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी पात्र लाभुक का दावा अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। जिला प्रशासन, भोजपुर द्वारा आपदा प्रभावित परिवारों को निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप त्वरित राहत एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

## सनोज राम की बरामदगी को लेकर माले व आरवाइए का प्रतिरोध मार्च

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बिहिया प्रखंड के गंज निवासी सनोज राम की सकुशल बरामदगी की मांग को लेकर भाकपा-माले एवं आरवाइए ने प्रतिरोध मार्च निकाला। यह मार्च भाकपा-माले जिला कार्यालय श्रीटोला से निकलकर शहर के विभिन्न मांगों से होते हुए आरा रेलवे स्टेशन परिसर पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। प्रतिरोध मार्च को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक शिवप्रकाश रंजन ने कहा कि 13 अगस्त 25 को सनोज राम मजदूरी करने दोघरा गये थे। शाम में अपने भाई को मोबाइल पर कहा कि मुझे धरहरा मुसहर टोली के पास से उत्पाद विभाग की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उत्पाद विभाग के थाने में गये तो परिवार के लोगों भगा दिया गया। जब वे गिरफ्तार किए गए थे तब पत्नी का तीन माह का बच्चा था। बाद में कुपोषण के कारण जन्म के बाद ही बच्चे की मृत्यु हो गई। उनके पिताजी ने तब अगले दिन बिहिया थाने में आवेदन दिया लेकिन आज तक उस आवेदन पर कार्रवाई नहीं की गयी। सांसद सुदामा प्रसाद ने जिलाधिकारी से मिलकर सनोज राम की सकुशल बरामदगी की मांग की थी लेकिन आजतक सनोज राम बरामद नहीं हुए। उनके पिताजी गौरीशंकर राम ने दो माह पहले हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया तब हाईकोर्ट ने दोषी पुलिस के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। प्रतिरोध मार्च में सुधीर सिंह, संगीता सिंह, क्यामुद्दीन अंसारी, शब्बीर कुमार, दिलराज प्रीतम, जयशंकर आदि मौजूद थे।

### अधिवक्ता द्वय के निधन पर शोक नो वर्क आज

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला बार एसोसिएशन आरा के दो अधिवक्ता मनीष कुमार (सब जज कटिहार सिविल कोर्ट में कार्यरत) एवं अधिवक्ता अभय कुमार सिंह का बुधवार को असामायिक निधन हो गया। वरीय अधिवक्ता विद्या निवास सिंह उर्फ दीपक सिंह ने कहा कि सब जज बनने से पहले दिवंगत मनीष कुमार आरा अधिवक्ता भवन के टेबुल नम्बर-17 पर वकालत करते थे। वही अधिवक्ता अभय कुमार सिंह जो वरीय अधिवक्ता रामाधार सिंह के टेबुल पर वकालत करते थे। उन्होंने बताया गुरुवार को आरा सिविल कोर्ट में शोक सभा आयोजित होगी।

## अग्नि सुरक्षा व फायर ऑडिट की समीक्षा



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** अपर समाहर्ता (आपदा) की अध्यक्षता में अग्नि सुरक्षा एवं फायर ऑडिट के संबंध में विभिन्न कोचिंग संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, होटलों एवं अन्य सार्वजनिक उपयोगिता भवनों के स्टेकहोल्डर्स के साथ समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में सभी संबंधित संस्थानों को अग्नि सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने तथा निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप समयबद्ध रूप से फायर ऑडिट कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं कार्यशीलता, कम-से-कम दो सुरक्षित आपातकालीन निकास, निर्बाध निकासी मार्ग, आपातकालीन संकेतक तथा विद्युत सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। अपर समाहर्ता (आपदा) ने स्पष्ट किया कि अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित संस्थान के विरुद्ध नियमानुसार कठोर प्रशासनिक एवं विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## अत्याधुनिक ऑडिटोरियम को लेकर टोपोग्राफिकल सर्वे पूरा

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** श्रीत्रिदंडी देव राजकीय डिग्री कॉलेज में प्रस्तावित अत्याधुनिक ऑडिटोरियम निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। निर्माण स्थल का टोपोग्राफिकल सर्वे सफलतापूर्वक पूरा किया गया। सर्वे के आधार पर अब ऑडिटोरियम का विस्तृत तकनीकी डिजाइन तैयार किया जाएगा। पटना की अमूल्य डिजाइनर्स एंड इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड की टीम ने कंपनी के निदेशक मुकेश नारायण सिन्हा के नेतृत्व में सर्वेक्षण किया। इस दौरान निर्माण स्थल की भौगोलिक एवं स्थलाकृतिक स्थिति, भूमि के स्तर, माप, ढाल सहित अन्य तकनीकी पहलुओं का विस्तृत अध्ययन किया गया। सर्वे से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर वैज्ञानिक एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप अडिटोरियम की रूपरेखा तैयार की जाएगी।



महाविद्यालय के प्राचार्य ड. गुलाब फलाहारी ने कहा कि अत्याधुनिक अडिटोरियम बनने से कलेज में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी, सेमिनार, कार्यशाला, सांस्तिक कार्यक्रम और विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के आयोजन के लिए आधुनिक आधारभूत सुविधा उपलब्ध होगी। इससे विद्यार्थियों के शैक्षणिक, सांस्तिक और व्यक्तित्व विकास को नई दिशा मिलेगी। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य संतोष तिवारी ने कहा कि यह परियोजना महाविद्यालय के विकास में नई उपलब्धि साबित होगी। उन्होंने विश्वास

**श्री त्रिदंडी देव कॉलेज को मिलेगा अत्याधुनिक ऑडिटोरियम**

जताया कि कुलपति ड़ शैलेंद्र चतुर्वेदी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए प्राचार्य डॉ गुलाब फलाहारी इस महत्वाकांक्षी परियोजना को पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ आगे बढ़ाएंगे। महाविद्यालय प्रशासन ने सर्वेक्षण कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने पर अमूल्य डिजाइनर्स एंड इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड की टीम की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि परियोजना के आगामी सभी चरण भी निर्धारित समय-सीमा में पूरे होंगे। प्रशासन के अनुसार अडिटोरियम का निर्माण संस्थान के शैक्षणिक एवं आधारभूत विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

### आइसा ने मांगें पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** छात्र संगठन आइसा की एसबी कॉलेज इकाई ने बुधवार को कॉलेज की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. अभिनव आनंद को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो कॉलेज परिसर में आंदोलन किया जाएगा। आइसा की बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी प्रधानाचार्य तथा मौके पर उपस्थित मुन्ना कुमार ज्योति को तीन सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। संगठन के नेताओं ने कहा कि छात्र-छात्राओं से जुड़े मुद्दों का शीघ्र समाधान किया जाना चाहिए। मौके पर आइसा के जिला सह सचिव साहिल अरोरा, एसबी कॉलेज अध्यक्ष राजन कुमार, उपाध्यक्ष मनीष मंजिल, सह सचिव कुमारी श्रेया आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### एक अदद सड़क को तरस रहा प्रतापपुर गांव

**कुर्था(एसएनबी)।** एक तरफ राज्य सरकार सुबह में सड़कों की जाल बिछाने की बात करती है। गांव से लेकर शहरों तक की सड़क को पक्की कारण की दावा करती है लेकिन कुर्था थाना क्षेत्र के परतापुर गांव के एक छोटे से टोल जहां के लोगों को आज भी कच्ची सड़क पर कर अपने घर जाना पड़ता है। इस संबंध में मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने बताया कि उक्त सड़क निर्माण की मांग को लेकर अरवल जिलाधिकारी को मांग का ज्ञापन सोपा है। उन्होंने बताया कि कुर्ता सकुराबाद मुख्य पथ के समीप स्थित प्रतापपुर गांव जहां दर्जनों की संख्या में मकान निर्मित है। हालांकि आधी अधूरी पीसीसी का निर्माण टकराया गया है लेकिन आधे पीसीसी का निर्माण नहीं कराया जाने से गांव के अधिकांश लोगों को कच्ची सड़क होकर पार करने पड़ते हैं। जिससे बरसात के दिनों में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अरवल जिलाधिकारी से मांग की है कि समय रहते परतापुर गांव को मुख्य सड़क से जोड़ा जाए ताकि आम अवाम को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो सके।



### कुर्था पुलिस ने किया तीन वारंटी को गिरफ्तार भेजा जेल

**कुर्था (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक डॉ नवजोत सिमी के निर्देश पर चलाए जा रहे छापेमारी अभियान के तहत कुर्था थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में छापेमारी अभियान चलाकर तीन वारंटी को गिरफ्तार किया। इस संबंध में कुर्था थानाध्यक्ष चंदन कुमार झा ने बताया कि अरवल एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे थे। छापेमारी अभियान के तहत कुर्था थाना कांड संख्या 87 / 26 के अभियुक्त सिद्धू साब के पुत्र राजेंद्र प्रसाद ब राजेंद्र प्रसाद के पुत्र नागेंद्र कुमार उर्फ लालमोहन को गिरफ्तार किया गया जबकि 88/26 कांड संख्या के तहत बैजनाथ साब के पुत्र गोपाल प्रसाद गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दी गई। छापेमारी अभियान में थानाध्यक्ष के अलावा कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

### मोबाइल छीनने वाला चोर गिरफ्तार मोबाइल हुआ बरामद

**कुर्था(एनएसबी)।** बिगत दिनों कुर्था थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के समीप एक युवक से मोबाइल चोरो द्वारा छीन ली गई थी। जिसके बाद पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए छीने गए मोबाइल को बरामद कर लिया। साथ ही चोर को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दी! इस संबंध में सूचक जहानाबाद जिले के नया टोला निवासी प्यारे साव के पुत्र श्रवण कुमार ने बताया कि मेरी छोटी बेटी माया कुमारी हाथ में मोबाइल लेकर खेल रहा था तभी दो व्यक्ति मोबाइल छीनकर भाग गए। इस संबंध में कुर्था थानाध्यक्ष चंदन कुमार झा ने बताया कि मोबाइल छिनतई का मामला सामने आया था। जिसमें ललित दास के पुत्र मुन्ना कुमार व महेंद्र राम के पुत्र अमित कुमार जांच के क्रम में पाया गया कि यही दोनों मोबाइल छीनकर भागे थे। हालांकि उन्होंने बताया कि ललित दास के पुत्र मुन्ना कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। वही अमित कुमार की गिरफ्तारी के लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। चोरी गई मोबाइल को भी बरामद कर लिया गया है साथ ही बरामद किए गए मोबाइल जहानाबाद जिले के नया टोला गांव निवासी प्यारे साव के पुत्र श्रवण कुमार को दे दी गई है।

### स्कूली छात्र-छात्राओं का शुरू हुआ त्रैमासिक प्रथम परीक्षा

**कुर्था(एनएसबी)।** राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, विहार शिक्षा विभाग बिहार सरकार के निर्देश पर वर्ग 1 से 8 तक या स्कूली छात्र-छात्राओं का त्रैमासिक प्रथम परीक्षा 2026-27 का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों का प्रथम त्रैमासिक परीक्षा को लेकर स्कूली छात्र-छात्राओं को शिक्षा विभाग के निर्देश पर विद्यालय के ब्लॉक बोर्ड पर अंकित प्रश्न पत्र दिए गए हैं। जहां बच्चे उसे प्रश्न पत्र का हल कर विद्यालय में कॉपी जमा करेंगे इस संबंध में विद्यालय का प्रधानाचार्य डॉक्टर रामजी ठाकुर ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर वर्ग एक से वर्ग आठ तक त्रैमासिक प्रथम परीक्षा संपन्न हुआ। जिसमें 870 छात्र छात्राएं शामिल हुए उन्होंने कहा कि परीक्षा के माध्यम से बच्चों में शैक्षणिक व मानसिक विकास होता है किसी का उद्देश्य से बच्चों को परीक्षा ली जाती है, ताकि बच्चे परीक्षा में बेहतर करें तथा आने वाले दिनों में उन्हें अपर क्लास दिया जाए इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य के अलावा कई शिक्षक व शिक्षिका शामिल थे।

### राजद नेता दिनेश यादव के निधन पर शोक की लहर

**जहानाबाद (एनएसबी)।** मखदुमपुर प्रखंड के सेरथुआ गांव निवासी राजद नेता एवं कोहरा पंचायत अध्यक्ष दिनेश यादव का पटना में इलाज के दौरान हृदय गति रुक जाने से मंगलवार को असामयिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन को परिवार, समाज और पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया गया। दिवंगत दिनेश यादव के पैतृक आवास पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों,



**विधायक सुबेदार दास समेत सैकड़ों लोगों ने अंतिम दर्शन कर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि**

सामाजिक कार्यकताओं, पार्टी नेताओं एवं स्थानीय लोगों ने पहुंचकर अंतिम दर्शन किए तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सभी ने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवार को इस दुखद घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में विधायक सुबेदार दास, एससी/एसटी कर्मचारी संघ, जहानाबाद के जिला अध्यक्ष डॉ. अरविंद चौधरी, राजद के प्रधान महासचिव परमहंस राय, जिला प्रवक्ता डॉ. शशी रंजन उर्फ पप्पू, राजद नेता राज प्रेम यादव, दिनेश ठाकुर, सुमन सिद्धार्थ, उपेंद्र मंडल, सुरेश यादव (पैक्स अध्यक्ष), मिथिलेश यादव, संतोष यादव, रंजीत कुमार, सांसद प्रतिनिधि मुन्ना जी, अशोक जी, मुंगेश्वर यादव, अंबिका यादव, सांसद के पीए ओम जी, अनिल पासवान, राधेश्याम यादव, दुर्गा यादव, आरजू मुखिया सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### जनगणना-2027 की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिड़ वाई भूटिया ने बुधवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित समीक्षा बैठक में सांख्यिकी एवं जनगणना-2027 की तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में कृषि, जीवनांक, स्वास्थ्य सांख्यिकी तथा आगामी जनगणना से संबंधित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी तैयारियां समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरी करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने कृषि सांख्यिकी के तहत फसल कटनी प्रयोग, सामान्य जिन्सवार आंकड़ों एवं प्रक्षेत्र मूल्यांकन से जुड़े प्रतिवेदनों का शत-प्रतिशत संकलन एवं निर्धारित समय-सीमा में प्रेषण सुनिश्चित करने को कहा। वहीं जीवनांक सांख्यिकी की समीक्षा में जन्म एवं मृत्यु निबंधन की प्रगति का आकलन करते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन और समय पर पंजीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य सांख्यिकी के अंतर्गत मेडिकल सर्टिफिकेशन ऑफ कॉज ऑफ डेथ (टउउऊ) से संबंधित प्रतिवेदनों को नियमित एवं गुणवत्तापूर्वक उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। बैठक में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत प्रस्तावित मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही 20 से 23 जुलाई तक आयोजित होने वाले जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारियों का आकलन करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण सांख्यिकीय एवं प्रशासनिक प्रक्रिया है,

# राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में जिला स्तरीय रेड रन का हुआ आयोजन

**मेहंदिया (एनएसबी)।** बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति पटना के तत्वावधान में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, अरवल में जिला स्तरीय "रेड रन 2026" का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा रेड रिबन क्लब की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाना था।

प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ दौड़ पूरी कर स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. प्रणव कुमार ने कहा कि "रेड रन 2026 जैसे आयोजन युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक संदेश देने का प्रभावी माध्यम हैं।" कॉलेज नोडल पदाधिकारी श्रीमती प्रियंका कुमारी ने कहा कि "रेड रिबन क्लब के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में एचआईवी/एड्स जागरूकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ किया है। खेल प्रभारी प्रो. अमरजीत पासवान ने कहा कि "इस प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन और फिटनेस के प्रति रुचि को बढ़ावा दिया। भविष्य में भी ऐसे आयोजन नियमित रूप से किए जाएंगे।"मीडिया प्रभारी प्रो. संतोष कुमार ने बताया कि "रेड रन 2026 केवल एक दौड़ प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एचआईवी या एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने का एक प्रभावी अभियान है। विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने इस जिला स्तरीय आयोजन को पूरी तरह सफल बनाया।"कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, रेड रिबन क्लब के सदस्यों एवं स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया गया।'



उद्घाटन करते अतिथि।

## शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने को आशा कार्यकताओं का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित



**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिले में शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र (डीआरसीसी), जहानाबाद में जहानाबाद एवं काको प्रखंड की सभी आशा कार्यकताओं एवं आशा फैसिलिटेटरों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिड़ वाई भूटिया, सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य समिति तथा दोनों प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि जहानाबाद को शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव वाला जिला बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी आशा कार्यकताओं को निर्देश दिया कि प्रत्येक गर्भवती महिला का प्रथम तिमाही में पंजीकरण, कम-से-कम चार प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) तथा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सभी आवश्यक जांच समय पर सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक गर्भवती महिला का संस्थागत प्रसव हर हाल में कराया जाए तथा यदि कोई महिला अस्पताल में प्रसव के लिए तैयार नहीं हो तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को दी जाए।

**डीएम बोलींझ्र उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिलेगा सम्मान, लगातार खराब प्रदर्शन पर होगी चयनमुक्ति**

जिला पदाधिकारी ने कहा कि आशा कार्यकताओं के कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली आशा कार्यकताओं को सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया जाएगा, जबकि लगातार खराब प्रदर्शन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार चयनमुक्ति की कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान पिछले एक वर्ष में सर्वाधिक संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराने वाली जहानाबाद एवं काको प्रखंड की 20-20 उत्कृष्ट आशा कार्यकताओं को सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण में जननी बाल सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

## उर्दू भाषा छात्र-छात्रा राज्य प्रोत्साहन योजना अंतर्गत वाद विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अरवल (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में उर्दू भाषा छात्र-छात्रा राज्य प्रोत्साहन योजना अंतर्गत वाद विवाद प्रतियोगिता 2025 26 का शुभारंभ जिला पदाधिकारी अमृषा बैस की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में उर्दू भाषा छात्र-छात्रा राज्य प्रोत्साहन योजना अंतर्गत वाद-विवाद प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिले में उर्दू भाषा के संरक्षण, संवर्धन तथा छात्र-छात्राओं में तार्किक चिंतन, अभिव्यक्ति क्षमता एवं बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। सर्वप्रथम अपर समाहर्ता द्वारा जिला पदाधिकारी को पौधा देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि उर्दू भाषा हमारी साझा सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, तर्कपूर्ण विचार रखने की कला तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करती हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को पूरी निष्ठा, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि सफलता निरंतर अभ्यास, ज्ञानार्जन और आत्मविश्वास से प्राप्त होती है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की यह योजना विद्यार्थियों की प्रतिभा को उचित मंच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। विद्यार्थियों को इस अवसर का भरपूर लाभ उठाते हुए अपनी भाषा दक्षता, विचार शक्ति एवं व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान देना चाहिए। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं शिक्षण सस्थानों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा निर्धारित विषयो पर प्रभावशाली एवं तार्किक ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का संचालन निर्धारित नियमावली के अनुसार किया गया तथा निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों के प्रदर्शन का निष्पक्ष मूल्यांकन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार और



कार्यक्रम का उद्घाटन करते डीएम।

## सेवानिवृत्त प्रभारी प्रधानाध्यापक मेघन मोची के निधन से शोक की लहर



**जहानाबाद (एनएसबी)।** जहानाबाद के मोदनगंज प्रखंड अंतर्गत ग्राम पितंबरपुर (वर्तमान बिजली कॉलोनी, जहानाबाद) निवासी एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय, दमुहां के सेवानिवृत्त प्रभारी प्रधानाध्यापक स्वर्गीय मेघन मोची का आज दिनांक 08 जुलाई 2026 को पूर्वाह्न लगभग 2:30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन का समाचार क्षेत्र के लिए अत्यंत हृदयविदारक एवं दुखद है। स्वर्गीय मेघन मोची के निधन से उनके परिवार, शिक्षा जगत, कर्मचारी संघ एवं समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। वे एक कर्तव्यनिष्ठ, सरल, मिलनसार एवं समाजहित के प्रति समर्पित शिक्षक थे। उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति दें। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में एससी/एसटी कर्मचारी संघ, जहानाबाद के जिला अध्यक्ष डॉ. अरविंद चौधरी (प्रभारी अध्यक्ष), जिला सचिव रामजीवन पासवान, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश कुमार, उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रसाद, राम सिहासन दास, राजकुमार निराला, अर्जुन राम, अशोक प्रियदर्शी, विजेंद्र चौधरी, महेंद्र चौधरी, उदय कुमार, राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव परमहंस राय, जिला महासचिव विनोद यादव, रामप्रवेश पासवान, अनिल कुमार, दीपक कुमार, विजय चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, राम लखन मांझी, प्रेम रजक एवं डॉ. अशोक पासवान सहित अनेक गणमान्य लोगों ने स्वर्गीय मेघन मोची को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके निधन को समाज एवं शिक्षा जगत की अपूरणीय क्षति बताया।

**परिवार, शिक्षा जगत एवं समाज को अपूरणीय क्षति, विभिन्न संगठनों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि**

### ग्रामीण विकास मंत्रालय की टीम ने किया बराबर गुफा का भ्रमण

**जहानाबाद।** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की उच्चस्तरीय टीम ने बुधवार को जहानाबाद जिले के ऐतिहासिक बराबर गुफा का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान टीम ने गुफा की ऐतिहासिक एवं स्थापत्य कला की सराहना करते हुए जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। टीम में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के मुख्य नियंत्रक लेखा श्री अखिलेश झा (ICAS-1996), उप सचिव डॉ. मोनिका भूतुनगुरू (क्ढर-2014), हिमाचल प्रदेश कैडर, निदेशक (आईटी), बीआरडीएस, पटना तथा वरिष्ठ लेखा पदाधिकारी शामिल थे। गया जिले में VB-G RAM G योजना के निरीक्षण के बाद टीम जहानाबाद पहुंची, जहां जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए गाइड राकेश कुमार ने बराबर गुफा के इतिहास, स्थापत्य एवं सांस्कृतिक महत्व की विस्तृत जानकारी दी।

## बराबर श्रावणी मेला में मिलेगी बेहतर मोबाइल नेटवर्क सुविधा

**जहानाबाद (एनएसबी)।** आगामी बराबर श्रावणी मेलाझ्र2026 के सफल आयोजन तथा श्रद्धालुओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्बाध दूरसंचार सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिड़ वाई भूटिया की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में बीएसएनएल, एयरटेल एवं जियो के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला पदाधिकारी ने जिले में उपलब्ध मोबाइल टावरों एवं नेटवर्क सेवाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि श्रावणी मेला के दौरान बराबर क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे समय में मोबाइल नेटवर्क बाधित होने से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करने तथा आवश्यक सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान में कठिनाई होती है। वहीं सिद्धेश्वरनाथ मंदिर एवं बराबर गुफाओं के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भी नेटवर्क संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं के समाधान के लिए जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी की निगरानी में संबंधित टेलीकॉम कंपनियों को मेला अवधि के दौरान अस्थायी सीओडब्ल्यू (उी'' ङ्मल्ल हीी'२) टावर उपलब्ध कराने तथा नेटवर्क कवरेज को सुदृढ़ एवं निर्बाध बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में निदेशक, डीआरडीए डॉ. रोहित कुमार मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा, मंडल अधीक्षक बीएसएनएल, जहानाबाद तथा एयरटेल और जियो के नोडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**डीएम ने बीएसएनएल, एयरटेल और जियो अधिकारियों को अस्थायी सीओडब्ल्यू टावर लगाकर निर्बाध नेटवर्क उपलब्ध**



## राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम एवं सहयोग शिविरों के प्रभावी संचालन को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

**जहानाबाद (एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिड़ वाई भूटिया की अध्यक्षता में सहयोग शिविर एवं आगामी राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम के प्रभावी संचालन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी भौतिक रूप से उपस्थित रहे, जबकि प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। जिला पदाधिकारी ने बताया कि आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को सहयोग शिविर आयोजित किए जाते हैं। वहीं, जिन मामलों में शिकायतकताओं की संतुष्टि नहीं हो पाती, उनके गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार को मुख्यमंत्री सचिवालय, पटना में राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। बैठक में राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम के लिए चयनित तीन आवेदनों की समीक्षा की गई। इनमें नगर पंचायत मखदुमपुर, नगर परिषद जहानाबाद एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी से संबंधित मामलों पर विस्तार से चर्चा करते हुए जिला पदाधिकारी ने स्थल निरीक्षण एवं वास्तविक तथ्यों के आधार पर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सहयोग पोर्टल पर 10 दिनों से अधिक समय से लंबित आवेदनों की भी समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों एवं सिविल सर्जन को प्राथमिकता के आधार पर मामलों का निस्तारण करने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर अद्यतन प्रतिवेदन पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सहयोग कार्यक्रम का उद्देश्य केवल शिकायतों का निष्पादन नहीं, बल्कि आम नागरिकों की समस्याओं का स्थायी एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

